राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

हर खबर की खबर

नई दिल्ली, पटना, एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran







11 टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा बार...

राजन बोलें-कृषि व डेयरी पर समझौते में... 10



वर्ष : 16 ■ अंक : 88 ■ नई दिल्ली, शुक्रवार, 01 अगस्त, 2025 ■ विक्रम संवत् 2082 ■ पेज : 12 ■ मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# कौन होगा बीजेपी का नया बॉस.....इन चार राज्यों में बॉस की नियुक्ति के बाद होगा तय

प्रात : किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष कब मिलेगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है। बीजेपी के संविधान के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव तभी हो सकता है जब करीब 50 प्रतिशत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में संगठनात्मक चुनाव पूरे हो जाएं। खबरों के अनुसार, बीजेपी जल्दी ही उत्तर प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक और त्रिपुरा में नए प्रदेश अध्यक्षों का ऐलान करेगी, जिसके बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी। इन राज्यों में संगठनात्मक चुनाव अभी पूरे नहीं हुए हैं या प्रदेश अध्यक्षों के कार्यकाल समाप्त हो गए हैं, जिससे राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में देरी हो रही है। फिलहाल भूपेंद्र सिंह चौधरी यूपी प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी देख रहे हैं, लेकिन उनका कार्यकाल समाप्त हो चुका है। यह बीजेपी के लिए सबसे बड़ा और अहम राज्य है, इसलिए यहां की नियुक्ति पूरे संगठन पर असर डाल सकती है। इसके अलावा गुजरात में भी प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति प्रक्रिया अंतिम चरण में है और जल्द ही नए अध्यक्ष के नाम का ऐलान हो सकता है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का गृह राज्य होने के कारण यह चयन बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वहीं दक्षिण के राज्य कर्नाटक में संगठनात्मक चुनावों में देरी के कारण अभी तक नया प्रदेश अध्यक्ष नहीं चुना गया है। कर्नाटक दक्षिण भारत में बीजेपी का मजबूत गढ़ माना जाता है। पूर्वोत्तर भारत के त्रिपुरा राज्य में राजीव भट्टाचार्य 2022 से प्रदेश अध्यक्ष हैं। अब पार्टी यहां भी नए नेतृत्व की ओर बढ़ रही है। दरअसल बीजेपी के संविधान के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव तभी संभव है जब देश के आधे से ज्यादा राज्यों में संगठनात्मक चुनाव हो चुके हों। लेकिन अभी तक कई राज्यों, खासकर उत्तर प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक और त्रिपुरा में यह प्रक्रिया अधूरी है। इतना ही नहीं 21 जुलाई को उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के अप्रत्याशित इस्तीफे ने भी इस चुनाव प्रक्रिया को अधर में डाल दिया है। अब पार्टी का पूरा ध्यान नए उपराष्ट्रपति के चुनाव पर केंद्रित हो गया है। अध्यक्ष बनने की प्रक्रिया : बीजेपी के संविधान की धारा-19 और 20 के तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव एक तय प्रक्रिया से होता है। इसके लिए एक इलेक्टोरल कॉलेज तैयार किया जाता है जिसमें राष्ट्रीय परिषद और प्रदेश परिषद के सदस्य होते हैं। उम्मीदवार का कम से कम 15 साल का प्राथमिक सदस्य होना जरूरी होता है और उसे 20 प्रस्तावक मिलने चाहिए, जो 5 अलग-अलग राज्यों से हों जहां संगठनात्मक चुनाव पूरे हो चुके हों। इसके बाद वोटिंग होती है और मतगणना के बाद परिणाम घोषित किया जाता है। संक्षेप में, बीजेपी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चयन तब तक संभव नहीं है जब तक यूपी, गुजरात, कर्नाटक और त्रिपुरा जैसे राज्यों में संगठनात्मक नियुक्तियां पूरी नहीं होतीं और आधे से ज्यादा राज्यों में संगठनात्मक चुनाव संपन्न नहीं हो जाते।



## मौसम

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 45% |
| नहीं | 55% |
| कह नहीं सकते | 10% |

## बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 1,01,370 |
| चांदी | 1,10,000 |
| सेंसेक्स | 81,185 |
| निफ्टी | 24,768 |

## संसद ने की निसार उपग्रह को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित किए जाने पर वैज्ञानिकों की प्रशंसा

नई दिल्ली। लोकसभा ने गुरुवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के संयुक्त प्रयास के तहत जीएसएलवी रॉकेट से नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) उपग्रह को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित किए जाने को लेकर वैज्ञानिकों की प्रशंसा की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन समवेत होते ही इस बारे में सदस्यों को सूचित करते हुए कहा बुधवार को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से जीएसएलवी-एफ16 रॉकेट के माध्यम से नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) उपग्रह का सफल प्रक्षेपण, भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान की एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

## सेना उप प्रमुख सुब्रमणि 39 वर्ष की उल्लेखनीय सेवा के बाद सेवानिवृत

नई दिल्ली। लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह अगले उप सेना प्रमुख (वीसीओएएस) होंगे। मौजूदा उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि सेना में 39 वर्षों की सेवा के बाद गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए। नए वीसीओएएस 01 अगस्त को अगले उप सेना प्रमुख का पदभार ग्रहण करेंगे। उन्हें लेबनान और श्रीलंका में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में विदेशी युद्ध का अनुभव है। अगले उप सेना प्रमुख भारतीय सैन्य अकादमी के पूर्व छात्र हैं और उन्हें दिसंबर, 1987 में 4 पैरा (विशेष बल) में कमीशन दिया गया था।

# पीएम मोदी से कोई भी काम धमकी देकर नहीं कराया जा सकता

## कवि कुमार विश्वास ने भारत पर टैरिफ लगाने पर ट्रंप को दी नसीहत

प्रात : किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से होने वाले आयात पर 25 फीसदी टैरिफ और अतिरिक्त जुमार्ने का ऐलान कर दिया है। यह फैसला 1 अगस्त से लागू होगा। ट्रंप ने कहा है कि यह फैसला भारत की ओर से रूस से सैन्य उपकरण और ऊर्जा खरीदने को लेकर किया है। ट्रंप के टैरिफ लगाने के ऐलान के बाद अब सियासी घमासान शुरू हो गया है। कवि कुमार विश्वास ने कहा कि जो लोग पीएम मोदी को थोड़ा सा भी जानते हैं उन्हें मालूम है कि उनसे कोई भी काम धमकी देकर कोई नहीं करा जा सकता। ऐसे उन्होंने यूएस राष्ट्रपति को खास नसीहत दी है।

कुमार विश्वास ने एक्स पर पोस्ट में लिखा- राष्ट्रपति ट्रंप के जो भी सलाहकार हैं वे उन्हें भारत के बारे में दो सलाह गलत दे गए। पहली तो यह कि ये संघर्ष और चुनौती को अपने अंतिम आदमी तक ले जाने वाला नया भारत है और अब इसे लड़कर जीतने की धीरे-धीरे आदत सी हो गई है। उन्होंने आगे कहा कि दूसरे यह कि जो लोग पीएम मोदी को थोड़ा सा भी जानते हैं उन्हें मालूम है कि उनसे कोई भी काम धमकी देकर कोई नहीं कराया जा सकता। उल्टे आपत्ति और चुनौती के समय तो पीएम मोदी की कार्यक्षमता और दक्षता सर्वोत्तम होती है। कुल मिलाकर ट्रंप समेत दुनिया के सभी दादाओं से निवेदन है कि अपनी तेल-चटाई चाहे पाकिस्तान ले जाएं या चीन, भारत के विकास और शक्ति की बीन तो यूं ही बजेगी। विश्वास का ये ट्वीट ऐसे समय में आया जब एक दिन पहले ही ट्रंप ने टैरिफ की घोषणा की है। ट्रंप ने कहा है कि याद रखिए, भले ही भारत हमारा मित्र है, लेकिन सालों से हमने भारत के साथ अपेक्षाकृत बहुत कम व्यापार किया है, क्योंकि उनके टैरिफ बहुत ज्यादा हैं। अमेरिका को भारत के साथ व्यापार घाटे का सामना करना पड़ रहा है।







### पीएम ने शाह के 'अभूतपूर्व' भाषण की सराहना की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर हुई चर्चा में गृह मंत्री अमित शाह के जवाब की सराहना करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने आतंकी नेटवर्कों को जड़ से उखाड़ फेंकने समेत राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित सरकार का रुख स्पष्ट रूप से व्यक्त किया। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट में, विदेश मंत्री एस जयशंकर के 'असाधारण' भाषण की भी प्रशंसा की। मोदी ने कहा कि उन्होंने आतंकवाद को वैश्विक ध्यान का विषय बनाने के भारत के प्रयासों पर जोर दिया, ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से देश की उचित प्रतिक्रिया और सरकार द्वारा नागरिकों की सुरक्षा बढ़ाने के तरीके का उल्लेख किया। शाह के भाषण का लिंक पोस्ट करते हुए, उन्होंने कहा, 'राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह का एक अभूतपूर्व भाषण। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकवादी नेटवर्कों को जड़ से उखाड़ फेंकने और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से संबंधित प्रमुख पहलुओं पर हमारी सरकार का दृष्टिकोण स्पष्ट रूप से व्यक्त किया।'

पहलगाम आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित चर्चा समाप्त होने पर बुधवार को शाह और जयशंकर दोनों ने सदन में भाषण दिया। मोदी ने बुधवार को कहा था कि राज्यसभा में सदन के नेता और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने भी विस्तार से बताया था कि कैसे ऑपरेशन सिंदूर ने राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए अपने उद्देश्यों को पूरा किया। उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार ने 22 अप्रैल के आतंकवादी हमले का पूरी दृढ़ता और संकल्प के साथ जवाब दिया।

# मोदी ने अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया : राहुल

■ उन्होंने यह दावा भी किया कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता ट्रंप की शर्तों पर होगा और प्रधानमंत्री मोदी वही करेंगे, जो अमेरिकी राष्ट्रपति कहेंगे।

प्रात : किरण, एजेंसी



नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान का समर्थन किया है, जिसमें उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था को 'मरा हुआ' बताया था। राहुल गांधी ने इस बयान को सही ठहराते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उद्योगपति गौतम अडानी पर तीखा हमला बोला। राहुल गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को छोड़कर सब जानते हैं कि भारत एक 'डेड इकोनॉमी' (बर्बाद अर्थव्यवस्था) है तथा भारतीय जनता पार्टी ने यह स्थिति पैदा की है। उन्होंने यह दावा भी किया कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता ट्रंप की शर्तों पर होगा और प्रधानमंत्री मोदी वही करेंगे, जो अमेरिकी राष्ट्रपति कहेंगे। इसके अलावा, एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने लिखा, 'भारतीय अर्थव्यवस्था मर चुकी है। मोदी ने इसे खत्म कर दिया। 1. अडानी-मोदी साझेदारी, 2. नोटबंदी और त्रुटिपूर्ण जीएसटी, 3. असफल ₹असेम्बल इन इंडिया₹, 4. एमएसएमई का सफाया, 5. किसानों को कुचले गए। मोदी ने भारत के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है क्योंकि नौकरियां नहीं हैं।'

ट्रंप ने भारत से आयात पर 25 प्रतिशत का शुल्क (टैरिफ) लगाने की घोषणा करने के कुछ घंटों बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत और रूस अपनी ''मरी हुई अर्थव्यवस्थाओं'' को एक साथ गर्त में ले जा सकते हैं और उन्हें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। अमेरिकी राष्ट्रपति की इस टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर राहुल गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''वह सही हैं। प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के सिवाय हर कोई जानता है कि भारत की अर्थव्यवस्था 'बर्बाद अर्थव्यवस्था' है। मुझे खुशी है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने तथ्य सामने रखा है।''

उन्होंने कहा, ''क्या आपको मालूम नहीं है कि भारत की अर्थव्यवस्था एक बर्बाद अर्थव्यवस्था है। भाजपा ने अर्थव्यवस्था को खत्म कर दिया है। आप लोग (मीडिया) हैरान क्यों लग रहे हैं? '' कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया, ''भारत के सामने आज मुख्य मुद्दा है कि इस सरकार ने हमारी आर्थिक नीति को तबाह कर दिया, हमारी रक्षा नीति को तबाह कर दिया और हमारी विदेश नीति को तबाह कर दिया। वे देश को रसातल में ले जा रहे हैं।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''प्रधानमंत्री सिर्फ एक व्यक्ति (गौतम) अदाणी के लिए काम करते हैं। सारे छोटे कारोबार खत्म कर दिए गए।'' कांग्रेस नेता ने दावा किया, ''आप देख लीजिएगा, यह समझौता होगा। ट्रंप तय करेंगे कि यह समझौता कैसे होगा और मोदी वहीं करेंगे जो ट्रंप कहेंगे।'' उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर की एक टिप्पणी का हवाला देते हुए कहा, ''विदेश मंत्री कहते हैं कि हमारी शानदार विदेश नीति है। एक तरफ अमेरिका आपको गाली दे रहा है, दूसरी तरफ चीन आपके पीछे पड़ा हुआ है। पूरी दुनिया में आप प्रतिनिधिमंडल भेजते हैं तो पाकिस्तान की एक भी देश निंदा नहीं करता है।''

राहुल गांधी ने आरोप लगाया, ''ये लोग (मोदी सरकार) देश को कैसे चला रहे हैं। इन्हें देश चलाना नहीं आता है। पूरी तरह ऊहापोह की स्थिति है।'' प्रधानमंत्री मोदी के लोकसभा में दिए गए भाषण का हवाला देते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, ''उन्होंने ट्रंप का नाम नहीं लिया, चीन का नाम नहीं लिया। यह भी नहीं बोले कि किसी देश ने पाकिस्तान की निंदा नहीं की। पहलगाम में जिसने हमला कराया, उसके (आसिम मुनीर के) साथ बैठकर ट्रंप लंच कर रहे हैं। और ये कह रहे हैं कि हमें बड़ी सफलता मिली है? कौन सी सफलता मिली है?'' राहुल गांधी ने कहा, ''ट्रंप ने 30-32 बार यह बोला है कि उन्होंने युद्धविराम करवाया। ट्रंप ने यह भी बोला कि हिंदुस्तान के पांच जहाज गिरे। अब ट्रंप ने बोला है कि 25 प्रतिशत शुल्क लगाऊंगा। क्या किसी ने सवाल पूछा कि नरेन्द्र मोदी जी जवाब क्यों नहीं दे पा रहे हैं।''उन्होंने कहा, ''नियंत्रण किसके हाथ में है, बात समझिए।''

# जगदीप धनखड़ ने मांगी थी बुलेटप्रूफ कार, सरकार ने दे दी इनोवा?

■ उप राष्ट्रपति सचिवालय ने बीएमडब्ल्यू कारों के पुराने होने की कही थी बात

प्रात : किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे चुके जगदीप धनखड़ अपने काफिले में नई बुलेटप्रूफ कार चाहते थे। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि धनखड़ के कार्यालय की तरफ से इस संबंध में केंद्र सरकार को सूचना भी दी गई थी, लेकिन बाद में उन्हें बगैर बुलेटप्रूफ गाड़ी दे दी गई। धनखड़ ने 22 जुलाई को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का हवाला देकर पद से इस्तीफा दे दिया था। रिपोर्ट के मुताबिक बीते साल फरवरी में उप राष्ट्रपति सचिवालय की तरफ से तत्कालीन उपराष्ट्रपति धनखड़ के लिए नई बुलेटप्रूफ गाड़ियां मांगी गई थीं। उस दौरान बीएमडब्ल्यू कारों के पुराने होने की बात कही गई थी। इसके बाद केंद्रीय गृहमंत्रालय ने जून में इसकी जांच के लिए समिति गठित करने का फैसला किया था। रिपोर्ट के मुताबिक नवंबर में धनखड़ को बगैर बुलेटप्रूफ इनोवा कार देने का फैसला लिया गया। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि उपराष्ट्रपति सचिवालय ने अतिरिक्त सचिव को भेजे पत्र में लिखा था।

# अमेरिका को आत्मनिर्भरता से जवाब देगा भारत : मायावती

प्रात : किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से होने वाले आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ और अतिरिक्त दंडात्मक शुल्क लगाने का ऐलान किया है। यह फैसला 1 अगस्त से लागू होगा। ट्रंप के इस ऐलान पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। मायावती ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मित्र देश बताने के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय आयात पर 1 अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क और रूस से तेल आयात करने पर पेनाल्टी लगाने से संबंधित इस फैसले को केंद्र सरकार को एक अवसर के रूप में लेना चाहिए और आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम उठाकर देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित होने से बचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों, छोटे व मझोले उद्योगों और राष्ट्रहित के साथ कोई समझौता न करने का आश्वासन दिया है और अब उसे इस वादे पर खरा उतरकर दिखाना होगा। मायावती ने आगे कहा कि भारत, जो दुनिया की सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश है और जहां अधिकतर लोग गरीब व मेहनतकश हैं, वहां हर व्यक्ति को काम देने वाली नीतियों के सही अमल से देश आत्मनिर्भर बन सकता है। इससे न केवल 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' का लक्ष्य हासिल होगा, बल्कि संविधान के मानवतावादी और कल्याणकारी उद्देश्यों के अनुरूप जनता और देश का हित सुरक्षित रहेगा, जिससे भारत एक सुखी और समृद्ध राष्ट्र बन सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रूथ सोशल' पर कहा, भारत हमेशा से रूस से अधिकांश सैन्य आपूर्ति खरीदता आया है और चीन के साथ मिलकर रूस से ऊर्जा खरीदने वाला सबसे बड़ा खरीदार है।



# भारत के पूर्वोत्तर राज्यों से हो रही नशीले पदार्थों की तस्करी

प्रात : किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। म्यांमार में अफीम की खेती के बढ़ते रुझान ने भारत के लिए एक गंभीर सुरक्षा चुनौती खड़ी कर दी है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, म्यांमार से अफीम और सिंथेटिक ड्रग्स की तस्करी भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के माध्यम से हो रही है। यह रुझान केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि आंतरिक सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा है। बता दें कि भारत और म्यांमार के बीच 1,643 किमी लंबी सीमा है, जो अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर और मिजोरम से होकर गुजरती है। इसी सीमा का उपयोग तस्कर अफीम, हेरोइन, गांजा, और एम्फेटामाइन टाइप स्टिमुलेंट्स (एटीएस) जैसे नशीले पदार्थों की घुसपैठ के लिए करते हैं। एनसीबी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, सिर्फ 2024 में ही भारी मात्रा में ड्रग्स जब्त किया गया है। मिजोरम से 849 किग्रा एटीएस, 742 किग्रा गांजा, 204.23 लीटर कोकीन, 134.30 किग्रा हेरोइन। त्रिपुरा से 29,530 किग्रा गांजा, 9.39 किग्रा कोकीन। असम से 26,217 किग्रा गांजा, 78 किग्रा एटीएस, 0.36 किग्रा कोकीन, 186.40 किग्रा हेरोइन जब्त किया गया। वहीं मणिपुर से 130 किग्रा गांजा, 49 किग्रा एटीएस, 22.32 किग्रा हेरोइन पकड़ा है।

# मालेगांव विस्फोट मामला : विशेष अदालत ने सभी सातों आरोपियों को बरी किया

प्रात : किरण, एजेंसी

मुंबई। मुंबई की एक विशेष अदालत ने सितंबर 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत सभी सातों आरोपियों को बृहस्पतिवार को बरी कर दिया। इस विस्फोट में छह लोग मारे गए थे और 101 अन्य घायल हुए थे। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के मामलों की सुनवाई के लिए नियुक्त विशेष न्यायाधीश ए के लाहोटी ने अभियोजन पक्ष के मामले और जांच में कई खामियों को उजागर किया और कहा कि आरोपी व्यक्ति संदेह का लाभ पाने के हकदार हैं।

मुंबई से लगभग 200 किलोमीटर दूर मालेगांव शहर में 29 सितंबर 2008 को एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल में लगाए गए विस्फोट उपकरण में विस्फोट होने से छह लोगों की मौत हो गयी थी और 100 से अधिक लोग घायल हो गए थे।



न्यायाधीश ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि मामले को संदेह से परे साबित करने के लिए कोई "विश्वसनीय और ठोस" सबूत नहीं है। अदालत ने कहा कि इस मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधान लागू नहीं होते। अदालत ने यह भी कहा कि यह साबित नहीं हुआ है कि विस्फोट में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल ठाकुर के नाम पर पंजीकृत थी, जैसा कि अभियोजन पक्ष ने दावा किया था।

उसने कहा कि यह भी साबित नहीं हुआ है कि विस्फोट कथित तौर पर मोटरसाइकिल पर लगाए गए बम से हुआ था। इससे पहले सुबह, जमानत पर रिहा सातों आरोपी दक्षिण मुंबई स्थित सत्र अदालत पहुंचे जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। इस मामले के आरोपियों में ठाकुर, पुरोहित, मेजर (सेवानिवृत्त) रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी शामिल थे। उन सभी पर यूएपीए और भारतीय दंड संहिता तथा शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आतंकवादी कृत्य करने का आरोप था।

**आदेश** 'ये मुद्दा देशभर में बहस का विषय रहा है और यदि समय रहते इसे नहीं रोका गया, तो यह लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर सकता है।'

# सुप्रीम कोर्ट ने स्पीकर को 10 बीआरएस विधायकों की अयोग्यता पर 3 महीने में फैसला लेने का दिया निर्देश

प्रात : किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। तेलंगाना में बीआरएस के 10 विधायकों की अयोग्यता मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष को तीन महीने में फैसला लेने का निर्देश दिया है। इन 10 बीआरएस विधायकों ने कांग्रेस पार्टी ज्वॉइन की थी, लेकिन तेलंगाना विधानसभा के अध्यक्ष ने इनकी अयोग्यता पर लंबे समय तक कोई फैसला नहीं लिया।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मामले में सुनवाई करते हुए तेलंगाना विधानसभा के अध्यक्ष को निर्देश दिया कि वह 10 बीआरएस के विधायकों की अयोग्यता पर तीन महीने में फैसला लें। इस बीच, 'दल-बदल' पर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा, 'ये मुद्दा देशभर में बहस का विषय रहा है और यदि समय रहते इसे नहीं रोका गया, तो यह लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर सकता है।' सुप्रीम कोर्ट ने संसद में दिए गए कई नेताओं के भाषणों का हवाला दिया। कोर्ट ने राजेश पायलट और देवेंद्रनाथ मुंशी जैसे सांसदों के भाषणों का जिक्र करते हुए कहा कि विधायक या सांसद की अयोग्यता तय करने का अधिकार स्पीकर को इसलिए दिया गया, ताकि अदालतों में समय बर्बाद न हो और मामला जल्दी सुलझे।



सुनवाई के दौरान कोर्ट के समक्ष यह दलील दी गई कि अनुच्छेद 136 और 226 व 227 के तहत स्पीकर के निर्णयों पर न्यायिक समीक्षा की सीमाएं बहुत संकीर्ण हैं। यह भी कहा गया कि चूंकि यह मुद्दा सुप्रीम कोर्ट की एक बड़ी पीठ के समक्ष लंबित है, इसलिए मौजूदा सुनवाई नहीं होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में इन दलीलों का उल्लेख किया।इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तेलंगाना हाईकोर्ट की खंडपीठ के आदेश को रद्द किया और निर्देश दिया कि कथित तौर पर सत्तारूढ़ कांग्रेस में शामिल होने वाले 10 बीआरएस विधायकों के खिलाफ अयोग्यता की कार्यवाही 'यथाशीघ्र और तीन महीने के भीतर' तय की जाए। बीआरएस नेता केटी रामाराव, पाडी कौशिक रेड्डी और केपी विवेकानंद ने ये याचिकाएं दायर की थीं, जिनमें तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष को लंबित अयोग्यता याचिकाओं पर कार्रवाई करने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, शुक्रवार, 01 अगस्त, 2025




## संक्षिप्त समाचार

### पतंजलि के पूर्व कर्मचारी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**पथरी, एजेंसी।** थाना क्षेत्र स्थित पतंजलि ऑर्गेनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट के एक पूर्व कर्मचारी पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। संस्थान ने इस संबंध में पथरी थाना में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि केवल संस्थान की प्रतिष्ठा को नुकसान नहीं पहुंचाया, बल्कि कंपनी के नाम पर वितरकों से नकद वसूली कर राशि निजी उपयोग में ली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पतंजलि ऑर्गेनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट के प्रतिनिधि गिरीश जोशी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि संस्थान जैविक खाद, उर्वरक, कीटनाशक और बीज आदि के निर्माण और वितरण का कार्य करता है। वर्ष 2018 में मध्य प्रदेश के गुना व शिवपुरी क्षेत्र में कंपनी की ओर से विपणन एवं वितरण की जिम्मेदारी राधेश्याम श्रीवास्तव को सौंपी गई थी। राधेश्याम श्रीवास्तव निवासी ऐंचवाड़ा शिवपुरी मध्य प्रदेश कंपनी के उत्पादों के ऑर्डर एकत्र कर वितरकों को आपूर्ति कराते थे। आरोप लगाया कि उसने कंपनी के नाम पर बिना अनुमति और जानकारी के वितरकों से नकद रकम एकत्र की, लेकिन उसे कंपनी खाते में जमा नहीं किया। उसने राव अर्जुन सीड्स एंड एग्रो इंडस्ट्रीज से 2.26 लाख 656, पालीवाल कृषि सेवा से 21,521, राजेंद्र ट्रेडर्स से 35,280 और गोयल कृषि सेवा सदन से 71,100 की वसूली कर राशि हड़प ली। आरोप है कि एक दिसंबर 2020 से 30 जून 2024 के बीच यह गड़बड़ियां की गईं। आरोप लगाया कि इस हरकत से न सिर्फ कंपनी को करीब साढ़े तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है, बल्कि संस्थान की साख को भी आघात पहुंचा है। थाना प्रभारी मनोज नौटियाल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### लोअर पीसीएस का प्रारंभिक परीक्षा परिणाम जारी

**हरिद्वार, एजेंसी।** उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से उत्तराखंड सम्मिलित राज्य सिविल/अवर अधीनस्थ सेवा (लोअर पीसीएस) प्रारंभिक परीक्षा-2024 का परिणाम जारी कर दिया गया है। इसमें 1771 अभ्यर्थियों की ओर से बाजी मारी गई है। आयोग की ओर से नायब तहसीलदार, उप कारापाल, पूर्ति निरीक्षक, विपणन निरीक्षक, श्रम प्रर्वतन अधिकारी, आबकारी निरीक्षक, खांडसारी निरीक्षक, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक और गन्ना विकास निरीक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती परीक्षा कराई जा रही है। अभ्यर्थियों की प्रारंभिक परीक्षा 11 मई को आयोजित कराई थी। अभ्यर्थी परीक्षा परिणाम आयोग की अधिकृत वेबसाइट पर देख सकते हैं। आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि मुख्य परीक्षा 13 और 14 सितंबर को कराई जानी प्रस्तावित है, जिसमें प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे।

### जानकीचट्टी पैदल मार्ग पर नौकैंची के पास बोल्डर आने से आवाजाही बाधित

**बडकोट (उत्तरकाशी), एजेंसी।** प्रदेश में लगातार हो रही बारिश आफत बनकर बरस रही है। जगह-जगह सड़कें बंद हैं। यमुनोत्री हाईवे पर नौकैंची के पास भारी बोल्डर आए हैं।यमुनोत्री जानकीचट्टी पैदल मार्ग नौकैंची के पास बोल्डर आने से आवाजाही बाधित हो गई। लगातार बारिश ने मुश्किल बढ़ाई हुई है। यमुनोत्री मंदिर समिति के पूर्व सचिव सुरेश उनियाल ने बताया कि आज रात भी बोल्डर पत्थर उसी जगह के पास गिरे जहां पर पिछले माह चट्टानी बोल्डर पत्थरों के आने से चार श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत हुई थी। नौकैंची के अलावा भंडेलीगाड के पास बोल्डर पत्थरों के गिरने की सूचना है। वहीं द्वितीय केदार मदमहेश्वर की यात्रा भी ठप है। गौंडार गांव के समीप सरस्वती नदी पर बना अस्थायी पुल क्षतिग्रस्त हो गया।

# उत्तराखंड के 550 सरकारी स्कूलों को उद्योगपति लेंगे गोद

**देहरादून, एजेंसी।**
उत्तराखंड के सरकारी स्कूलों की दशा सुधारने के लिए सरकार तमाम प्रयास कर रही है. जहां एक ओर राज्य सरकार स्कूलों को आधुनिक बनाए जाने के लिए क्लस्टर योजना पर काम कर रही है तो वहीं दूसरी ओर प्रदेश के तमाम सरकारी स्कूलों में व्यवस्थाओं को बेहतर करने के लिए गोद लेने की प्रक्रिया का भी रोडमैप तैयार किया है.




इसी कड़ी में राजभवन में भविष्य के लिए तैयार स्कूलों के निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जहां सरकारी स्कूलों में आधुनिकीकरण और बेहतर शैक्षणिक वातावरण के लिए सीएसआर निधि से होने वाले विकास के लिए शिक्षा विभाग व तमाम उद्योग जगत के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए.

इनके साथ हुए रूस्र पर साइन- इस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग ने आईजीएल, रिलैक्सो फुटवियर, कन्विजीनियस, ताज ग्रुप और गोंडवाना रिसर्च के साथ समझौता ज्ञापन यानी एमओयू पर साइन किए. राज्य सरकार की ओर से शिक्षा के आधुनिकीकरण और बेहतर शैक्षणिक वातावरण देने के लिए उद्योग जगत के साथ मिलकर एक नई पहल शुरू की गई है. जिसके तहत प्रदेश के 550 राजकीय प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में ये पहल शुरू की जा रही है.

इसमें ज्यादातर विद्यालय पर्वतीय क्षेत्र के शामिल किए गए हैं. ताकि, विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बीच स्थित इन विद्यालयों में सीएसआर फंड (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) से अवस्थापना सुविधाओं के साथ मॉडल क्लास रूम, कंप्यूटर लैब, साइंस लैब, पुस्तकालय, फर्नीचर, शौचालय, खेल सामग्री, खेल मैदान और चारदीवारी समेत अन्य सुविधाओं से लैस किया जा सके.

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कही ये बात- वहीं, राज्यपाल गुरमीत सिंह ने इस पहल से जुड़े उद्यमियों और समाजसेवियों से कहा कि केवल सीएसआर निधि के जरिए आर्थिक सहायता देना पर्याप्त नहीं है. जिस विद्यालय को गोद लिया गया है, उससे आत्मीय जुड़ाव, स्नेह, समर्पण और बच्चों से नियमित संवाद भी बहुत जरूरी है.

राज्यपाल ने आग्रह किया कि जब भी अवसर मिले, गोद लिए गए विद्यालय का भ्रमण करें. वहां के बच्चों के साथ समय बिताएं और अपने परिवारजनों को भी उस विद्यालय से जोड़ें. इस तरह की भागीदारी से बच्चों में प्रेरणा का संचार होगा और शिक्षा एक जीवंत सामाजिक आंदोलन बनेगी.

550 सरकारी स्कूलों को लिया जा रहा गोद- वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड के 550 सरकारी विद्यालयों को देश के प्रतिष्ठित उद्योग समूहों और प्रवासी उत्तराखंडियों की ओर से गोद लिया जा रहा है. शैक्षणिक इतिहास में यह एक ऐतिहासिक निर्णय है, जो प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा. इसके तहत स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम, पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशालाएं, खेल सामग्री, स्वच्छ शौचालय, कंप्यूटर लैब जैसी आधुनिक सुविधाओं को विकसित किया जाएगा. सीएम धामी ने कहा कि राज्य में बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए हर विकासखंड के 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्रों को भारत भ्रमण पर भेजने की शुरुआत भी की गई है. राज्य में पहली बार 12वीं के व्यावसायिक छात्रों के लिए रोजगार मेलों का आयोजन किया गया, जिसके जरिए 146 बच्चों का बड़ी कंपनियों में चयन भी हुआ है. उन्होंने बताया हमारी विरासत पुस्तक के माध्यम से कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों को भारत की संस्कृति, लोक परंपरा और देश प्रदेश की महान विभूतियों से परिचित कराने का काम भी किया जा रहा है.

## सात साल पहले हुई पत्नी की हत्या, अब ट्यूशन टीचर पति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**हल्द्वानी, एजेंसी।** पत्नी की हुई हत्या के 7 साल बाद पति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है. पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है. बताया जा रहा है कोतवाली क्षेत्र के बेड़ापोखरा फूलचौड़ क्षेत्र में ट्यूशन टीचर की बुधवार को घर में ही करंट लगने से मौत हो गई.

ट्यूशन टीचर की पत्नी की सात साल पूर्व बदमाशों ने घर में लूटपाट कर हत्या हुई थी. तब पति को भी बदमाश मार मार कर अधमरा कर गए थे. हालांकि उनकी सात साल की बेटी अनन्या रिश्तेदारी में जाने से बच गइ थी. उस समय हत्याकांड हल्द्वानी शहर में चर्चा का विषय बना. हत्याकांड का खुलासा करने के लिए पुलिस की कई टीमें लगी. बाद में पुलिस दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था. इसके बाद ट्यूशन टीचर ने दूसरी शादी कर ली थी. 7 साल बीत जाने के बाद ट्यूशन टीचर की भी मौत हुई है. शांतिपुरी निवासी 47 वर्षीय भुवन चंद्र भट्ट हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र के बेड़ापोखरा में रहते थे.

## दुकान के लिए एक बार 50 हजार दिए, अब हर माह देते थे दो हजार

**हरिद्वार, एजेंसी।** राजाजी टाइगर रिजर्व की रेंज में मनसा देवी मंदिर मार्ग पर अवैध दुकानों का बड़ा खेल सामने आया है। आरोप है कि ये दुकानें मोटी रकम लेकर लगवाई गई थीं। बड़े स्थानों के लिए एकमुश्त 50 हजार और हर महीने दो हजार रुपये की वसूली की जा रही थी। यह रकम पार्क के कुछ कर्मचारियों की ओर से ली जाती थी। इस गोरखधंधे का खुलासा खुद दुकानदारों ने नाम और पहचान उजागर न करने की शर्त पर किया है। उन्होंने बताया कि चंडी देवी मंदिर मार्ग और आसपास भी ऐसी ही स्थिति है। अब पूरा मामला सामने आने के बाद राजाजी पार्क प्रशासन सवालों के घेरे में है।मनसा देवी मंदिर मार्ग पर हाल में हुई भगदड़ की घटना के बाद अब नए-नए चौंकाने वाले मामलों की परत दर परत खुलने लगीं। अधिकांश दुकानें तो बंद मिलीं, लेकिन दुकान चलाने वाले कुछ लोग मिले। जब उन्हें विश्वास में लेकर बातचीत की गई तो एक के बाद एक राज खुलने लगे। नाम और पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर दुकान लगाने वाले व्यक्ति ने बताया कि बड़े स्थान पर दुकान के लिए शुरुआत में उन्होंने 50 हजार रुपये दे दिए थे, लेकिन अब हर महीने दो हजार रुपये उनसे वसूले जाते थे। यह रकम राजाजी पार्क के कर्मचारियों को दी जाती थी। रकम ऊपर तक जाती है।

दूसरे दुकानदार ने बताया कि छोटी सी दुकान के लिए उन्होंने शुरुआत में पहले 15 हजार रुपये एकमुश्त दिए थे। अब इस जगह की एवज में हर महीने एक हजार रुपये अदा करते थे। तीसरे ने कहा कि यहां जैसी जगह होती है, उसी के अनुसार किराया फिक्स है। छोटी या बड़ी जगह के अनुरूप ही पैसे तय है। चौथे दुकानदार ने बताया कि उनके परिचित चंडी देवी मंदिर मार्ग पर दुकान लगाते हैं। वहां भी वन विभाग के कर्मचारियों को पैसे देते हैं। कहता है कि ऐसे कौन दुकान लगने देगा। पैसे नहीं देंगे तो दुकानें हटवा दी जाएंगी।

मार्ग पर ही दुकान लगवाने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि मनसा देवी मंदिर परिसर में बनी दुकानों का रेट अलग है। कुछ पुजारी दुकानों का शुरुआत में शुल्क लेते हैं। करीब दो लाख तक सालाना दिया जाता है। इसके बाद फिर राजाजी पार्क के कर्मचारियों को शुल्क दिया जाता है।

# मछली पालन बदल रहा किसानों की जिंदगी, पौड़ी गढ़वाल में 4 साल में दोगुने हुए मछली पालक

**पौड़ी गढ़वाल, एजेंसी।**
जनपद पौड़ी गढ़वाल में मत्स्य पालन के क्षेत्र में कृषकों की रुचि तेजी से बढ़ रही है. पिछले चार वर्षों में मछली पालन क्षेत्र से जुड़ने वाले किसानों की संख्या में दोगुनी वृद्धि दर्ज की गई है. इसके साथ ही मत्स्य उत्पादन में भी उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी हुई है, जिससे यह क्षेत्र स्थानीय किसानों के लिए लाभकारी व्यवसाय बनता जा रहा है.



मछली पालन को बनाया व्यवसाय- कृषक अनिल रावत जो पिछले दस वर्षों से मत्स्य पालन से जुड़े हैं, ने बताया कि उन्होंने वर्तमान में 1,500 मछलियों के बीज तालाब में डाले हैं. उनके अनुसार यह कार्य न केवल आर्थिक रूप से लाभकारी है, बल्कि इससे युवाओं को रोजगार का भी अवसर मिल रहा है. उन्होंने कहा कि पौड़ी गढ़वाल क्षेत्र में मुनाफे की संभावनाओं को देखते हुए अधिक से अधिक किसान इस क्षेत्र की ओर आकर्षित हो रहे हैं.

पौड़ी गढ़वाल में 600 से ज्यादा किसान कर रहे मछली पालन- जनपद के प्रभारी मत्स्य अधिकारी अभिषेक मिश्रा ने जानकारी दी कि वर्तमान में जिले में 600 से अधिक किसान मत्स्य पालन कर रहे हैं. यहां तिलापिया और पंगास समेत विभिन्न प्रकार की मछली प्रजातियों पर काम किया जा रहा है.

विभाग की ओर से किसानों को तकनीकी सहायता और प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है, जिससे उत्पादन गुणवत्ता में सुधार हो रहा है. पौड़ी जैसे पहाड़ी क्षेत्र में मत्स्य पालन का बढ़ता रुझान न केवल कृषि आधारित आय के नए रास्ते खोल रहा है, बल्कि यह क्षेत्रीय आर्थिक विकास में भी अहम भूमिका निभा रहा है.

मछली पालन से आत्मनिर्भरता- गौरीकोट गांव के ग्रामीण अनिल रावत बीते 10 वर्षों से खेती और मछली पालन के जरिए आर्थिक आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश कर रहे हैं. अनिल रावत ने बताया कि उन्होंने खेती के साथ ही शुरुआत से ही मछली पालन को अपनाया, जिसमें आज उन्हें अच्छी आमदनी हो रही है. उन्होंने कहा कि पहाड़ों में जल की कमी नहीं है, जरूरत है तो सिर्फ सही उपयोग और तकनीक की. अनिल का मानना है कि-

उत्तराखंड 2,686 किलोमीटर लंबी नदियों से समृद्ध प्रदेश है. ये नदियां मत्स्य पालन के साथ ही मछली पकड़ने के काफी विकल्प प्रदान करती हैं. उत्तराखंड की नदियों में महाशीर और ट्राउट मत्स्य पालन प्रचलित है.

मत्य पालन विभाग द्वारा मछली पकड़ने के स्थान बनाने के लिए, उत्तराखंड की नदियों को बीटों में बांटा गया है. इन्हें स्थानीय स्वयं सहायता समूहों, महिला समूहों और युवा गृह समूहों को पट्टे पर दिया जाता है. इसके साथ ही लोग तालाब बनाकर भी मछली उत्पादन करते हैं.

# ग्राम पंचायत चलथी को मिला दिल्ली वाला प्रधान

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
धौलादेवी ब्लॉक के ग्राम पंचायत चलथी ने एक खास संदेश दिया है दिल गांव में हो तो दूरियां मायने नहीं रखतीं। दिल्ली में रहकर रोजगार कर रहे गोधन सिंह को ग्रामीणों ने अपना प्रधान चुनकर एक मिसाल पेश की है।



गोधन सिंह को 168 मत मिले, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी गोकुल सिंह को 121 मत प्राप्त हुए। कुल 412 मतदाताओं में से 305 लोगों ने मतदान किया, जिनमें से 16 मत रद्द हुए।

इस जीत की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि बड़ी संख्या में प्रवासी मतदाता दिल्ली, देहरादून और चंडीगढ़ से लंबी दूरी तय कर सिर्फ वोट डालने गांव पहुंचे। यह नजारा चलथी में लोकतंत्र के प्रति गहराई से जुड़ी भावना का प्रतीक बना।

दिल्ली में रहने वाले गोधन सिंह लंबे समय से प्रवासी जीवन जी रहे हैं, लेकिन गांव से नाता कभी नहीं टूटा। ग्रामीण विकास, शिक्षा और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर वे लगातार सक्रिय रहे। चुनाव में उन्होंने गांव लौटकर सेवा का संकल्प लिया और गांववासियों ने उन्हें भरपूर समर्थन देकर सिरमौर बना दिया।

गांव के बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक ने गोधन सिंह की साफ छवि और नीयत को देखा और वोट के जरिए उन्हें चुना। ग्रामीण किशन ने कहा जो बाहर रहकर भी गांव के लिए सोचता है, वही असली सेवक है।

चलथी पंचायत का यह परिणाम प्रवासी जनों के बढ़ते प्रभाव और उनकी स्वीकार्यता को दर्शाता है। यह कहानी सिर्फ चुनाव की नहीं, बल्कि पहाड़ से दूर रहकर भी पहाड़ के लिए धड़कने वाले दिल की है।

## युवक को कमरे में बंद करने के बाद मां-भाइयों के साथ की मारपीट

**हरिद्वार, एजेंसी।** सिडकुल थाना क्षेत्र में बाइक से छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवक को कमरे में बंद कर पीटने का मामला सामने आया है। परिजन मौके पर पहुंचे तो उनके साथ भी बदसलूकी और मारपीट की गई। पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि रोशनाबाद निवासी अंशुल पाल ने पुलिस को बताया कि 23 जुलाई की शाम करीब सात बजे काले गेट क्षेत्र गया था। वहां उसने अपनी बाइक खड़ी की और दोस्त से मिलने चला गया। जब लौटा तो एक व्यक्ति उसकी बाइक पर छेड़छाड़ कर रहा था। पूछने पर वह युवक गाली-गलौज करने लगा। विरोध किया तो उसने अपने अन्य साथियों को बुला लिया। आरोप है कि युवक ने खुद को रजनीकांत बताया और कुछ ही देर में अभिषेक, फूल सिंह, उसका साला और अन्य 5-6 अज्ञात लोग भी मौके पर पहुंच गए। इन सभी ने अंशुल को एक कमरे में बंद कर दिया और धमकी देने लगे।

आरोप है कि घटना की जानकारी अंशुल के दोस्त मोहित ने उसके परिजनों को दी। सूचना पर उसकी मां अनिता देवी और भाई आकाश पाल व विनीत मौके पर पहुंचे। आरोप है कि परिजनों के साथ भी गाली-गलौज और मारपीट की। सभी को जान से मारने की धमकी दी। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

## वकील पर कातिलाना हमले के आरोपियों को ले गई अमृतसर पुलिस

**हरिद्वार, एजेंसी।** अमृतसर में एक वकील पर फायरिंग कर कातिलाना हमला करने के आरोपियों की तलाश में पंजाब पुलिस मंगलवार को हरिद्वार पहुंची। पुलिस ने खड़खड़ी क्षेत्र में दबिश देते हुए यहां से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उन्हें अपने साथ ले गई। स्थानीय पुलिस ने इस मामले की पुष्टि की है। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को एंटी गैंगस्टर सेल अमृतसर ग्रामीण पंजाब टीम में तैनात इंस्पेक्टर अमनदीप सिंह की अगुवाई में टीम हरिद्वार पहुंची। यहां नगर कोतवाली में आमद दर्ज कराई। जानकारी दी गई कि थाना जंडियाला गुरु जिला अमृतसर ग्रामीण में कुछ दिन पहले एक वकील पर गोलियां चलाई गई थी। इस मामले में आरोपी अवि और अजयपाल सिंह गांधी निवासीगण शेखुपुरा मोहल्ला जंडियाला गुरु अमृतसर पंजाब के खिलाफ थाना जण्डियाला गुरु में हत्या के प्रयास सहित प्रभावी धाराओं में मुकदमा दर्ज है। फरार दोनों आरोपियों की लोकेशन खड़खड़ी क्षेत्र में मिली है। इसके बाद अमृतसर से आई पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से खड़खड़ी क्षेत्र में एक भवन में दबिश दी।

# पुलिस मुठभेड़ में घायल हुआ बदमाश, युवक की हत्या कर चल रहा था फरार

**रुद्रपुर, एजेंसी।**
पानी लगाने के दौरान एक युवक की गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपी को बीती रात सितारगंज पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है. मुठभेड़ में आरोपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया. जिसका इलाज सितारगंज अस्पताल में चल रहा है. टीम ने आरोपी से हत्या में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद कर लिया है.





सितारगंज कोतवाली क्षेत्र में खेत में पानी लगाने के दौरान हुए विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपी को बीती रात सितारगंज कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है. आरोपी के पैर में गोली लगी है. जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है. दरअसल 29 जुलाई की शाम को सुरजीत सिंह निवासी ग्राम सैजनी थाना सितारगंज उधम सिंह नगर खेत में पानी लगाने गया हुआ था. तभी वहां पर गांव का ही रहने वाला हरजीत सिंह भी खेत में पहुंचा और सुरजीत सिंह के साथ विवाद कर गाली गलौज करने लगा.

विवाद इतना बड़ा की आरोपी हरजीत सिंह ने अवैध तमंचे से सुरजीत पर फायर झोंक दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया. आनन-फानन में सुरजीत को सितारगंज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. हत्या के बाद से आरोपी हरजीत फरार चल रहा था. सितारगंज पुलिस आरोपी की तलाश में जगह-जगह दबिश दे रही थी. बीती देर रात मुखबिर द्वारा सूचना दी कि हत्या के मामले में फरार चल रहा आरोपी हरजीत बाइक से जंगल वाली सड़क गोठा से बसघर होते हुए हाईवे की ओर आ रहा है. सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर चेकिंग अभियान चलाया गया.

तभी टीम को एक बाइक सवार व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया. टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया तो आरोपी द्वारा बाइक को पहले ही रोक कर पुलिस टीम पर फायर झोंकते हुए जंगल की ओर भागने लगा. पुलिस द्वारा जवाबी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया. इस दौरान आरोपी के पैर पर गोली लगी. सूचना पर एसएसपी अस्पताल पहुंचे और अधीनस्थों से जानकारी ली. टीम ने आरोपी से हत्या में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद कर लिया है. आरोपी के खिलाफ सितारगंज कोतवाली में कई आपराधिक मामले दर्ज है. गौर हो कि 10 जुलाई को पुलिस ने चेकिंग के दौरान गाली गलौज करने और पुलिस के वाहन को क्षतिग्रस्त कर तमंचा दिखाकर कार लेकर फरार होने वाले तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया था. गिरफ्तारी के दौरान एक आरोपी के पैर में गोली लगने से घायल हुआ था. आरोपियों से दो तमंचे, एक चाकू और क्रेटा कार बरामद हुई थी.

## कल मैंने बीजेपी सरकार से सवाल पूछा था कि क्या उन्होंने ऑडिट कराया अगर ऑडिट कराया तो इसकी रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए : सौरभ भारद्वाज

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



नई दिल्ली, पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि कल एक प्रेस वार्ता के माध्यम से मैने भाजपा शासित दिल्ली सरकार से यह प्रश्न पूछा था, कि दिल्ली उच्च न्यायालय का 8 अप्रैल 2024 का यह निर्देश है की सरकार द्वारा कराए जाने वाले डी सिल्टिंग के कार्य का एक स्वतंत्र एजेंसी द्वारा थर्ड पार्टी ऑडिट कराया जाए और उच्च न्यायालय का यह निर्देश दिल्ली सरकार पर बाध्य है। उन्होंने कहा कि मैं जानना चाहता हूं कि क्या दिल्ली सरकार ने उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार डी सिल्टिंग कार्य का थर्ड पार्टी ऑडिट कराया? सौरभ भारद्वाज ने कहा ऐसा मैंने इसलिए पूछा था क्योंकि कई सालों से लगातार हम भी इस बात को कहते आ रहे हैं और माननीय उच्च न्यायालय ने भी इस बात को माना की डी सिल्टिंग के कार्य में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार होता है। केवल कागजों में कार्य होता है, ठेकेदारों को कार्य के बदले भुगतान कर दिया जाता है, परंतु धरातल पर कोई कार्य नहीं होता। दो दिन पहले दिल्ली में हुई थोड़ी सी बारिश के बाद पूरी दिल्ली में पैदा हुई जल भराव की समस्या इसका एक बड़ा उदाहरण है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि इस बार भी दिल्ली सरकार ने डी सिल्टिंग को लेकर बड़े बड़े दावे किए। सरकार की ओर से डी सिल्टिंग के कार्य पर करोड रुपए खर्च किया गया। परंतु इस बार भी हालत जस के तस रहे। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि कल एक प्रेस वार्ता के माध्यम से मैने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी से इस संबंध में प्रश्न पूछा था, कि सरकार ने डी सिल्टिंग का थर्ड पार्टी ऑडिट कराया है या नहीं कराया है? यदि कराया है तो उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। उन्होंने कहा कि मेरे इस प्रश्न पर दिल्ली सरकार चुप है। दिल्ली सरकार की ओर से कोई जवाब नहीं आया। परंतु बीजेपी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा जी की ओर से इस प्रश्न के जवाब में एक प्रश्न आया। उन्होंने बताया कि वीरेंद्र सचदेवा जी ने हमसे प्रश्न पूछा है, कि पिछले वर्ष दिल्ली में आपकी सरकार थी, आपने डी सिल्टिंग का थर्ड पार्टी ऑडिट क्यों नहीं करवाया? सौरभ भारद्वाज ने इस प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि पिछले वर्ष मैंने कई बार मुख्य सचिव को पत्र लिखकर डी सिल्टिंग की स्टेटस रिपोर्ट के बारे में पूछा था और साथ ही साथ डी सिल्टिंग का थर्ड पार्टी ऑडिट करने के संबंध में भी मुख्य सचिव को कई पत्र लिखे थे। अपनी बात को सत्यापित करने के लिए सौरभ भारद्वाज ने मीडिया के समक्ष एक वीडियो भी प्रसारित किया जिसमें वह उस समय के मुख्य सचिव नरेश कुमार जी तथा अन्य संबंधी अधिकारियों के साथ बैठक में डी-सिल्टिंग की स्टेटस रिपोर्ट और थर्ड पार्टी ऑडिट के बारे में प्रश्न पूछ रहे हैं। उन्होंने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद और मेरे द्वारा कई बार पत्र लिखे जाने के बावजूद भी उस समय के मुख्य सचिव नरेश कुमार जी ने डी सिल्टिंग का थर्ड पार्टी ऑडिट नहीं कराया। प्रेस वार्ता के माध्यम से सौरभ भारद्वाज ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि जाहिर है उन्हें मालूम था कि डी सिल्टिंग केवल कागजों पर हो रही है, यदि जांच हुई तो कई बड़े अधिकारी इस मामले में फसेंगे, इसीलिए भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए डी-सिल्टिंग का थर्ड पार्टी ऑडिट नहीं कराया गया। उन्होंने कहा कि मैने अपने इस पत्र में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी से यह भी अनुरोध किया है, कि वह इस बात की भी जांच कराएं की मेरे द्वारा कई बार मुख्य सचिव नरेश कुमार जी को पत्र लिखे जाने के बावजूद भी पिछले साल डी सिल्टिंग कार्य का थर्ड पार्टी ऑडिट क्यों नहीं कराया गया था? सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि मुझे ऐसा प्रतीत होता है, कि इस वर्ष भी डी सिल्टिंग कार्य का थर्ड पार्टी ऑडिट नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा यदि इस वर्ष भी थर्ड पार्टी ऑडिट नहीं हो रहा है, तो इसकी भी जांच कराई जाए कि क्यों नहीं हो रहा है? सौरभ भारद्वाज ने कहा कि उस समय के मुख्य सचिव नरेश कुमार जी भाजपा के चहेते अफसरों में से एक रहे हैं और मुझे इस बात की उम्मीद कम है, कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी उनके खिलाफ एसीबी की जांच कराएंगी। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा शासित दिल्ली सरकार इस संबंध में एसीबी जांच के आदेश नहीं देती है तो यह सिद्ध हो जाएगा, कि भाजपा की दिल्ली सरकार डी सिल्टिंग में हो रहे भ्रष्टाचार को छुपाने और उस पर पर्दा डालने के लिए पूरी तरह तत्पर है।

## विवाद में युवक की हत्या, तीन लोग गिरफ्तार एक नाबालिग भी पकड़ा गया

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



नई दिल्ली,। पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर इलाके में मोमो विक्रेता से विवाद के बाद 28 वर्षीय युवक की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी गई जबकि उसका दोस्त घायल हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना के सिलसिले में एक किशोर को पड़ा गया है तथा तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, बुधवार रात एक जन्मदिन समारोह के दौरान युवक विकास वालेचा (एक कंपनी में सेल्स मैनेजर) ने अपने दोस्तों को मोमो विक्रेता सलमान के साथ हुई हालिया बहस के बारे में बताया, फिर उन्होंने उससे भिड़ने का फैसला किया। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) अभिषेक धानिया ने कहा, रात करीब 10.30 बजे, वे तीन गाड़ियों में गाजीपुर में सीएनजी पंप के पास पेपर मार्केट गए। उन्होंने शराब की एक दुकान के पास सलमान को देखा और उससे भिड़ गए। सलमान ने इस दौरान अपने साथियों को बुला लिया और झड़प के बीच वालेचा को चाकू मार दिया गया, जबकि उसके दोस्त सुमित शर्मा का पैर टूट गया। विकास और सुमित दोनों नोएडा के सेक्टर 5 स्थित एक निजी कंपनी में काम करते थे। डीसीपी ने कहा, फरीदाबाद के एनआईटी सेक्टर 5 निवासी विकास को एलबीएस अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया जबकि शर्मा का इलाज जारी है। धानिया ने बताया कि एक पीड़ित की शिकायत के आधार पर गाजीपुर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है और इस मामले में चार लोगों को पकड़ा गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सलमान खान (24), आजाद मिश्रा (31) और मोनू मिश्रा (28) के रूप में हुई है जो सभी गाजियाबाद के खोड़ा कॉलोनी निवासी हैं। डीसीपी ने बताया कि एक 13 वर्षीय किशोर को भी पकड़ा गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हमले में इस्तेमाल किया गया एक चाकू और लोहे की एक रॉड बरामद की है। उन्होंने कहा, आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कई टीमें काम कर रही थीं। हमलावरों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। हमले में शामिल अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली पुलिस के निवर्तमान आयुक्त संजय अरोड़ा के लिए विदाई परेड आयोजित

नई दिल्ली,। दिल्ली पुलिस के निवर्तमान आयुक्त संजय अरोड़ा के लिए बृहस्पतिवार सुबह नई पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। तमिलनाडु कैडर के 1988 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी अरोड़ा ने तमिलनाडु, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में कई प्रमुख पदों पर कार्य किया है। उन्होंने एक अगस्त, 2022 को राकेश अस्थाना के स्थान पर दिल्ली आयुक्त का पदभार ग्रहण किया था। इससे पहले, दिल्ली सरकार के गृह विभाग ने जून में एक अधिसूचना जारी की थी, जिसमें कहा गया था कि अरोड़ा 31 जुलाई, 2025 को सेवानिवृत्त होंगे। विदाई समारोह परेड निवर्तमान आयुक्तों को दी जाने वाली एक पारंपरिक विदाई है। इसमें एक औपचारिक परेड और आयुक्त का भाषण होता है, जिसके बाद प्रतीकात्मक रूप से कार्यभार सौंपा जाता है।

### दिल्ली में रात भर हुई बारिश के बाद सुबह भी छाए रहे बादल अधिक बारिश का अनुमान

नई दिल्ली,। राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार रात हुई रुक-रुक कर बारिश के बाद बृहस्पतिवार सुबह बादल छाए रहे। मौसम विभाग ने दिन में और अधिक बारिश होने का अनुमान जताया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार बृहस्पतिवार सुबह साढ़े छह बजे तक मध्य दिल्ली के पूसा स्टेशन में 40 मिमी, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 38 मिमी, सफदरजंग में 34 मिमी, नजफगढ़ में 23.5 मिमी, प्रगति मैदान में 22.1 मिमी, केवी नारायण में 20.5 मिमी, लोदी रोड में 18.5 मिमी, केवी जनकपुरी में 18 मिमी और आयानगर में 13 मिमी बारिश दर्ज की गई। बारिश के कारण दिल्ली के कुछ हिस्सों में जलभराव और यातायात जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो गई। आईएमडी ने बृहस्पतिवार को हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, बारिश का यह दौर तीन अगस्त तक जारी रहने की उम्मीद है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार सुबह सात बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 58 रहा जो संतोषजनक श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

### दिल्ली-एनसीआर में पांच अगस्त तक हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान

नई दिल्ली,। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अगले दो घंटों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार लोनी देहात, हिंडन वायुसेना स्टेशन, गाजियाबाद, इंदिरापुरम, छपरौला, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद और बल्लभगढ़ के इलाकों में बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग ने बताया कि सुबह न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा और दिन का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। पिछले कई दिनों में राजधानी में हुयी भारी बारिश से दिल्लीवासियों को अनेक स्थानों पर जलभराव और यातायात जाम की समस्या का सामना करना पड़ा। जिन इलाकों में सबसे अधिक जलभराव हुआ,

## बीजेपी सांसद मनोज तिवारी 30 साल बाद कांवड़ यात्रा पर, बाबा वैद्यनाथ धाम में करेंगे जल अर्पण





**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

नई दिल्ली,। बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने गुरुवार को बताया कि वो कांवड़ यात्रा पर बैद्यनाथ धाम निकल रहे हैं। सांसद के मुताबिक ऐसा वो तीस साल बाद कर रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने कहा, ह्लसुप्रभात, जय भोले की! आज 31 जुलाई को मैं 30 साल बाद फिर से कांवड़ उठाकर बाबा वैद्यनाथ धाम जा रहा हूं। उन्होंने बताया कि आज (31 जुलाई) दोपहर 2 बजे बिहार के सुल्तानगंज से जल लेकर नंगे पांव 110 किलोमीटर की यात्रा करेंगे और 2 या 3 अगस्त को देवघर में बाबा वैद्यनाथ धाम में जल अर्पित करेंगे। आगे लिखा, प्रार्थना है कि भोले बाबा बिहार, दिल्ली और सभी सनातनियों व शिव भक्तों का कल्याण करें। मैं 3 अगस्त की शाम दिल्ली लौटूंगा। उन्होंने बोल बम के साथ अपनी पोस्ट को विराम दिया। कांवड़ यात्रा एक प्रमुख हिंदू धार्मिक परंपरा है, जो सावन मास (श्रावण मास) में आयोजित होती है। इस साल यह 11 जुलाई से शुरू हुई है और 9 अगस्त को संपन्न होगी। इस दौरान श्रद्धालु, या कांवड़िए, गंगा नदी या उसकी सहायक नदियों से पवित्र जल लेकर अपने स्थानीय शिव मंदिरों में भगवान शिव को अर्पित करते हैं। यह यात्रा आस्था, समर्पण और भक्ति का प्रतीक है। कांवड़िए नंगे पांव और कांवड़ (लकड़ी का ढांचा) पर जल भरा कलश लटकाकर सैकड़ों किलोमीटर चलते हैं। इसी क्रम में मनोज तिवारी बिहार के सुल्तानगंज से देवघर तक पदयात्रा करेंगे। दिल्ली सरकार ने शुरूआत से ही इस यात्रा को लेकर व्यापक तैयारियां की हैं। सरकार ने प्रमुख मार्गों पर पानी, चिकित्सा शिविर और शौचालय की व्यवस्था की है। यातायात प्रबंधन के लिए वैकल्पिक रास्ते बनाए गए हैं और 5,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी जारी है, जबकि धारा 144 लागू कर भीड़ नियंत्रण सुनिश्चित किया गया है। प्रशासन ने कांवड़ियों के लिए रुकने और भोजन की व्यवस्था भी की है, ताकि यात्रा सुचारू और सुरक्षित रहे।

## बारिश और जलभराव से दिल्ली-एनसीआर त्रस्त, गलियां बनीं झील, सड़कें तालाब

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

नई दिल्ली,। दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश से मौसम सुहावना हो गया है। बीती रात करीब 10 बजे से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला आधी रात के बाद तक जारी रहा। आज सुबह से कहीं हल्की बारिश की फुहारें तो कहीं झमाझम बारिश देखने को मिल रही है। नोएडा, गाजियाबाद समेत दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों में सुबह से रुक-रुककर बारिश हो रही है। बारिश से जहां एक तरफ लोगों को गर्मी से राहत मिली वहीं दूसरी तरफ सड़कें तालाब बन गई। जगह-जगह जलभराव होने से लोगों का परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। बारिश के चलते सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थम गई है। कई इलाकों में सड़कें तालाब तो गलियां और अंडरपास झीलों में तब्दील हो गए। दिल्ली-एनसीआर में रात भर बारिश रुक-रुक कर होती रही। लगातार बारिश के कारण अधिकांश सड़कों के किनारे पानी जमा हो गया है। इससे दिन निकलते ही सड़कों पर जाम की स्थिति पैदा हो गई। अलग-अलग इलाकों में वाहनों की कतार देखने को मिल रही है। राजधानी में कल शाम 5 बजे जमकर बादल बरसे। इससे लोगों को उमस से राहत मिली। जगह-जगह लोग बारिश का आनंद लेते भी नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में शाम 5:30 बजे तक सफदरजंग मानक केंद्र में 15 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस कम 32.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस कम 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार के लिए भी बारिश की संभावना जताई है। 5 अगस्त तक अधिकतम तापमान 33 से 35 के आसपास रहने का अनुमान है। 4 अगस्त तक ऐसा ही मौसम रहने के आसार राजधानी में फिर झमाझम बारिश वाला मौसम बन गया है। मौसम विभाग की मानें तो दिल्ली और एनसीआर के इलाकों में 4 अगस्त तक कमोबेश ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है। कुछ इलाकों में बिजली गिरने की घटनाएं भी हो सकती है। मौसम विभाग की मानें तो इस हफ्ते दिल्ली में अधिकतम तापमान 30 से 35 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया जा सकता है। इस दौरान कुछ जगहों पर वज्रपात की घटनाएं भी देखी जा सकती हैं। गाजियाबाद में झमाझम बारिश से कई जगह जलभराव, घरों में घुसा पानी गाजियाबाद में देर रात हुई झमाझम बारिश से कई इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। सड़कों पर लबालब पानी भर गया। कई कॉलोनियों व मोहल्लों में लोगों के घरों में भी पानी घुस गया। आधी रात को हुए जलभराव से लोगों को परेशानी भी हुई। मुख्य मार्गों के अलावा नेहरू नगर, अशोक नगर समेत विभिन्न इलाकों में देर रात कई जगह सड़कों पर घुटने तक पानी भरा हुआ था। बहुमंजिला अपार्टमेंट के बेसमेंट में भी पानी घुस गया। लोगों के पार्किंग में खड़े वाहन पानी में डूब गए। रात करीब 10 बजे से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला आधी रात के बाद तक जारी था। नोएडा की सोसाइटियों के बेसमेंट बने तालाब, दर्जनों गाड़ियां डूबी ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित सोसाइटी में रहने वाले लोगों की गाड़ियां पानी में डूब गई। देर रात हुई बारिश ने बेसमेंट में खड़ी गाड़ियों को डुबो दिया। निवासियों का आरोप है कि उन्होंने लाखों रुपए लगाकर फ्लैट लिया था समिति में हल्की सी बारिश में ही बेसमेंट में पानी भर गया पानी के निकलने की कोई भी बिल्डर की ओर से व्यवस्था नहीं की गई है जिससे उन्हें हर बारिश में परेशानी का सामना करना पड़ता है। श्री राधा स्काई गार्डन,महागुण माईवुड्स, गैलेक्सी रॉयल,अजनारा होम्स, सुपरटेक इको विलेज सहित दर्जनों सोसाइटियों में पानी बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण लोगों को अपनी गाड़ियों को निकालने में सुबह कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। ऑफिस के लिए तैयार होकर निकले लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा। कई निवासियों की आदि गाड़ियां पानी में डूब गई जिससे उनकी गाड़ियों को गद्दियां गीली हो गई। निवासियों ने बताया कि बिल्डर की ओर से उन्हें धोखा दिया गया है।

## दिल्ली के गाजीपुर इलाके में युवक की चाकू मारकर हत्या



**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

नई दिल्ली,। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के गाजीपुर इलाके में विकास नाम के युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार ये आपसी विवाद का मामला है। इस हमले में विकास का दोस्त भी जख्मी हुआ है। शुरूआती जानकारी के अनुसार, विकास नोएडा की एक इंश्योरेंस कंपनी में नौकरी करता था। कुछ समय पहले उसकी शादी तय हुई थी। बुधवार को विकास का जन्मदिन था। इस मौके पर वह एक दोस्त के साथ गाजीपुर के पेपर मार्केट गया था, जहां कार टच होने पर विवाद हुआ। इस विवाद के बाद विकास बदला लेने पहुंचा था, लेकिन वहां कई लोगों ने मिलकर चाकू से हमला कर दिया। इसमें विकास गंभीर रूप से घायल हुआ और बाद में उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि 6 से अधिक लड़कों ने विकास और उनके दोस्त सुमित को पहले बुरी तरह पीटा था। इसके बाद चाकू से हमला कर दिया। विकास का दोस्त भी हमले में गंभीर रूप से घायल हुआ है। दिल्ली पुलिस ने पुष्टि करते हुए एक बयान में कहा, गाजीपुर इलाके में विकास नाम के एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई।


**☛ रेलयात्री कृपया ध्यान दें! ☛**

**महत्वपूर्ण सूचना**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी का संचालन करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

**रेलगाड़ी सं. 04081/04082 नई दिल्ली – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – नई दिल्ली आरक्षित एक्सप्रेस विशेष — 06 फेरे**

| गाड़ी सं. 04081 | | स्टेशन ↓ ↑ | गाड़ी सं. 04082 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:45 | नई दिल्ली | 10:30 | ---- |
| 00:58 | 01:00 | पानीपत | 07:30 | 07:32 |
| 01:43 | 01:45 | कुरुक्षेत्र जं. | 06:48 | 06:50 |
| 02:32 | 02:40 | अम्बाला छावनी | 05:50 | 05:55 |
| 04:06 | 04:16 | ढंडारी कलां | 04:00 | 04:10 |
| 05:26 | 05:28 | जलंधर छावनी | 02:45 | 02:50 |
| 07:15 | 07:20 | पठानकोट छावनी | 00:45 | 00:50 |
| 09:15 | 09:25 | जम्मू तवी | 23:00 | 23:05 |
| 11:08 | 11:10 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 21:48 | 21:50 |
| 11:40 | ---- | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | ---- | 21:20 |

चलने के दिन: **04081 नई दिल्ली** से दिनांक 14, 15 एवं 16.08.2025 को तथा **04082 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 15, 16 एवं 17.08.2025 को।
स्थान: प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

2343/2025 पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे** आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## घर में बिजली का करंट लगने से भाई, बहन की मौत, पिता अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



नई दिल्ली,। दिल्ली के बेगमपुर इलाके में अपने घर पर बिजली का करंट लग जाने से एक युवक और उसकी बहन की मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से झुलसे उनके बुजुर्ग पिता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान वेल्डिंग का काम करने वाले विवेक (26) और उसकी बहन अंजू (28) के रूप में हुई है जबकि उनके पिता कालीचरण (65) का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। अंजू की तीन महीने पहले ही शादी हुई थी। उन्होंने बताया कि बेगमपुर थाने में बुधवार रात 10 बजकर 56 मिनट पर पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को सूचना मिली। खुद को पीड़ितों का पड़ोसी बताते हुए फोन करने वाले अभिषेक ने कहा, यहां लाइट कटवा दो, तीन आदमी चिपके हुए हैं। पुलिस की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची और वहां अभिषेक ने उन्हें बताया कि स्थानीय लोगों ने बिजली से झुलसे तीनों लोगों को अग्रसेन अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस उपायुक्त (रोहिणी) राजीव रंजन ने बताया कि अपराध शाखा की एक टीम और ह्यनॉर्थ दिल्ली पावर लिमिटेड के अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि 50 वर्ग गज के भूखंड पर बने इस घर में बिजली के तार खुले और असुरक्षित तरीके से लगाए गए थे और सीढ़ियों पर लगी लोहे की ग्रिल के चारों ओर तार लपेटे गए हैं। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) रंजन ने बताया कि रात करीब 10 बजे विवेक सीढ़ियों से ऊपर जा रहा था, तभी वह बिजली के तारों से छूते लोहे के एक दरवाजे के संपर्क में आ गया और उसे करंट लग गया। विवेक की चीख-पुकार सुनकर उसके पिता कालीचरण मदद के लिए दौड़े और वह भी करंट की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि घर में मौजूद अंजू ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गई। स्थानीय लोगों ने तीनों को रोहिणी के अग्रसेन अस्पताल पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों ने विवेक और अंजू को मृत घोषित कर दिया। कालीचरण को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया। मृतकों के शवों को बाद में पोस्टमार्टम के लिए संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया।

### दिल्ली के नए पुलिस कमिश्नर होंगे एसबीके सिंह, गृह मंत्रालय ने दिया एडिशनल चार्ज

नई दिल्ली,। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एसबीके सिंह को दिल्ली पुलिस कमिश्नर का एडिशनल चार्ज दिया गया है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, 1988 बैच के एजीएमयूटी कैडर के अधिकारी एसबीके सिंह 1 अगस्त, 2025 से दिल्ली पुलिस कमिश्नर का पदभार संभालेंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गुरुवार को दिल्ली पुलिस कमिश्नर पद पर नई नियुक्ति को मंजूरी दी है। मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, वर्तमान में दिल्ली होम गार्ड्स के महानिदेशक के रूप में कार्यरत एसबीके सिंह को 1 अगस्त, 2025 से अगले आदेश तक दिल्ली के पुलिस आयुक्त के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है। अगले आदेश तक वे इस पद पर बने रहेंगे।

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने आतंकवाद वित्तपोषण मामले में रशीद की याचिका पर एनआईए से जवाब मांगा



नई दिल्ली,। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आतंकवाद के वित्तपोषण मामले में आरोप तय किए जाने के खिलाफ बारामूला के सांसद अब्दुल रशीद शेख की याचिका पर बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति शालिंदर कौर की पीठ ने रशीद की याचिका पर एनआईए को नोटिस जारी किया और जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया। उच्च न्यायालय ने मामले में निचली अदालत का रिकार्ड भी मंगाया और याचिका पर अगली सुनवाई के लिए छह अक्टूबर की तिथि तय की। राशिद की याचिका को बृहस्पतिवार को पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया गया था। उन्होंने याचिका में निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें उन्हें 24 जुलाई से चार अगस्त के बीच हिरासत में रहते हुए संसद सत्र में भाग लेने के लिए प्रतिदिन 1.44 लाख रुपये का यात्रा खर्च वहन करने को कहा गया था। इस याचिका में उन्होंने अंतरिम जमानत देने का अनुरोध भी किया था। खंडपीठ ने कहा कि इन दोनों याचिकाओं पर वही पीठ सुनवाई करे, जिसने पहले बजट सत्र के दौरान उनके द्वारा दायर इसी प्रकार की याचिका पर सुनवाई की थी। साल 2017 के आतंकवाद वित्तपोषण मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत एनआईए द्वारा गिरफ्तार किए गए रशीद 2019 से तिहाड़ जेल में बंद है।

## दिल्ली में रोडरेज की घटनाओं में तीन लोग बुरी तरह घायल

नई दिल्ली,। दिल्ली में रोडरेज की अलग-अलग घटनाओं में तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पहले मामले में, द्वारका सेक्टर-10 में एक स्वल्पाहार गृह में हॉर्न बजाने से नाराज एसयूवी सवार सात से आठ लोगों ने कथित तौर पर दो लोगों पर बीयर की बोतलों और पत्थरों से हमला कर दिया। यह घटना 27 जुलाई को देर रात करीब 2.30 बजे हुई, जब छावला गांव के रहने वाले और रोहिणी अदालत में कार्यरत मनोज अपने दोस्तों कुणाल और नागेंद्र के साथ भोजन लेने के लिए इलाके में स्थित एक स्वल्पाहार गृह में गए थे। कार चला रहे मनोज ने वेटर को बुलाने के लिए हॉर्न बजाया, जिससे वहां पहले से खड़ी एक थार और बीएमडब्ल्यू कार के पास खड़े कुछ लोग नाराज हो गए। प्राथमिकी में कहा गया है, थार गाड़ी के पास खड़े एक आदमी को हॉर्न बजाना बुरा लगा और उसने हमें गालियां देनी शुरू कर दीं। इससे पहले कि हम कुछ कर पाते, बीएमडब्ल्यू और थार से सात-आठ आदमी उतर आए और मुझे पीटने लगे। जब कुणाल ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो उसे भी घसीटा गया और पीटा गया। हमलावरों ने कथित तौर पर पत्थरों और बीयर की बोतलों से हमला किया, जिससे कार के शीशे टूट गए और दोनों घायल हो गए। पुलिस के एक सूत्र ने बुधवार को बताया कि वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने पुलिस को घटना की सूचना दी जिसके बाद आरोपी अपनी गाड़ियों के साथ घटनास्थल से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जांच जारी है। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के मुनिरका क्षेत्र में 25 जुलाई को दोपहर के समय एक अन्य घटना में एक व्यक्ति को कथित तौर पर कुछ लोगों के समूह द्वारा तब तक पीटा गया, जब तक कि वह बेहोश नहीं हो गया। उसकी पिटायी इसलिए की गयी क्योंकि वह हॉर्न की आवाज सुनकर रास्ते से जल्दी नहीं हटा था। पुलिस के अनुसार, मुनिरका गांव निवासी अवधेश राय अपने बेटे को स्कूल छोड़ने के बाद घर लौट रहे थे तभी दुपहिया वाहन पर सवार एक व्यक्ति ने बाबू लाल चौक के समीप उसके पीछे से हॉर्न बजाना शुरू कर दिया। राय ने उससे कहा कि वह भी आगे बढ़ रहा है लेकिन इसके बावजूद आरोपी व्यक्ति हॉर्न बजाता रहा और उससे गाली गलौज करने लगा। उसके पीछे एक महिला भी बैठी हुई थी। जब राय ने इसका विरोध किया तो आरोपी अपने वाहन से उतरा और उससे मारपीट करने लगा। इसके बाद आरोपी ने कथित तौर पर अपने साथियों को बुला लिया, जो लाठी-डंडे के साथ पहुंचे। उन्होंने सड़क पर राय को बुरी तरह पीटा। प्रारंभिक जांच के बाद किशनगढ़ पुलिस थाने में 28 जुलाई को एक मामला दर्ज किया गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और हमलावरों को पकड़ने की कोशिश कर रही है।


**उत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला., उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली (भारत के राष्ट्रपति की ओर से) द्वारा मुहरबंद निम्नलिखित कार्य हेतु एक पैकेट **खुली ई–निविदा** आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का विवरण और स्थान | कार्य की अनुसूची के अनुसार ट्रैक मशीनों के हाइड्रोलिक पंपों और मोटरों की मरम्मत का कार्य। |
| 2 | कार्य समाप्त अवधि | 03 महीने |
| 3 | अनुमानित लागत | ₹ 48,70,165.00 |
| 4 | धरोहर राशि (ऑनलाइन जमा) | ₹ 97,400.00 |
| 5 | निविदा पत्र का मूल्य (ऑनलाइन जमा) | ₹ शून्य |
| 6 | निविदा जमा करने व खुलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र दिनांक 31.07.2025 से दिनांक 22.08.2025 तक सायंकाल 15:00 बजे तक रेल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेगा। निविदा 22.08.2025 को अपराह्न 15:00 बजे के बाद खुलेगी। |
| 7 | निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण | इस निविदा की सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र बिडिंग के लिए IREPS (**www.ireps.gov.in**) पर दिनांक 08.08.2025 से दिनांक 22.08.2025 तक उपलब्ध रहेगा। निविदा से संबंधित सभी नियम व शर्त निविदा प्रपत्र में दी गयी हैं। निविदा सूचना का विवरण इस कार्यालय के सूचना पटल पर भी देख सकते हैं। |

**प.सं.: 1–डब्ल्यू–उ.मु.,अभि.–टी.एम.सी.–ला.–07–25–26 दिनांक: 31.07.2025**

**2340/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें
पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com



# मोदी सरकार देशवासियों को बताए, भारत की अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए उसकी क्या रणनीति है: संजय सिंह

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने अमेरिका द्वारा भारत पर 25 फीसद टैरिफ लगाने और शेयर मार्केट के गिरने से भारतीय निवेशकों के लाखों करोड़ रुपए डूबने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मोदी जी का ट्रंप के प्रति प्यार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है, जबकि ट्रंप बेवफा निकल गए। ट्रम्प भारत पर रूस से सस्ता तेल नहीं खरीदने का दबाव बना रहे हैं। ट्रम्प ने कहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था मरी हुई है। पाकिस्तान में अमेरिका तेल खोज रहा है, जिसे भारत को बेचेगा। पीएम मोदी अपने दोस्त अडानी को बचाने के लिए देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने पर तुले हैं। मोदी सरकार देशवासियों को बताए कि भारत की अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए उसकी क्या रणनीति है? संजय सिंह ने कहा कि यह निवेशकों के साथ विश्वासघात है, जो अपनी गाढ़ी कमाई शेयर मार्केट में लगाते हैं। सेंसेक्स 800 अंक गिर चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गलत नीतियों की वजह से लाखों करोड़ रुपए डूब रहे हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी का ट्रंप के प्रति प्यार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। उधर, ट्रंप बेवफा निकल गए। अब ट्रम्प कह रहे हैं कि वे पाकिस्तान से प्यार करते हैं। ट्रम्प दबाव बना रहे हैं कि भारत रूस से सस्ता तेल न खरीदे, जबकि रूस भारत का परंपरागत मित्र है। रूस ने



यूएन में छह बार वीटो पावर का इस्तेमाल कर भारत का साथ दिया, युद्ध में सहायता की और सस्ता तेल उपलब्ध कराता है। अमेरिका ऐसे मित्र देश रूस से भारत को सस्ता तेल खरीदने से रोक रहा है। संजय सिंह ने कहा कि ट्रंप दबाव बनाकर भारत की अर्थव्यवस्था को चौपट करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री को इसका पुरजोर विरोध करना चाहिए। टैरिफ बढ़ाने के ट्रंप के फैसले पर अपना विरोध दर्ज कराकर भारत सरकार को अपनी नीति स्पष्ट करनी चाहिए। रूस से सस्ता तेल भारत की अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी है, जिसे हम अन्य देशों को भी सस्ते दामों पर देते हैं। भारत को अपनी प्राथमिकता और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाली चीजों पर ध्यान देना चाहिए। संजय सिंह ने कहा कि ट्रंप ने भारत की अर्थव्यवस्था को हमरी हुईह कहा है। ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका पाकिस्तान में तेल खोज रहा है और भारत को बेचेगा। ट्रंप की भारत को लेकर खतरनाक योजना है। समय रहते मोदी सरकार को सामने आकर बताना चाहिए कि अर्थव्यवस्था बचाने की उनकी रणनीति क्या है और कैसे मोदी सरकार देश की अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए कदम उठाएगी। संजय सिंह ने ट्रंप के बयान को लेकर संसद में दिए नोटिस को लेकर कहा कि संसद में हमने आज नियम 267 के तहत नोटिस दिया है। हम चाहते हैं कि प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री संसद में आएं, बताएं कि ट्रंप के टैरिफ और बयानों का मुकाबला कैसे करेंगे? देश की जनता को दिशा देनी चाहिए। ऐसे समय में वह लोगों को अनाथ छोड़ देते हैं। शेयर मार्केट में 800 अंक की गिरावट से निवेशकों का लाखों करोड़ डूब गए। ऐसे समय में मोदी सरकार पीठ दिखाकर भाग जाती है, क्योंकि प्रधानमंत्री को ट्रंप से दोस्ती निभानी है। मुझे लगता है कि उनके एक मित्र का अमेरिका में मामला फंसा है, जिसके कारण ट्रंप बार-बार दबाव बनाने में सफल रहे हैं। संजय सिंह ने केंद्र सरकार की जल परियोजनाओं को लेकर कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि इन परियोजनाओं में भ्रष्टाचार न हो और उद्घाटन से पहले ये टूटें नहीं। इनके निर्माण में कितना समय लगेगा, सरकार को स्पष्ट करना चाहिए।

## बाल मंदिर स्कूल डिफेंस कालोनी स्कूल में पर्यावरण संरक्षण हेतू मनाया गया पेपर डे

स्कूली बच्चों, अध्यापकों व व्यापारियों ने पेपर डे पर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



प्रात: किरण संवाददाता

पूर्वी दिल्ली : ईस्ट दिल्ली के मशहूर बाल मंदिर सी से पब्लिक स्कूल (स्थित : डिफेंस कालोनी) में ट्रांस यमुना स्मॉल स्केल पेपर कन्वर्टर्स एसोसिएशन के सहयोग से नेशनल पेपर डे के दृष्टिगत 31 जुलाई को पर्यावरण संरक्षण संकल्प के साथ पेपर डे मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में विधायक डॉ अनिल गोयल, हिन्दू नेता जय भगवान गोयल, शाहदरा दक्षिणी जॉन के डिप्टी चेयरमेन राजू सचदेवा, स्कूल प्रधानाध्यापिका संतोष आहूजा, एफपीटीए के पूर्व प्रधान दिलीप बिंदल, पीएमए प्रेसिडेंट दीपक जैन, अङ्क भाङ्क व्यापार मंडल के दिल्ली प्रांत महामंत्री राजीव शर्मा, एसोसिएशन के प्रधान लक्ष्मी नारायण मित्तल, महासचिव सुभाष गोयल, उप प्रधान प्रवीन मित्तल व मनोज बिंदल, सचिव संदीप मित्तल, अनुज बिंदल, विनोद कुमार मित्तल, अखिल गर्ग, साहिल मित्तल, निर्दोष गोयल पीएमए महासचिव संदीप गुप्ता, रमेश गर्ग, महावीर गोयल, रवींद्र गर्ग, अंकुर गोयल व सन्नी मित्तल सहित काफी संख्या में पेपर ट्रेडिंग व पेपर निर्माण क्षेत्र से जुड़े व्यापारी और विद्यालय के अध्यापक - अध्यापिकाओं की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विधायक डा. अनिल गोयल एवं प्रधानाध्यापिका संतोष आहूजा ने स्कूल परिसर में एक वृक्ष राष्ट्र के नाम लगाकर पर्यावरण संरक्षण में वृक्षों की अहम भूमिका का संदेश दिया। इस मौके पर पेपर व्यापारियों ने भी एक एक पेड़ राष्ट्र के नाम लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक व प्रदर्शनी के जरिए पेपर की महत्ता को दशार्ते हुए पेपर रीसाइक्लिंग का हृदय स्पर्शी संदेश दिया गया। स्कूल के छात्रों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करने के पश्चात डा अनिल गोयल ने कहा कि पेपर निमार्ताओं द्वारा जिस प्रकार वेस्ट (रद्दी) पेपर की रिसाइकलिंग को बढ़ावा देकर देश में पेपर की आपूर्ति को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है उनका यह प्रयास पर्यावरण संरक्षण की दिशा में चल रहे प्रयासों को नई दिशा देगा। ट्रांस यमुना स्मॉल स्केल पेपर कन्वर्टर्स एसोसिएशन के प्रधान लक्ष्मी नारायण मित्तल ने इस मौके पर बताया कि यह कहना मिथ्या है कि पेपर निर्माण से प्रकृति का अधिकाधिक दोहन हो रहा है क्योंकि वर्तमान के बदलते परिवेश में देश मे 80 प्रतिशत से अधिक पेपर, वेस्ट पेपर की ही रिसाइकलिंग से तैयार हो रहा है। यदि सरकार के सहयोग से पल्प बनाने की इंडस्ट्री भारत में लग जाए तो पेपर हेतू वृक्षों का कटान और भी कम हो सकता है

## वेटर को बुलाने के लिए हॉर्न बजाना युवक को पड़ा महंगा, 7-8 लोगों ने बीयर की बोतलों से किया हमला

नई दिल्ली,। दिल्ली के द्वारका सेक्टर 10 में 7-8 लोगों ने दो लोगों पर बीयर की बोतलों और पत्थरों से हमला किया। इसमें एक युवक की गलती बस इतनी थी कि उसने नाइट किचन से वेटर को बुलाने के लिए अपनी स्विफ्ट कार का हॉर्न बजाया था। यह घटना 27 जुलाई को तड़के ढ़ाई बजे घटी बजे घटी। दिल्ली पुलिस के एक बयान के अनुसार, ह्लपहली घटना 27 जुलाई को द्वारका सेक्टर 10 में लगभग ढ़ाई बजे हुई, जब एक बीएमडब्ल्यू और एक थार में बैठे सात या आठ लोगों ने दो युवकों मनोज और कुणाल पर हमला कर दिया। हमलावरों ने कथित तौर पर बीयर की बोतलें और पत्थर फेंके। आरोपियों ने पीड़ितों के कार के शीशे भी तोड़ दिए और उन्हें बुरी तरह से पीटा। बाद में मनोज और कुणाल दोनों को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह विडियो भी देखें मुनिरका में शख्स को पीट-पीटकर किया बेहोश एक अधिकारी ने बताया कि एक अन्य घटना में, 25 जुलाई को मुनिरका क्षेत्र में रास्ते को लेकर हुई मारपीट के बाद अवधेश राय नामक व्यक्ति को बेहोश कर दिया गया। दिल्ली पुलिस के अनुसार, ह्लमुनिरका इलाके में अवधेश राय नाम के एक व्यक्ति को कुछ लोगों ने पीट-पीटकर बेहोश कर दिया, ताकि वह अपने पीछे हॉर्न बजा रहे एक दोपहिया वाहन सवार को जल्दी से रास्ता दे सके। घटना 2 जुलाई को दोपहर के आसपास हुई। बाइक सवार से हॉर्न बजाते रहा और गालियां देता रहा पुलिस ने कहा, ह्लराय द्वारा समझाने के बावजूद, एक महिला के साथ आए बाइक सवार ने हॉर्न बजाना और गालियां देना जारी रखा।

## डीसीपी प्रशांत गौतम की सख्ती रंग लाई अवैध शराब तस्करी पर ताबड़तोड़ प्रहार

**अवैध शराब पर शाहदरा एएनटीएफ की बड़ी कार्रवाई**

- इंस्पेक्टर अर्जुन सिंह की टीम ने दो छापों में जब्त की 2450 क्वार्टर शराब

प्रात : किरण :मनोज जैन

शाहदरा जिले के डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए गठित एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम ने दो अलग-अलग छापेमारी में कुल 2450 क्वार्टर देशी शराब जब्त की है। दोनों कार्रवाइयों में दो आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया गया है और शराब ले जाने में प्रयुक्त एक कार और एक ई-रिक्शा को जब्त किया गया है। पहली छापेमारी



17 जुलाई 2025 को कांति नगर मेन रोड पर की गई। इंस्पेक्टर अर्जुन सिंह के नेतृत्व में एसआई सत्यदेव पंवार, एसआई सतीश, एएसआई सुल्तान सिंह व अन्य पुलिसकर्मियों ने तत्परता से कार्रवाई की। स्विफ्ट डिजायर कार को रोका गया, जिसमें हरियाणा मार्का 1250 क्वार्टर शराब बरामद की गई। आरोपी की पहचान विजय उर्फ कंजर निवासी नई संजय कॉलोनी, फर्श बाजार के रूप में हुई है। यह फर्श बाजार थाने का घोषित बीसी है और पहले भी कई मामलों में संलिप्त रह चुका है। दूसरी छापेमारी 27 जुलाई 2025 को गांधी नगर के पास पुराना सीलमपुर फाटक क्षेत्र में की गई। टीम ने ई-कार्ट लोडर रिक्शा को रोका जिसमें हरियाणा मार्का 1200 क्वार्टर शराब पाई गई। इस बार पकड़ा गया आरोपी पंकज निवासी जगतपुरी एक्सटेंशन (आयु 20 वर्ष) था। पूछताछ में उसने शराब पहुंचाने की बात स्वीकार की है। हालांकि इसका कोई पूर्व आपराधिक इतिहास नहीं पाया गया। दोनों मामलों में दिल्ली उत्पाद शुल्क अधिनियम की धारा 33/58 के तहत मुकदमे दर्ज किए गए हैं और आगे की जांच जारी है। इंस्पेक्टर अर्जुन सिंह व उनकी टीम की सूझबूझ व मुस्तैदी की पुलिस विभाग ने सराहना की है, जिससे शाहदरा जिले में अवैध शराब के नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है।

## रॉबर्ट वाड्रा संबंधी धनशोधन मामले में सुनवाई टली

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। राउज एवेन्यू अदालत ने गुरुवार को धनशोधन मामले में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा से संबंधित सुनवाई टाल दी। विशेष जज सुशांत चंगोत्रा की अदालत ने हरियाणा के शिकोहपुर में भूमि सौदे से जुड़े धनशोधन मामले में वाड्रा को नोटिस जारी करने के फैसले को दो अगस्त तक टाल दिया। बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पीएमएलए के तहत अभियोजन शिकायत दर्ज की थी। जिसमें दावा किया गया था कि वाड्रा की स्काईलाइट हास्पिटैलिटी ने हरियाणा के गुरुग्राम जिले के शिकोहपुर गांव में स्थित 3.53 एकड़ जमीन धोखाधड़ी से खरीदी। पिछले सप्ताह कोर्ट ने वाड्रा को नोटिस जारी करने के मामले में अपना फैसला सुरक्षित रखा था। ईडी के वकील ने कहा था कि दस्तावेज में गलत तरीके से साढ़े सात करोड़ रुपए के भुगतान का जिक्र किया गया, जबकि वास्तव में ऐसा कोई भुगतान नहीं हुआ था।

## दिल्ली पुलिस की दो बड़ी कार्रवाइयां: अजमेरी गेट फायरिंग कांड और करोल बाग चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

प्रात : किरण :मनोज जैन

अजमेरी गेट के मोहल्ला निहारियान चौक पर 25 जुलाई को एक बाइक सवार परिवार पर फायरिंग करने वाले दो आरोपियों को थाना कमला मार्केट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित के अनुसार, स्कूटी सवार दो लड़कों ने रास्ता रोककर गाली-गलौज की और पत्नी के विरोध करने पर पीछे बैठे युवक ने गोली चला दी। मौके से चला हुआ कारतूस और बुलेट सिर बरामद किया गया। एसएचओ कमला मार्केट की निगरानी में एसआई परमिंदर, एसआई दीपक, हेड कांस्टेबल



रोहित, अंकुश, पूरन और कांस्टेबल अमित की टीम ने सीसीटीवी फुटेज व गुप्त सूचना के आधार पर ब्रह्मपुरी निवासी मोहम्मद अमान उर्फ टोटा (19) और नोमान (19) को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से एक देसी पिस्तौल, चला हुआ कारतूस, बुलेट सिर और सफेद रंग की सुजुकी बर्गमैन स्कूटी बरामद हुई। यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त श्री निधिन वाल्सन के निर्देशन में की गई। वहीं, करोल बाग थाना पुलिस व एंटी-नारकोटिक्स सेल की संयुक्त टीम ने कार एक्सेसरी की दुकान से 8 लाख की नकदी चोरी करने वाले कर्मचारी गौरव सोनी को कानपुर से गिरफ्तार किया। आरोपी ने डुप्लीकेट चाबी से दुकान खोलकर वारदात को अंजाम दिया था। पूछताछ में उसने बताया कि एक लाख रुपये कपड़ों और लाइफस्टाइल पर खर्च कर दिए, जबकि 5.5 लाख नकद, 1.5 लाख का आईफोन और एक मोटोरोला फोल्ड मोबाइल फोन पुलिस ने उसके घर से बरामद किया। यह कार्रवाई इंस्पेक्टर साकेत (एसएचओ करोल बाग), इंस्पेक्टर आशीष के. दुबे, एसीपी ऑप्स सुभाष मालिक और एसीपी करोल बाग श्री आशीष कुमार की देखरेख में की गई। दोनों ही मामलों में दिल्ली पुलिस की सतर्कता, तकनीकी दक्षता और समर्पित प्रयासों ने अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुँचाया है।

## नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले चार गिरफ्तार

नई दिल्ली,। दक्षिण पश्चिम जिला ऑपरेशन सेल और सागरपुर थाना पुलिस ने स्मैक की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं बाहरी जिला पुलिस ने भी गांजा तस्करी करने वाले दो आरोपियों को पकड़ा है। दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि 24 जुलाई को ऑपरेशन सेल की टीम सागरपुर में गश्त कर रही थी। पुलिस ने नागर वन पार्क के पास कुछ लोगों को नशा करते देखा। पुलिस टीम को देखते ही सभी भागने लगे। एक युवक को पुलिस ने दबोच लिया। उसकी पहचान सागरपुर निवासी हितेश के रूप में हुई। उसके पास से 8.24 ग्राम स्मैक मिली। हितेश ने बताया कि वह स्मैक बेचने आया था। स्मैक की आपूर्तिकर्ता की पहचान के लिए पुलिस ने हितेश को रिमांड पर लिया। पुलिस ने उसके निशानदेही पर रेलवे लाइन के पास ब्रह्मपुरी झुग्गी बस्ती के पीछे से पश्चिम सागरपुर निवासी देव गुप्ता को पकड़ा। उसके पास से 9.58 ग्राम स्मैक मिली। हितेश मूलरूप से रेवाड़ी का निवासी है। वहीं बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि रानीबाग थाना पुलिस ने 30 जुलाई को सुल्तानपुरी निवासी सूरज को गिरफ्तार किया। उससे 447 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पश्चिम विहार थाना पुलिस ने 28 जुलाई को उद्योग नगर मेट्रो स्टेशन के पास से बापा नगर निवासी अजय को पकड़ा। उसके पास से 268 ग्राम गांजा मिला।

## बेली ब्रिज बनाने के लिए सेना को 25 लाख दे पीडब्ल्यूडी : हाईकोर्ट

अदालत ने 26 मई को एक मीडिया रिपोर्ट का स्वत: संज्ञान लेकर जारी किया आदेश

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। उच्च न्यायालय ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को निर्देश दिया है कि वह राजपूताना राइफल्स के सैनिकों के लिए बेली ब्रिज का निर्माण शुरू करने हेतु 25 लाख रुपये की अग्रिम राशि का भुगतान करे। इन सैनिकों को हर सुबह अपने बैरक से परेड ग्राउंड की ओर जाते समय एक गंदे नाले की पुलिया से गुजरना पड़ता है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ ने आदेश दिया कि भुगतान प्राप्त होने के तुरंत बाद सभी एजेंसियों की तरफ से समय-सीमा का पालन किया जाए। अदालत इस मुद्दे पर एक समाचार पत्र की रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लेकर विचार कर रहा था। यह घटनाक्रम तब हुआ जब यह सहमति बनी कि फुटओवर ब्रिज के निर्माण के लिए दस महीने का समय लगेगा। इस बीच यह सहमति बनी कि बेली ब्रिज का निर्माण सेना की तरफ से स्वयं 40 दिनों के भीतर किया जाएगा। अदालत ने निर्देश दिया कि सैनिकों के लिए फुटओवर ब्रिज के निर्माण हेतु निविदा प्रक्रिया भी पीडब्ल्यूडी की तरफ से शुरू की जाए और अगली सुनवाई तक रिपोर्ट दाखिल की जाए।

## अजमेरी गेट में सड़क पर तनातनी में एक व्यक्ति पर गोली चलाने के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। मध्य दिल्ली के अजमेरी गेट क्षेत्र में ह्यरोड रेजह्न की एक घटना के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है क्योंकि इनमें से एक आरोपी ने कहासुनी के दौरान मोटरसाइकिल सवार युवक पर कथित तौर पर गोली चला दी थी। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह घटना 25 जुलाई को मोहल्ला निहारियां चौक के पास हुई जब अपनी पत्नी और बच्चों के साथ मोटरसाइकिल से जा रहे शिकायतकर्ता को एक सफेद स्कूटर पर सवार दो लोगों ने रोका। मध्य दिल्ली की पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) निधिन वलसन ने कहा, पीड़ित की पत्नी ने ओवरटेक करते समय हॉर्न नहीं बजाने को लेकर दोनों से सवाल किया, जिसके बाद कहासुनी शुरू हो गई। झड़प के दौरान पीछे बैठे व्यक्ति ने कथित तौर पर पिस्तौल लहराई और मौके से भागने से पहले गोली चला दी। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर उत्तर-पूर्वी दिल्ली के ब्रह्मपुरी निवासी मोहम्मद अमान उर्फ तोता और नोमान नामक दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। डीसीपी ने बताया कि नोमान के पास से एक पिस्तौल बरामद की गई, जबकि अपराध में इस्तेमाल किया गया स्कूटर मोहम्मद अमान के पास से जब्त किया गया। अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल से एक खोखा और एक गोली का सिरा भी बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी की आपराधिक पृष्ठभूमि और हथियार के स्रोत का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

## निर्वाण लाडू समर्पण से गूंज उठे जैन तीर्थ, सम्मेद शिखर, अहिच्छत्र और बड़ागांव में श्रद्धा का अनंत प्रवाह

प्रात : किरण : मनोज जैन

श्रावण मास की शुभ सप्तमी तिथि पर, भगवान पार्श्वनाथ के निर्वाण महोत्सव को लेकर देशभर के जैन तीर्थों में श्रद्धा, भक्ति और दिव्यता की अनूठी अनुभूति देखने को मिली। निर्वाण लाडू समर्पण की परंपरा को निभाने के लिए देश के कोने-कोने से हजारों श्रद्धालु तीर्थ स्थलों पर पहुँचे। इस अवसर पर प्रभु चरणों में समर्पित लाडुओं के माध्यम से श्रद्धालुओं ने संयम, साधना और मोक्ष की भावना के साथ जीवन को धन्य किया। श्री सम्मेद शिखरजी (गिरिडीह, झारखंड) – इस पवित्र तीर्थ पर आज प्रातः से ही भक्तों का विशाल सैलाब उमड़ पड़ा। यहाँ भगवान पार्श्वनाथ सहित 20 तीर्थंकरों को निर्वाण प्राप्त हुआ है।



श्रद्धालुओं ने गिरिराज की वंदना की, शांतिधारा एवं अभिषेक किया और निर्वाण लाडू समर्पित कर मोक्ष के भाव को आत्मसात किया। दिल्ली-एनसीआर, राजस्थान, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से आए संघों ने भी बड़ी श्रद्धा के साथ भागीदारी की। अहिच्छत्र तीर्थ (बरेली जनपद, उत्तर प्रदेश) – स्थित अहिंसा तीर्थ क्षेत्र में भी आज विशेष श्रद्धा दिखाई दी। ऐसी मान्यता है कि यह वही भूमि है जहाँ भगवान पार्श्वनाथ ने अपने बाल्यकाल के कुछ वर्ष बिताए। यहाँ के श्री पार्श्वनाथ अतिशयकारी दिगंबर जैन मंदिर में सुबह से ही निर्वाण लाडू समर्पण हेतु भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्ति संगीत, सामूहिक वंदना एवं प्रवचनों के बीच श्रद्धालुओं ने आत्मिक अनुभव किया। बड़ागांव तीर्थ (बागपत, उत्तर प्रदेश) – तीर्थों की इस श्रृंखला में श्री पार्श्वनाथ अतिशय क्षेत्र, बड़ागांव, जहाँ दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। भव्य शोभायात्रा, मंडल विधान, रत्नत्रयी वंदना और निर्वाण लाडू समर्पण के साथ यहाँ भी निर्वाण पर्व को अत्यंत दिव्यता के साथ मनाया गया। मंदिर प्रांगण को विशेष सजावट से सजाया गया था। दिल्ली-एनसीआर एवं अन्य क्षेत्रीय मंदिर – शांतिनगर, करोलबाग, शास्त्रीनगर, शाहदरा, संतनगर, ओखला समेत दिल्ली-एनसीआर के सभी प्रमुख जैन मंदिरों में भी निर्वाण लाडू समर्पण उत्सव की धूम रही। महिला मंडल, बाल-जिन मंडल और युवक मंडलों ने मिलकर सामूहिक लाडू समर्पण, स्तुति गायन, एवं प्रभु गुणगान किया। श्रद्धालुओं ने मोक्ष मार्ग पर आगे बढ़ने के संकल्प के साथ यह पर्व मनाया। यह संपूर्ण आयोजन जैन धर्म की अमूल्य परंपरा और श्रद्धा के उस अटूट सूत्र को दशार्ता है, जो प्रत्येक आत्मा को मोक्ष की ओर प्रेरित करता है।

## महाराजा अग्रसेन कॉलेज में नये सत्र के विद्यार्थियों का हुआ परिचय कार्यक्रम

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। वसुंधरा एनक्लेव स्थित दिल्ली विश्वविद्यालय के महाराजा अग्रसेन कॉलेज में गुरुवार को नये सत्र के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर संजीव कुमार तिवारी ने देश के विभिन्न क्षेत्रों से आये नये सत्र के विद्यार्थियों को बधाई देते हुए बताया कि विद्यार्थियों के अकादमिक जीवन में कॉलेज के स्नातक के दिन बहुत ही महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने कॉलेज की अब तक की उपलब्धियों को नए विद्यार्थियों से साझा की। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि जीवन में अनुशासित रहकर वह बड़ी से बड़ी सफलता बहुत ही आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीक के सकारात्मक उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया तथा कहा कि स्कूल से कॉलेज की यात्रा की रोमांचक अनुभूतियों में विद्यार्थियों को विचलित हुए बगैर लक्ष्य प्राप्ति के लिए सतत प्रयास की जरूरत है। ओरिएंटेशन कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कॉलेज गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष प्रो. राकेश कुमार पराशर ने बताया कि महाराजा अग्रसेन कॉलेज विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अकादमिक गतिविधियों के अतिरिक्त सह शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से भी विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए भी प्रयासरत है। उन्होंने कॉलेज में उपलब्ध संसाधनों के सकारात्मक उपयोग के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

## कृष्णा नगर लाल क्वार्टर मार्केट में लावारिस बैग से हड़कंप, निकली पंखे की मोटर

प्रात : किरण : मनोज जैन

शाहदरा जिले के थाना कृष्णा नगर क्षेत्र अंतर्गत आने वाली कृष्णा नगर लाल क्वार्टर मार्केट में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब दोपहर करीब 3:00 बजे एक दुकानदार ने सड़क किनारे पड़े लावारिस बैग को देखा, जिसके बाहर दो तार निकले हुए थे। दुकानदार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डीसीपी प्रशांत गौतम के निर्देश पर थाना प्रभारी कृष्णा नगर मुकेश राणा, अतिरिक्त प्रभारी सचिन वर्मा, पीसीआर, ट्रैफिक पुलिस, एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुँची। साथ ही स्क्वॉड डॉग और बम निरोधक दस्ता भी तुरंत सक्रिय कर दिया गया। तेज बारिश के बीच अचानक संदिग्ध बैग मिलने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। दुकानदारों ने आनन-फानन में अपने आसपास का सामान हटाया और सुरक्षित दूरी बना ली। पुलिस ने तुरंत पूरे बाजार की चारों तरफ से घेराबंदी कर दी, ताकि कोई भी व्यक्ति पास न जा सके। चारों तरफ पुलिसकर्मियों और दमकल की गाड़ियों की मौजूदगी में माहौल कुछ समय तक तनावपूर्ण बना रहा। बम निरोधक दस्ते और स्क्वॉड डॉग ने बैग की जांच शुरू की। करीब आधे घंटे की जांच के बाद जब बैग खोला गया तो उसमें से केवल एक पंखे की मोटर बरामद हुई। राहत की बात रही कि कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। पुलिस की जांच में बाद में स्पष्ट हुआ कि यह पूरी घटना एक मॉक ड्रिल थी, जो त्योहारों के मद्देनजर पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया और सुरक्षा व्यवस्था की परख के लिए आयोजित की गई थी। थाना प्रभारी कृष्णा नगर मुकेश राणा ने बताया कि आने वाले दिनों में रक्षाबंधन और 15 अगस्त जैसे त्योहार हैं, जब बाजारों में भारी भीड़ रहती है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में नागरिकों का सतर्क रहना बेहद जरूरी है। यदि कहीं कोई संदिग्ध बैग, तार या अनजान वस्तु दिखे, तो उसे हाथ न लगाएँ और तुरंत पुलिस को सूचित करें। ऐसी मॉक ड्रिल्स जनता को जागरूक करती हैं और पुलिस को हर स्थिति के लिए तैयार रखती हैं।

## हंसराज कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन, शुक्रवार से शुरू होगा नया सत्र

नई दिल्ली,। दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज में शुक्रवार से शुरू हो रहे नए सत्र के विद्यार्थियों के लिए गुरुवार को ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कॉलेज के इतिहास, परंपरा के साथ ही यहां संचालित होने वाले पाठ्यक्रमों और उसके विविध पक्षों से परिचित कराया गया। यह जानकारी कॉलेज ने गुरुवार को एक बयान में दी। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रमा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नए वर्ष के विद्यार्थियों को कॉलेज जीवन के महत्व, उसके सार्थक उपयोग, दृष्टि





निर्माण के लिए जरूरी तत्वों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, मयार्दा और जीवन जीने की कला के साथ अकादमिक उत्कर्ष के लिए सतत सचेत रहने और अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम करने का आह्वान किया। कॉलेज की उपप्राचार्या प्रो. विजय रानी पालीवाल ने विद्यार्थियों को कॉलेज की संरचनाओं, सुविधाओं एवं विविध समितियों तथा प्रकोष्ठों से परिचय करवाया। उन्होंने कॉलेज में शोध, नवाचार, अकादमिक नियमावली से जुड़े पक्षों को भी साझा किया साथ ही कॉलेज के अकादमिक वातावरण और उसकी विशेषताओं के बारे में जानकारी दी। अकादमिक प्रस्तुति के माध्यम से अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. अनिमेष नस्कर ने नए सत्र के प्रश्न-पत्रों, पाठ्यक्रमों और उसकी शर्तों आदि को बड़े ही प्रभावशाली एवं रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। कॉलेज के मनोविज्ञान सलाहकार रेचल और महक ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

# 75 फीसदी तक बढ़ा बांगो बांध का जलस्तर, 355.15 मीटर तक पहुंचा

### आषाढ़ और सावन में जमकर बरसे बदरा



**कोरबा, प्रातः किरण संवाददाता।** छत्तीसगढ़ की बड़ी जल परियोजना में शामिल हसदेव बांगो बांध परियोजना में बरसाती पानी का प्रवेश लगातार हो रहा है। मौसम के अनुकूल तेवर से जल ग्रहण क्षेत्र में जल भराव होना जारी है। अब तक की बारिश से बांध की 75 फीसदी तक जल का भराव हो गया हैं।

उल्लेखनीय हैं की वर्ल्ड बैंक और पूर्ववर्ती मध्यप्रदेश सरकार के सहयोग से पिछले दशक में इस परियोजना पर काम शुरू किया गया। 1992 में इस काम को पूरा किया जा सके और तब से लगातार यह कोरबा जिले के साथ-साथ जांजगीर-चाम्पा, सक्ति और रायगढ़ जिले की नागरिक आवश्यकताओं के अलावा खेती किसानी और उद्योगों को पानी उपलब्ध करा रही है। हसदेव बांगो बांध परियोजना की कुल क्षमता 473 मीटर है।

हसदेव बांगो बांध परियोजना के कार्यपालन अभियंता अरविंद नीखरा ने जानकारी देते हुए बताया की इस वर्ष गर्मी के सीजन में रवि की फसल को काफी पानी उपलब्ध कराया गया और उस समय बांध में केवल 26 फीसदी पानी शेष रह गया था। इसे लेकर अलग-अलग स्तर पर चिंता जताई जा रही थी। वर्ष 2025 में अब तक हुई बारिश के कारण बांध परियोजना में 75 फीसदी जल भराव हुआ है। वर्तमान में 355.15 मी के स्तर पर पानी का भराव हो चुका है। जबकि बांध परियोजना की कुल क्षमता 473 मीटर से ज्यादा है। सावन महीने के बचे हुए दिन और भादो में होने वाली बारिश से बांध में और भी पानी की उपलब्धता होने का अनुमान है। आवश्यकता के आधार पर खरीफ सीजन की फसल के लिए कुछ क्षेत्रों में नहर के माध्यम से पानी छोड़ने की व्यवस्था कराई जाएगी।

कोरबा जिले में पौड़ी-उपरौड़ा विकासखंड के माचाडोली पंचायत क्षेत्र में हसदेव बांगो बांध परियोजना मध्यप्रदेश के दौरान तैयार की गई थी, जो तब से लेकर अब तक न केवल कोरबा वासियों के आसपास के जिलों के लिए वरदान साबित हो रही है। बताया गया कि इस परियोजना में पानी के लिए पहाड़ी क्षेत्र पर निर्भरता बनी हुई है। कोरिया और महेंद्रगढ़ क्षेत्र में होने वाली बारिश के माध्यम से हसदेव में पर्याप्त पानी आता है और वह यहां तक अपनी मौजूदगी दर्ज कराता है। लगभग 100 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए पानी यहां तक पहुंचता है।

खास तौर पर छत्तीसगढ़ राज्य बिजली बोर्ड, नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन की परियोजनाओं के अलावा दूसरे संयंत्र को उनकी जरूरत के लिए पानी देने का काम हासे बांगो बांध परियोजना कर रही है। इसके साथ ही बांध के नजदीक 120 मेगावाट की मिनीमाता हसदेव बांगो हाइडल पावर प्लांट का संचालन इसी पानी से किया जा रहा है। इस तरह से देखा जाए तो औद्योगिक प्रगति के मामले में यह परियोजना अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभा रही है।

अरविंद नीखरा ईई हसदेव बांगो बांध परियोजना ने बताया की हसदेव बांगो बांध परियोजना में कुल 21 गेट की व्यवस्था की गई है। पानी को रोकने के लिए यह अपनी भूमिका निभाते हैं जबकि बांध में जरूरत से ज्यादा पानी होने की स्थिति में उसे नदी में रिलीज करने के प्रावधान है। 85 फीसदी से ज्यादा पानी होने पर बांध के गेट खोलने की नौबत आती है। इसके लिए तकनीकी आधार पर पैरामीटर बने हुए हैं।




# कच्ची मदिरा के सेवन से दो मृत-तीन की हालत नाजुक

**कोरबा, प्रातः किरण संवाददाता।** कोरबा जिले के ग्राम कोरकोमा शिवनगर में कच्ची मदिरा के सेवन से दो लोगों की मृत्यु हो गई हैं, जबकि तीन अन्य की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान राजमीन बाई और जय सिंह के रूप में की गयी हैं। वहीं, राजाराम, राजकुमार और चमेली बाई नामक लोगो को गंभीर हालत में उपचार के लिए कोरबा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी लोगों ने एक ही स्त्रोत से कच्ची मदिरा का सेवन किया था, जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। देखते ही देखते स्थिति गंभीर हो गई, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और आबकारी विभाग की टीम मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी है।

# प्रदेश में 230 से बढ़कर 280 हो सकती हैं विधानसभा सीटें

### - भाजपा संगठन ने शुरू कर दी कसावट, प्रभारी मंत्रियों को भी अब लेना होगी लगातार बैठकें




**भोपाल , प्रातः किरण संवाददाता। सत्ता और संगठन में अब बेहतर तालमेल की स्थितियां निर्मित हो गई है। दरअसल मुख्यमंत्री ने अपनी पसंद के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की ताजपोशी करवा दी, जिसके चलते अब संगठन के कामकाज में भी गति आ गई और नवागत अध्यक्ष ने दो टूक चेतावनी भी देना शुरू कर दी है। प्रदेश स्तरीय संगठनात्मक बैठक में प्रभारी मंत्रियों को यह भी निर्देश दिए कि वे अपने प्रभार वाले जिले का लगातार दौरा करें, बल्कि पार्टी कार्यालय में बैठकें भी लें। विधानसभा 2028 के चुनाव से पहले परिसीमन की भी तैयारी की जा रही है। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि प्रदेश में विधानसभा की जो 230 सीटें हैं, वह बढ़कर 280 हो सकती है।**

विधानसभा के साथ-साथ आगामी लोकसभा चुनाव-2029 के लिए भी केन्द्र सरकार आयोग का गठन कर परिसीमन कराना चाहती है, जिसमें संसदीय सीटें बढ़ेंगी और इंदौर में भी दो संसदीय सीटें हो सकती है। कांग्रेस ने तो इस परिसीमन की तैयारी करते हुए जिलास्तर पर भी समितियां बनाने की घोषणा कर दी है और राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा को इसका जिम्मा सौंपा है। दरअसल, जनगणना की प्रक्रिया भी केन्द्र सरकार ने शुरू करवा दी है, जो कि 2027 तक पूरी होगी। उसके मद्देनजर विधानसभा और लोकसभा की सीटें बढ़ेंगी। भाजपा ने भी परिसीमन की तैयारी कर दी है और कुछ समय पूर्व तीन सदस्यीय आयोग का गठन भी कर दिया था, जिसमें लगभग 1 दर्जन नए जिले भी बनना संभावित हैं।

### 50 सीटें बढ़ने का अनुमान

पूरे प्रदेश में परिसीमन की इस प्रक्रिया के कारण लगभग 50 सीटें बढ़ने का अनुमान लगाया गया है। यानी अगला विधानसभा चुनाव 230 की बजाय 280 सीटों पर हो सकता है। हालांकि मौजूदा विधानसभा में बैठक व्यवस्था भी बढ़ाना पड़ेगी। फिलहाल 250 सीटों की व्यवस्था है, जिसमें 30 सीटों का और इजाफा करना पड़ेगा। दूसरी तरफ प्रदेश भाजपा कार्यालय में जो प्रदेश स्तरीय संगठनात्मक बैठक हुई, उसमें 31 टेबलें लगाई गईं और सभी को मौका दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने भी जिलाध्यक्षों को जहां नसीहतें दीं, वहीं उनके हाथ भी खोल दिए कि वे कार्यकर्ताओं को एकजुट करें और संगठन की मजबूती के लिए जुटें और प्रभारी मंत्रियों को भी कहा गया कि वे कार्यालय पर बैठकें अवश्य लें। जनता से सीधा संवाद स्थापित करें। जिला स्तरीय कमेटियां भी गठित करने की बात की गई। संगठन विस्तार पर विशेष जोर दिया जाए। निगम, मंडल या अन्य नियुक्तियों के लिए दौड़ ना लगाएं, जो योग्य होगा उसे पार्टी मौका देगी।

## राज्य स्तर पर मध्यप्रदेश भूलेख पोर्टल जीआईएस 2.0 लॉंच

**भोपाल, प्रातः किरण संवाददाता।** प्रमुख सचिव, राजस्व विवेक पोरवाल ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में संचालित भूलेख पोर्टल का वर्जन-1 (वेब जीआईएस 1.0) संचालित किया जा रहा था।

एमपी भूलेख पोर्टल राज्य सरकार द्वारा नागरिकों को उनकी भूमि से संबंधित दस्तावेज की जानकारी ऑनलाइन प्रदान करने के लिये विकसित किया गया है। आयुक्त राजस्व श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव ने बताया कि राजस्व विभाग ने नवीन पोर्टल 2.0 को पहले नरसिंहपुर और सिवनी जिलों में पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में संचालित किया गया था। इसके सफल संचालन के बाद 30 जुलाई, 2025 से राज्य स्तर पर लागू किया गया है। भूलेख के नये वर्जन के आने से नागरिकों को कम समय में अधिक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। वेब जीआईएस 2.0 में वेब पोर्टल के साथ-साथ मोबाइल ऐप भी उपलब्ध कराया गया है। अब नागरिक खसरे की प्रमाणित प्रतिलिपि व्हाट्स ऐप के माध्यम से भी प्राप्त कर सकते हैं। नवीन पोर्टल में ओटीपी आधारित ई-केवाईसी सुविधा भी उपलब्ध होगी। राजस्व आयुक्त ने बताया कि वेब जीआईएस 1.0 की मौजूदा कार्य-क्षमता में सुधार के लिये नवीन वर्जन में पुराने सर्वर/स्टोरेज को प्रतिस्थापित कर नवीन तकनीकी सर्वर्स स्थापित किये गये हैं इससे जनता की समस्या का त्वरित निराकरण हो सकेगा।

# भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती शारीरिक परीक्षा तीन अगस्त से

### 12 दिन तक चलने वाली शारीरिक परीक्षा में 10 हजार 114 अभ्यर्थी भाग लेंगे



**भोपाल, प्रातः किरण संवाददाता।**

भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती परीक्षा के लिए शेड्यूल और शेड्यूल के हिसाब से लिखित परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके सभी अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए। अभ्यर्थियों को जिस दिन के लिए प्रवेश पत्र जारी हुआ है, उससे एक दिन पहले ही पहुंचना होगा। क्योंकि परीक्षा स्थल पर प्रवेश रात 12 बजे से शुरू हो जाएगा।

सेना के अधिकारी शारीरिक परीक्षा की तैयारियों में लग गए हैं। 12 दिन तक चलने वाली शारीरिक परीक्षा में ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, शिवपुरी, श्योपुर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर के 10 हजार 114 अभ्यर्थी भाग लेंगे। सेना के अधिकारियों का कहना है कि स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक हो गई है। दो अगस्त को दिन में एक बार फिर बैठक होगी, जिससे अभ्यर्थियों को किसी तरह की अव्यवस्था का सामना न करना पड़े।

### यह है परीक्षा का शेड्यूल

तीन अगस्त को अग्निवीर जनरल ड्यूटी के 570 अभ्यर्थी सागर में शारीरिक परीक्षा देंगे। वहीं चार अगस्त को अग्निवीर जनरल ड्यूटी के 742 अभ्यर्थी छतरपुर, भिंड, पांच अगस्त को अग्निवीर जनरल ड्यूटी के 853 अभ्यर्थी टीकमगढ़, भिंड, छह अगस्त को अग्निवीर जनरल ड्यूटी के 860 अभ्यर्थी भिंड, मुरैना, सात अगस्त को अग्निवीर जनरल ड्यूटी के 865 अभ्यर्थी दतिया, मुरैना, आठ अगस्त को अग्निवीर जनरल ड्यूटी के 875 अभ्यर्थी निवाड़ी, मुरैना, नौ अगस्त को अग्निवीर जनरल ड्यूटी के 862 अभ्यर्थी श्योपुर, मुरैना, 10 अगस्त को अग्निवीर जनरल ड्यूटी के 893 अभ्यर्थी ग्वालियर, मुरैना, 11 अगस्त को अग्निवीर जनरल ड्यूटी क्लर्क के 925 अभ्यर्थी सभी जिले मुरैना छोड़कर, 12 अगस्त को अग्निवीर क्लर्क ट्रेडमैन के 949 अभ्यर्थी सभी जिले मुरैना छोड़कर, 13 अगस्त को अग्निवीर टेक्नीकल के 971 अभ्यर्थी सभी जिले मुरैना छोड़कर और 14 अगस्त को अग्निवीर टेक्नीकल के 749 अभ्यर्थी मुरैना में आयोजित शारीरिक परीक्षा में शामिल होंगे।

### पहली बार होगा मनोवैज्ञानिक परीक्षण

शारीरिक परीक्षा के तुरंत बाद पहली बार अभ्यर्थियों का मनोवैज्ञानिक परीक्षण होगा। 15 मिनट का यह परीक्षण होगा। इसमें अभ्यर्थियों को मोबाइल साथ लाना अनिवार्य होगा। मोबाइल पर ही लिंक भेजी जाएगी। जिसमें उनका बौद्धिक स्तर एवं तनाव झेलने की क्षमता का परीक्षण रक्षा मनोवैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान द्वारा तैयार किए गए सॉफ्टवेयर पर किया जाएगा। अलग-अलग प्रश्नों के उत्तर अभ्यर्थियों को देने होंगे।

# ग्राम बैगामार में हाथियों ने उत्पात मचाते हुए मवेशी को उतारा मौत के घाट

**भोपाल, प्रातः किरण संवाददाता।**



वनमंडल कोरबा के कुदमुरा एवं पसरखेत रेंज में हाथियों का आतंक अनवरत जारी है। यहां 37 की संख्या में हाथी ग्राम चचिया, कुदमुरा तथा मदनपुर परिसर में घूम रहे हैं। जिनमें से 25 हाथी कुदमुरा रेंज के चचिया बिट में हैं।

जानकारी के अनुसार 25 हाथियों के इस दल ने उत्पात मचाते हुए जहां एक मवेशी को मौत के घाट उतार दिया वहीं एक अन्य ग्रामीण के झोपड़ी व दीवार को ढहाकर भारी नुकसान पहुंचाया। इतना ही नहीं हाथियों ने खेतों में लगे धान को भी तहस-नहस कर दिया है। क्षेत्र में मौजूद हाथियों के इस दल द्वारा लगातार उत्पात मचाए जाने तथा फसल रौंदे जाने से ग्रामीण दहशत व चिंतित हैं।

जानकारी के अनुसार हाथियों के दल ने जंगल में एक मवेशी से सामना हो जाने पर उस पर हमला कर दिया जिससे उसके प्राण पखेरू उड़ गए है। बैगामार जंगल में यह घटना घटित हुई। बताया जाता है कि यहां के निवासी बच्चन सिंह का मवेशी चारा चरने जंगल गई थी, तभी उस पर हाथियों ने हमला कर दिया। हाथियों के हमले में गाय के मृत हो जाने की जानकारी उसके मालिक बच्चन सिंह को तब लगी जब वह उसे जंगल में मृत पाया। उसके मृत देह के आसपास हाथियों के पैरों के निशान थे। तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। जिस पर विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और दस्तावेजी कार्यवाही शुरू की। हाथियों ने ग्राम बैगामार में ही एक ग्रामीण की झोपड़ी व दीवार को भी ढहा दिया है तथा कई ग्रामीणों के धान की फसल को तहस-नहस कर दिया है, जिससे ग्रामीणों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। उधर पसरखेत रेंज में घूम रहे 11 हाथियों के दल ने भी उत्पात मचाते हुए धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है। हाथियों का उत्पात यहां लगातार जारी है। दल मदनपुर परिसर के जंगल में मौजूद है तथा दिनभर विश्राम करने के बाद शाम होते ही वहां से निकलते हैं और खेतों में पहुंचकर उत्पात मचा रहे हैं।




## अवैध कॉलोनियों पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 16 मकानों पर चला बुलडोजर

**रायपुर, प्रातः किरण संवाददाता।** राजधानी रायपुर में अवैध कॉलोनाइजिंग थमने का नाम नहीं ले रही है। बोरियाखुर्द क्षेत्र में कृषि भूमि पर बिना भवन अनुज्ञा के बनाए गए 16 अवैध मकानों को नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस बल की मौजूदगी में ढहा दिया गया। कार्रवाई से अवैध प्लॉटिंग में लिप्त बिल्डरों और कॉलोनाइजर्स में हड़कंप मच गया है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, संबंधित कॉलोनाइजर को तीन बार नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन जवाब नहीं मिला। चेतावनी के बावजूद मकान बनाकर बेचने की तैयारी की जा रही थी।

# शिक्षा विभाग की ई-अटेंडेंस व्यवस्था हुई धराशायी

### आधे शिक्षक भी पोर्टल पर दर्ज नहीं करा पाए उपस्थिति

**भोपाल, प्रातः किरण संवाददाता।**

मप्र स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा शुरु की गई ई-अटेंडेंस को लेकर शिक्षकों की मनमानी सामने आई है। शिक्षा विभाग की ई-अटेंडेंस व्यवस्था, जिसे हमारे शिक्षक ऐप के माध्यम से लागू किया गया है, शिक्षकों के बीच असंतोष और विरोध का कारण बनी हुई है। कई शिक्षक इस प्रणाली को अव्यावहारिक और तकनीकी रूप से त्रुटिपूर्ण बता रहे हैं, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में जहां नेटवर्क और बिजली की समस्या है। इसका परिणाम यह देखने को मिल रहा है कि एक महीने के दौरान प्रदेश के आधे शिक्षकों ने भी पोर्टल पर अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई है। प्रदेश के ढाई लाख में से 80 हजार शिक्षक ही लगा विभाग के एप पर ऑनलाइन अटेंडेंस लगा पाए हैं।

### ई-अटेंडेंस प्रक्रिया में ही तैयार होगा वेतन

मप्र में शिक्षकों के लिए 1 जुलाई से अनिवार्य की गई ई-अटेंडेंस व्यवस्था में तकनीकी खामियों के आरोप लग रहे हैं। वहीं शिक्षक भी इस व्यवस्था को पसंद नहीं कर रहे हैं। जबकि जो आदेश जारी किया गया था उसमें स्पष्ट शर्त थी कि ई-अटेंडेंस प्रक्रिया में ही वेतन तैयार होगा। यदि अनुपस्थिति हुई तो वेतन कटौती तो होगी ही सर्विस बुक सहित अन्य सुविधाएं भी प्रभावित होंगी। शिक्षकों की क्यों इस कार्य में रूचि नहीं है? डिपार्टमेंट द्वारा इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी मांगी गई रिपोर्ट भी चिंताजनक है, जिसमें स्थानीय स्तर की कई समस्याएं गिनाई गई हैं। अब अगस्त से इस काम में कसावट हो इसके लिए लोक शिक्षण संचालनालय सख्त हुआ है। विधानसभा में व्यस्तता के बाद भी कमिश्नर ने अधिकारियों की बैठक ली। संचालनालय का कहना है कि जुलाई माह में करीब एक लाख 30 हजार शिक्षकों ने पोर्टल पर ई अटेंडेंस नहीं लगाई है। इन सभी शिक्षकों का वेतन काटा जा रहा है। इसी सप्ताह उपस्थिति और अनुपस्थिति की



प्रदेश में बड़ी धनराशि खर्च कर शुरू हुई शिक्षकों की ई-अटेंडेंस विभाग के लिए चिंता का कारण बन गई है। पहले ही माह में इसके परिणाम आशाजनक नहीं रहे हैं। आधे शिक्षक भी यह उपस्थिति दर्ज नहीं कर पाए हैं। अब शत-प्रतिशत हाजिरी के लिए अगस्त से डिपार्टमेंट ठोस विकल्प निकाल रहा है। प्रदेश में एक जुलाई से स्कूल शिक्षा विभाग ने हमारे शिक्षक पोर्टल पर ई-अटेंडेंस प्रक्रिया शुरू की थी। विभाग क आंकड़ों में ढाई लाख शिक्षक दर्ज हैं। यह माह समाप्त हो रहा है। अभी तक जो आंकड़ा आया है, उसमें से मात्र 80 हजार शिक्षकों ने ही पोर्टल पर हाजिरी दर्ज की है। बकाया टीचरों ने इससे दूरियां बनाई हैं। जिलों से शिक्षा अधिकारियों ने जो रिपोर्ट प्रेषित की है। उसने लोक शिक्षण संचालनालय को हैरान कर दिया है। करीब 20 हजार ऐसे शिक्षक हैं जो मतदाता सूची के कार्य में उलझे हुए हैं।

# चेक पोस्ट बंद होने के बाद 51 चेक प्वाइंट सक्रिय

**भोपाल, प्रातः किरण संवाददाता।**

### 31 करोड़ से ज्यादा मिला राजस्व

प्रदेश के बदनाम चेकपोस्टों को बंद करने के बाद नई चेक प्वाइंट की जो व्यवस्था सरकार ने लागू की है, उनसे पिछले एक साल में 31 करोड़ से ज्यादा का राजस्व मिल चुका है। परिवहन विभाग की सूची में 55 चेक प्वाइंट शामिल हैं, लेकिन इनमें 51 ही सक्रिय हैं। इन 51 चेक प्वाइंट से राजस्व मिल रहा है। इन्हीं 51 प्वाइंट से नई व्यवस्था से पहले चेक पोस्ट के तौर पर राजस्व आता था।

विधानसभा में यह लिखित जानकारी प्रदेश के परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप ने कांग्रेस विधायक विक्रांत भूरिया के चेक प्वाइंट व्यवस्था को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में लिखित में दी। जानकारी में किन चेक प्वाइंटों पर कौन कौन तैनात है, यह भी बताया गया है। विधानसभा में लगे अतारांकित प्रश्न में यह पूछा गया कि प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2023-24 से अंतरराज्यजीय चेक पोस्ट के हटाए जाने के बाद से परिवहन विभाग ने प्रदेश से लगने वाले अन्य राज्य की सीमा पर जांच के लिए फ्लाइंग स्क्वाड और अन्य कार्य के लिए कौन-कौन से अधिकारी व कर्मचारियों को नियुक्त किया है।

**मानव रहित कार्रवाई को बढ़ावा देना लक्ष्य**-बता दें कि प्रदेश सरकार ने एक जुलाई से प्रदेश के चेक पोस्टों को बंद कर दिया था, जिसके बाद नई व्यवस्था के तहत परिवहन चेक प्वाइंट शुरू किए गए। इन परिवहन चेकप्वाइंट को अत्याधुनिक ढंग से संचालित करने का दावा किया गया था लेकिन बजट व संसाधनों की कमी के कारण यह समय पर संचालित नहीं हो सके थे। इन चेक प्वाइंटों पर मानव रहित कार्रवाई को बढ़ावा दिया जाना लक्ष्य है।

# लिमतरा सरगांव के पास दर्दनाक हादसा, 15 गायों की कुचलकर




### नेशनल हाइवे फिर बना गौवंशों की मौत का

**बिलासपुर, प्रातः किरण संवाददाता।**

रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाइवे पर एक बार फिर दर्दनाक सड़क हादसे में गौवंशों की जान चली गई। लिमतरा सरगांव के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे 16 गौवंशों को कुचल दिया। हादसे में 15 गायों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक घायल अवस्था में है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। गुस्साए गौसेवकों ने मृत गायों के शवों को सड़क पर रखकर चक्काजाम किया और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। यह जिले में पिछले 20 दिनों में इस तरह की तीसरी बड़ी घटना है। इससे पहले रतनपुर, चकरभाठा, सिलपहरी-कराड़ और ढेका मार्ग पर हुए हादसे में 50 से अधिक गौवंशों की जान गई थी। उल्लेखनीय है कि इसी क्रम में प्रशासन ने एक दिन पूर्व ही जिले में धारा 163 लागू कर दी थी, जिसके तहत अब आवारा पशुओं की वजह से होने वाले सड़क हादसों के लिए मवेशी मालिकों को उत्तरदायी ठहराया जाएगा। इस नियम के तहत खुले में पशुओं को छोड़ने पर जुर्माना और दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। फिलहाल प्रशासनिक अमला मौके पर मौजूद है और स्थिति को सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा है। हादसे की जांच जारी है।

# ड्यूक विश्वविद्यालय के शोध ने खोले मस्तिष्क के रहस्य

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



विज्ञान की दुनिया में हर दिन कुछ नया हो रहा है, लेकिन जब बात जीवन, उम्र और स्वास्थ्य की हो, तब हर खोज एक वरदान की तरह होता है। अमेरिका के प्रतिष्ठित ड्यूक विश्वविद्यालय द्वारा किया गया एक नया शोध इस दिशा में क्रांतिकारी माना जा रहा है। यह शोध बताता है कि एमआरआई स्कैन (टॅल्ली३ू फीर२ङ्कल्लंल्ली ॅ्रूल्लॅ) केवल मस्तिष्क की बनावट को नहीं दिखाता, बल्कि यह भी भविष्यवाणी कर सकता है कि कोई व्यक्ति जैविक रूप से कितनी तेजी से बूढ़ा हो रहा है और उसकी जीवन प्रत्याशा कितना हो सकता है। अब तक एमआरआई को केवल एक डायग्नोस्टिक टूल के रूप में देखा जाता था, जिससे ब्रेन ट्यूमर, स्ट्रोक, मस्तिष्क क्षति आदि का पता लगाया जाता था। लेकिन ड्यूक विश्वविद्यालय के शोधकताओं ने इसे एक नया आयाम दिया है। उनके अनुसार, एमआरआई से मस्तिष्क के विभिन्न हिस्सों कॉर्टेक्स, हिप्पोकैम्पस और ब्रेन वेंट्रिकल्स, की बनावट और उनके परिवर्तन के आधार पर यह अनुमान लगाया जा सकता है कि व्यक्ति जैविक रूप से कितनी तेजी से उम्रदराज हो रहा है। व्यक्ति के जन्म तिथि से कालानुक्रमिक उम्र तो तय होता है, लेकिन जैविक उम्र उस गति को दशार्ता है जिससे शरीर वास्तव में बूढ़ा हो रहा है। यह उम्र व्यक्ति के आहार, जीवनशैली, जेनेटिक्स और पर्यावरणीय प्रभावों पर निर्भर करता है। ड्यूक यूनिवर्सिटी के न्यूरोसाइंटिस्ट्स ने हजारों एमआरआई स्कैन का विश्लेषण कर यह पाया है कि मस्तिष्क के ऊतकों में कई ऐसे पैटर्न होते हैं जो व्यक्ति की जैविक उम्र की ओर इशारा करता है। मोटा कॉर्टेक्स और बड़ा हिप्पोकैम्पस अच्छी स्मृति, बेहतर संज्ञानात्मक कार्य और युवा जैविक अवस्था का संकेत देता है। सिकुड़ता हुआ हिप्पोकैम्पस तेजी से बुढ़ापे की ओर बढ़ने का संकेत देता है, साथ ही अल्जाइमर और डिमेंशिया का खतरा भी बताता है। मस्तिष्क निलयों के पास ऊतक का पतला होना यह दशार्ता है कि व्यक्ति की जैविक उम्र सामान्य से अधिक तेजी से बढ़ रहा है। शोध में पाया गया है कि जिन लोगों की जैविक उम्र तेजी से बढ़ रहा था, उनकी औसतन मृत्यु दर अन्य लोगों की तुलना में 40% अधिक था। यही नहीं, दीर्घकालिक रोगों जैसे अल्जाइमर, स्ट्रोक, हृदय रोग की संभावना भी उनमें 18% अधिक पाया गया। शोधकताओं का कहना है कि जीवनशैली में सुधार जैसे संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, तनाव प्रबंधन से जैविक उम्र की रफ्तार को कम किया जा सकता है। यह बिल्कुल वैसा ही है जैसे ब्रेक लगाकर तेज रफ्तार गाड़ी को धीमा करना। ड्यूक विश्वविद्यालय की शोध टीम ने इस अध्ययन में हजारों लोगों के मस्तिष्क के एमआरआई स्कैन को इकट्ठा किया। इन स्कैन को अत्याधुनिक मशीन लर्निंग तकनीकों की मदद से विश्लेषित किया गया। तकनीक में पैटर्न पहचानने के लिएऔर बीमारी के संबंध को समझने के लिए, स्मृति, निर्णय क्षमता, और सोचने की प्रक्रिया का मूल्यांकन करने के लिए इस्तेमाल की गई। इन सभी सूचनाओं को जोड़कर एक इ१्रल्ल ॲ कल्ली७ तैयार किया गया जो यह बताता है कि मस्तिष्क की संरचना से जैविक उम्र कितनी मेल खा रही है। इस शोध का उपयोग करके डॉक्टर न केवल मस्तिष्क रोगों की शुरूआती पहचान कर सकते हैं, बल्कि व्यक्ति को यह भी सुझाव दे सकते हैं कि उन्हें अपनी जीवनशैली में किन बदलावों की आवश्यकता है। अल्जाइमर जैसी बीमारी की पहले चरण में पहचान, स्ट्रोक की पूर्व चेतावनी, मानसिक स्वास्थ्य के दीर्घकालीन विश्लेषण, जीवनशैली आधारित निवारक उपायों की शुरूआत। फिलहाल यह तकनीक शोध के स्तर पर है, लेकिन जैसे-जैसे इसका सटीकता स्तर बढ़ेगा, यह आने वाले वर्षों में क्लीनिकल प्रैक्टिस का हिस्सा बन सकता है। स्वास्थ्य बीमा कंपनियां जैविक उम्र के आधार पर बीमा प्रीमियम तय कर सकती हैं। हॉस्पिटल्स में रूटीन चेकअप में जैविक उम्र की गणना को शामिल किया जा सकता है। सरकारें इस डेटा का उपयोग जनसंख्या स्वास्थ्य रणनीति में कर सकती हैं। अगर जैविक उम्र, मृत्यु दर और बीमारियों का संकेत देती है, तो इसे घटाने के लिए आहार में बदलाव- प्रोसेस्ड फूड से बचें, फल-सब्जी और फाइबर युक्त आहार लें। नियमित व्यायाम- सप्ताह में 150 मिनट की फिजिकल एक्टिविटी उम्र की रफ्तार को कम कर सकती है। योग और ध्यान- मानसिक शांति और न्यूरोप्लास्टिसिटी बढ़ाता है। नींद- 7-8 घंटे की गहरी नींद मस्तिष्क ऊतकों को स्वस्थ रखती है। सकारात्मक सोच- तनाव जैविक उम्र को बढ़ाता है, जबकि हँसी और संतुलित मन इसे घटाते हैं। जहां यह शोध अत्यंत उपयोगी है, वहीं इसकी कुछ सीमाएं भी हैं। हर व्यक्ति के मस्तिष्क का बनावट भिन्न होता है, अतः जनरलाइजेशन करना कठिन हो सकता है। तकनीक को सटीक और सुलभ बनाने में अभी समय लगेगा। कुछ आलोचकों का मानना है कि एमआरआई महंगा है, अतः आम जनता के लिए अभी यह व्यवहारिक नहीं है।

# नींद की गोली का सेवन स्वास्थ्य के लिए कितना हानिकारक

अंकित श्रीवास्तव




नींद की गोलियों का सेवन यदि सीमित मात्रा में और डॉक्टर की सलाह से किया जाए तो यह अस्थायी रूप से लाभकारी हो सकता है, लेकिन जब इनका अनियंत्रित, बार-बार या अत्यधिक मात्रा में सेवन किया जाता है, तो यह स्वास्थ्य के लिए अत्यंत घातक साबित हो सकता है। नींद की गोलियों में ज्यादातर बेंजोडायाजेपाइन, जेड-क्लास ड्रग्स (जैसे जोलपिडेम) या एंटीहिस्टामाइन जैसे रसायन होते हैं, जो मस्तिष्क की तंत्रिकाओं को शांत कर अस्थायी रूप से नींद लाते हैं, लेकिन इन पर निर्भरता बढ़ने से व्यक्ति को लत लग जाती है और बिना गोली के नींद आना असंभव हो जाता है। इसके दुष्परिणामों में याददाश्त कमजोर होना, चक्कर आना, थकान, सिरदर्द, मांसपेशियों में कमजोरी, अवसाद, बेचैनी, भ्रम की स्थिति और आत्महत्या के विचार तक शामिल हो सकते हैं। यदि कोई व्यक्ति इन दवाओं का अत्यधिक सेवन करता है, विशेष रूप से शराब या अन्य नशीले पदार्थों के साथ, तो यह स्थिति जानलेवा हो सकती है, जिससे व्यक्ति कोमा में जा सकता है या उसकी मृत्यु भी हो सकती है। नींद की गोली की घातक मात्रा व्यक्ति की उम्र, वजन और सहनशक्ति पर निर्भर करती है, लेकिन सामान्यतः निर्धारित खुराक से दो या तीन गुना अधिक मात्रा का सेवन गंभीर परिणाम उत्पन्न कर सकता है। कई बार लोग मानसिक तनाव, अवसाद या निजी समस्याओं के चलते आत्मघाती विचारों के प्रभाव में आकर नींद की गोलियों का ओवरडोज लेते हैं, जो अत्यंत खतरनाक और अप्रत्याशित नतीजे दे सकता है। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि नींद की समस्या के लिए हमेशा चिकित्सकीय परामर्श लिया जाए और स्वयं से दवा लेना बंद किया जाए। नींद न आने की समस्या को हल करने के लिए योग, ध्यान, नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार और स्क्रीन टाइम कम करना जैसे प्राकृतिक उपाय अपनाए जा सकते हैं। याद रखें, नींद की गोली इलाज नहीं बल्कि केवल अस्थायी सहारा है, और इसका अधिक सेवन धीरे-धीरे शरीर और मस्तिष्क दोनों को नुकसान पहुँचाता है। अतः जागरूक रहना और सावधानी बरतना ही सबसे उत्तम उपाय है।

# अपने अपमान की महिलायें स्वयं जिम्मेदार

**इस बयान के बाद तो गोया पूरे देश में भूचाल सा आ गया। मथुरा में भी महिलाएं व अन्य संगठनों ने इनके विरुद्ध प्रदर्शन किया। जगह जगह उनके पुतले फूंके गये। कई जगह से उनके विरुद्ध महिला संगठनों द्वारा एफ आई आर करने की खबरें सुनीं गयीं। उधर एक बार फर इस विवादित बयान को लेकर भी टी आर पी की दौड़ में जुटे मीडिया समूहों को मसाला खबरें बेचने की सामग्री हासिल हो गयी। अनिरुद्धाचार्य ने अपने बयान को लेकर उपजे विवाद व हंगामे के बाद एक वीडियो जारी कर यह कहा है कि मेरी कुछ बहनें प्रसारित हो रहे वीडियो से आहत हैं। कहना चाहता हूं कि कुछ लड़कियां ऐसी होती हैं कि लिव इन में रहकर चार जगह मुंह मार के किसी के घर जाएंगी, तो क्या वे किसी रिश्ते को निभा पाएंगी।**





**निर्मल रानी**
**(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं)**

हमारे देश में अनेकानेक स्वयंभू संत, प्रवचनकर्ता, ज्योतिषी व धर्मगुरु टी वी स्क्रीन की ह्यशोभाह्न बढ़ा हैं। ऐसे कई स्वयंभू संत व प्रवचनकर्ता जब कैमरे के सामने ह्यप्रकटह्न होते हैं तो उनका साज श्रृंगार, मेकअप उनकी निराली अदाएं सब कुछ देखने लायक होती हैं। ऐसे ही एक ह्यकथावाचकह्न व आध्यात्मिक गुरु कहे जाने वाले अनिरुद्धाचार्य का नाम अक्सर किसी न किसी विवाद को लेकर चर्चा में रहता है। रुपहले पर्दे पर नजर आने का शौक रखने वाले अनिरुद्धाचार्य लाफ़्टर शेफ़्स में एक अतिथि के रूप में देखे जा चुके हैं। वे बिग बॉस 18 में शो के ग्रैंड प्रीमियर के दौरान अतिथि के रूप में भी शोभायमान हो चुके हैं। परन्तु वे अपनी कई टिप्पणियों व अंधविश्वास पूर्ण बातों के लिये विवादों में भी रह चुके हैं। कभी कभी शब्दों को तोड़मरोड़कर पेश करने के लिये भी वे हास्य का पर्याय बन चुके हैं। जैसे उन्होंने बिस्किट को ह्वविष-की-किटह्न यानी जहर का पैकेट परिभाषित कर दिया। तो कभी पीज्जा में पड़ने वाले चीज (पनीर) को गोंद कहकर उसका मजाक उड़ाते सुने गये। एक बार उन्होंने यह भी कहा था कि- ह्यमहिलाओं को पीछे की ओर नहीं सोना चाहिए क्योंकि इससे उनके स्तन अशुद्ध हो जाएंगेह्न। एक बार एक टी वी शो के दौरान उन्हें कुछ तार्किक व वैज्ञानिक सोच रखने वाले कुछ शिक्षित लोगों का सामना करना पड़ा। उस समय टी वी एंकर द्वारा उन्हें उनके प्रवचन का वह अंश याद दिलाया गया जिसमें उन्होंने यह कहा था कि गाय के गोबर में से गेंहू चुनचुन कर निकालकर उस गेंहू का पिसा आटा खाने से पुत्र रत्न प्राप्त होता है? परन्तु पिछले दिनों अपने एक तथाकथित ह्लप्रवचनह्न में तो अनिरुद्धाचार्य ने महिलाओं का अपमान करने की सभी सीमायें पार कर दीं। यही महिलाएं जो ऐसे स्वयंभू संतों व प्रवचन कताओं का प्रवचन शुरू होने से पहले सज संवरकर, अपने सिरों पर भारी क्लश रखकर शहर में संतों व प्रवचन कताओं की शोभा यात्रा निकालकर नगर में इनके प्रवचन में भीड़ जुटाने के लिये माहौल तैय्यार करती हैं। यही महिलायें जो इनके प्रवचन में कभी तालियां बजाकर तो कभी नृत्य कर कभी अपने दोनों हाथ ऊपर उठाकर झूम झूम कर इनके समागम में समां बांधती हैं। यहीं महिलायें जो इनके प्रवचन सुनाने अपने पति व अन्य पड़ोसियों को भी साथ लाती हैं। जो इन्हें दान देती हैं, जो रोज सुबह मंदिरों में सबसे पहले पहुँचती हैं। जो महिलायें श्रद्धा पूर्वक मंदिरों व आश्रमों में सेवा करती हैं। इन्हें महिलाओं व उनकी पुत्रियों को लेकर जिस तरह के विकार पिछले दिनों अनिरुद्धाचार्य के मुख से निकले उसने न केवल आम लोगों को बल्कि स्वयं इनके भक्तों को भी आश्चर्य चकित कर दिया। जो शब्द उन्होंने महिलाओं के लिए इस्तेमाल किये शायद इससे अधिक घटिया शब्दों का चयन हो भी नहीं सकता है। उन्होंने अपने एक प्रवचन के दौरान कुंवारी लड़कियों की शादी की उम्र को लेकर अत्यंत विवादित व आपत्तिजनक बयान दे डाला। उन्होंने कहा कि ह्यलोग विवाह के लिये लड़की लाते हैं पच्चीस साल की। अब 25 साल की लड़की चार जगह मुंह मार चुकी होती है। सब नहीं पर बहुत, और वह पच्चीस साल की जब आती है तो पूरी जवान होकर आती है। जब जवान हो कर आएगी तो स्वाभाविक है कि वह अपनी जवानी कहीं न कहीं वह, उसकी जवानी फिसल जाएगीह्न। साथ ही उन्होंने 14 साल की उम्र में लड़की की शादी को जायज ठहराया। गौर तलब है कि भारत में बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत इस उम्र में शादी अवैध है। इस बयान के बाद तो गोया पूरे देश में भूचाल सा आ गया। मथुरा में भी महिलाएं व अन्य संगठनों ने इनके विरुद्ध प्रदर्शन किया। जगह जगह उनके पुतले फूंके गये। कई जगह से उनके विरुद्ध महिला संगठनों द्वारा एफ आई आर करने की खबरें सुनीं गयीं। उधर एक बार फर इस विवादित बयान को लेकर भी टी आर पी की दौड़ में जुटे मीडिया समूहों को मसाला खबरें बेचने की सामग्री हासिल हो गयी। अनिरुद्धाचार्य ने अपने बयान को लेकर उपजे विवाद व हंगामे के बाद एक वीडियो जारी कर यह कहा है कि ह्यमेरी कुछ बहनें प्रसारित हो रहे वीडियो से आहत हैं। कहना चाहता हूं कि कुछ लड़कियां ऐसी होती हैं कि लिव इन में रहकर चार जगह मुंह मार के किसी के घर जाएंगी, तो क्या वे किसी रिश्ते को निभा पाएंगी। इसलिए लड़की हो या फिर लड़का दोनों को चरित्रवान होना चाहिए। ह्य यह कहकर मुआफी मांगनी तो क्या उन्होंने अपनी ह्यचार जगह मुंह मारने ह्य जैसी सड़क छाप ह्यभाषा शैली ह्य का फिर से इस्तेमाल किया। शायद वे सोच रहे हों कि बदनाम अगर होंगे तो क्या नाम न होगा? जरा सोचिये कि किरण बेदी व कल्पना चावला के देश में जहाँ लड़कियां चाँद पर पहुँचने की होड़ में लगी हुई हैं। जिस देश में प्रतिभावान युवतियां सिविल सेवाओं में व डॉक्टर इंजीनियर व उद्यमी बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। जहाँ सेनाओं में उच्च पदों पर अपनी सेवाएं देकर देश का गौरव बढ़ा रही हों, उस देश की महिलाओं को यह अशिक्षित रहकर शिक्षा ग्रहण करने की उम्र में शादी रचाने की सलाह देते हैं। गोया एक अनपढ़ मां की परिकल्पना को साकार करने की कोशिश करते हैं? रहा सवाल चार जगह मुंह मारने का तो यह देश का दुर्भाग्य है कि इसी भारतीय समाज में कुछ कुसंस्कारी लोग सभी क्षेत्रों व समाज के सभी वर्गों में हैं जो मुंह मारते रहते हैं। चाहे वह संत समाज ही क्यों हो। जहाँ आज अनेक चरित्रवान त्यागी परोपकारी व धर्मात्मा संत धर्म की रक्षा में लगे हैं वहीं कुछ ह्यमुंह मारने ह्य वाले जेल की सजा भी भुगत रहे हैं। कभी कोई संत औरतों को 5-10 बच्चे पैदा करने की सलाह देता है। गोया आसमान की बुलंदी को छूने वाली महिलायें इन जैसों की नजरों में केवल बाल विवाह सामग्री व बच्चे पैदा करने की मशीन मात्र रह गयी हैं? कहना गलत नहीं होगा कि महिलाओं के प्रति ऐसी विकृत मानसिकता रखने वाले स्वयंभू संतों की भक्ति में डूबी महिलायें स्वयं ही अपने अपमान की जिम्मेदार हैं।

# भारतीय दर्शन को अपनाकर वैश्विक समस्याओं का हल निकाल सकता हैं ट्रम्प प्रशासन

**भारतीय आर्थिक चिंतन पश्चिम के आर्थिक चिंतन के ठीक विपरीत है। हिंदू सनातन संस्कृति के अनुसार, अर्थ एवं भोग को धर्म के अनुसार ही कार्यशील रखना चाहिए। इस संदर्भ में संयम को प्राथमिकता दी गई है। कोई भी कार्य, सीमा के अंदर किया जाय तो उचित होता है। सीमा के बाहर जाकर किया गया कार्य, समाज में अस्थिरता प्रतिपादित कर सकता है। अत्यधिक भोग, भारतीय संस्कृति में निषेध है। अर्थ के अधिक मात्रा में अर्जन पर हालांकि किसी प्रकार का निषेध नहीं है परंतु अर्थ के उपभोग पर जरूर कुछ सीमाएं निर्धारित हैं। अर्थ का उपयोग स्वयं की सुख प्राप्ति के लिए उपभोग करने के उपरांत परिवार, समाज, धर्म की रक्षा, संस्कृति के विस्तार, भविष्य की सुरक्षा के लिए बचत, आदि के लिए करना आवश्यक माना गया है। पश्चिमी सभ्यता के अनुसार तो अर्थ का उपभोग केवल एवं केवल स्वयं के लिए किया जाता है एवं येन केन प्रकारेण व्यक्ति द्वारा इसकी वृद्धि हेतु प्रयास किए जाते हैं।**





IANS

**प्रहलाद सबनानी**
**(सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक)**

वैश्विक स्तर पर आज की आर्थिक परिस्थितियों के बीच भारत का प्राचीन आर्थिक दर्शन संभवतः आशा की किरण के रूप में दिखाई पड़ता है। अमेरिका जैसा शक्तिशाली देश, अपने अहंकार के मद में, जब अपने पड़ौसी देशों एवं हितचिंतक देशों के साथ ही अन्य अविकसित एवं विकासशील देशों को भी नहीं बक्श रहा है एवं इन देशों से अमेरिका को होने विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर टैरिफ का डंडा चला रहा है, तब भारतीय आर्थिक दर्शन की ह्लवसुधैव कुटुंबकमह्न, ह्लसर्वजन हिताय सर्वजन सुखायह्न एवं ह्लसर्वे भवंतु सुखिन सर्वे संतु निरामयाःह्न जैसी नीतियों की याद सहज रूप से ही आ जाती है। भारतीय आर्थिक दर्शन के अनुसार, अर्थ का अर्जन करना बुरी बात नहीं है परंतु इसका धर्म के अनुसार उपयोग नहीं करना बुरी बात है। ट्रम्प प्रशासन की वर्तमान नीतियों से स्पष्ट झलकता है कि अथाह मात्रा में इकट्ठे किए गए धन का उपयोग विश्व के अन्य देशों को डराने धमकाने के लिए किया जा रहा है। अमेरिका आज कई देशों पर दबाव बनाता हुआ दिख रहा है कि यदि किसी देश ने उसकी शर्तों के अनुरूप अमेरिका के साथ द्विपक्षीय आर्थिक समझौता नहीं किया तो उस देश से होने वाले वस्तुओं के अमेरिका में आयात पर भारी मात्रा में टैरिफ लगाया जाएगा। यह सत्य है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान विश्व के कई देश विकास की राह पर तेज गति से आगे बढ़े हैं और आज यह सम्पन्न देशों की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। इन देशों के नागरिकों को भौतिक सुख की प्राप्ति तो हुई है परंतु उनके जीवन में मानसिक सुख का पूर्णतः अभाव है। अतः इनके जीवन में संतोष का अभाव है और यह लोग कुंठा की भावना में बहते हुए कुछ इस प्रकार के निर्णय ले रहे हैं जिससे समाज के अन्य लोगों का अहित हो रहा है। पश्चिमी देशों में पूंजीवादी नीतियों के चलते कुछ लोग केवल अपने आर्थिक विकास की ओर पूरा ध्यान केंद्रित किए हुए हैं, समाज के अन्य नागरिकों की स्थिति कैसी है, इस बात पर उनका ध्यान बिलकुल नहीं है। अपने को अधिक धनवान बनाने की प्रक्रिया में वे अपने ही समाज के नागरिकों का अहित करने से भी नहीं चूकते हैं। आज अमेरिका की स्थिति भी लगभग यही है। आज वह पूरे विश्व की चौधराहट प्राप्त करने के प्रयास में कुछ इस प्रकार की नीतियों का अनुपालन करता हुआ दिखाई दे रहा है जो अन्य देशों का नुक्सान कर सकती हैं। परंतु, अन्य देशों को होने वाले नुक्सान के प्रति अमेरिका आज पूर्णतः अनजान सा बना हुआ है। पूरे विश्व की आर्थिक स्थिति डावांडोल होती हुई दिखाई दे रही है। यह सब तब हो रहा है जब विश्व की बहुत बड़ी संख्या में नागरिक भूख, गरीबी एवं बेकारी से त्रस्त है। समाज का एक वर्ग अमीर से और अधिक अमीर हो रहा है तो समाज का दूसरा वर्ग गरीब से और अधिक गरीब हो रहा है। आय की असमानता की खाई निरंतर चौड़ी होती जा रही है। कुल मिलाकर अमेरिका सहित विश्व के कई विकसित देशों के नागरिक आज अपनी आर्थिक तरक्की से संतुष्ट नहीं है एवं भौतिक सुख होने के बावजूद मानसिक बीमारियों से ग्रस्त नजर आ रहे हैं। हिंदू सनातन संस्कृति के अनुसार मनुष्य का इस धरा पर जन्म, परेशनियां झेलने के लिए नहीं हुआ है। बल्कि, इस मानव जीवन को समस्याओं रहित बनाकर, शांतिपूर्ण तरीके से जीने के लिए हुआ है। आज विभिन्न देशों के नागरिक खाने पीने की वस्तुओं, अच्छे वस्त्रों, बड़े एवं सुविधाजनक निवास स्थान, मनोविनोद के साधनों में वृद्धि, वासना की वृद्धि एवं वासना की संतुष्टि के लिए विभिन्न साधनों में वृद्धि, सुख के लिए उपभोग में वृद्धि जैसे कार्यों पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित किए हुए है। जैसे इस धरा पर जीवन जीने का लक्ष्य यही है। इच्छाओं की पूर्ति सम्भव नहीं है। एक इच्छा की पूर्ति होती है तो दूसरी इच्छा जन्म ले लेती है। यह पूंजीवाद में निहित पश्चिमी विचार है। इस धारणा को और अधिक स्पष्ट करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक पूजनीय श्री गुरुजी (श्री माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर) कहते हैं कि ह्लपश्चिम के सुख की अवधारणा पूर्णतया प्रकृति जन्य इच्छाओं की संतुष्टि पर केंद्रित है, अतः उनके जीवन स्तर को उठाने का अर्थ भी केवल भौतिक आनंद की वस्तुओं को अधिकाधिक जुटाना है। इससे व्यक्ति अन्य विचारों एवं एषणाओं को छोड़कर केवल इसी में पूर्णतया संलग्न हो जाता है। भौतिक सुख साधनों की प्राप्ति की इच्छा धन संग्रह को जन्म देती है। अधिकाधिक धन प्राप्ति हेतु शक्ति आवश्यक हो जाती है; किंतु भौतिक सुख की अतृप्त क्षुधा व्यक्ति को अपनी राष्ट्रीय सीमाओं तक ही नहीं रुकने देती। सबल राष्ट्र, राज्य शक्ति के आधार पर दूसरों के दमन व शोषण का भी प्रयास करते हैं। इसमें से संघर्ष व विनाश का जन्म होता है। एक बार यह प्रक्रिया प्रारम्भ हुई कि समाप्त होने का नाम ही नहीं लेती। सभी नैतिक बंधन विच्छिन हो जाते हैं। सामान्य मानवीय संवेदनायें सूख जाती हैं। मनुष्य और पशु में अंतर स्थापित करने वाले मूल्य एवं गुण समाप्त हो जाते हैं। ह्व हालांकि उक्त विचार आज से लगभग 65/70 वर्ष पूर्व व्यक्त किए गए थे परंतु यह आज अमेरिका की स्थिति पर सटीक बैठते हैं। ह्लमेक अमेरिका ग्रेट अगेनह्व के नारे के साथ सत्ता में आने वाले श्री डानल्ड ट्रम्प आज पूरे विश्व में अराजकता की सत्ता स्थापित करने में लगे हुए हैं। केवल और केवल अमेरिका के आर्थिक हितों को प्राथमिकता देना है, इससे अन्य राष्ट्रों (अविकसित एवं विकासशील देशों सहित) का कितना भी नुक्सान हों परंतु अमेरिकी उद्योगपतियों एवं व्यवसायीयों के हित सुरक्षित रहने चाहिए, उनकी आर्थिक तरक्की होते रहना चाहिए।

# बहुभाषी, समावेशी शिक्षा अब व्यापक स्तर पर साकार

एनईपी के पाँच वर्ष पूरे होने पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि भाषा के चयन से लेकर कौशल पर बल तक, इसकी अवधारणाओं ने कक्षा के अनुभव को मूल रूप से बदल दिया है

2020 में भारत ने केवल एक नई नीति नहीं अपनाई, बल्कि एक प्राचीन आदर्श को फिर से जीवंत किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (ठएढ) ने सीखने को राष्ट्र निर्माण का आधार बनाया और इसे हमारी सभ्यतागत परंपराओं से जोड़ा। स्वर्गीय डॉ. के. कस्तूरीरंगन जी के नेतृत्व में तैयार की गई यह नीति इतिहास की सबसे व्यापक जन-सहभागिता वाली नीति-निर्माण प्रक्रिया में से एक थी। यह एक ऐसा दूरदर्शी रूपरेखा थी जो सांस्कृतिक मूल्यों में निहित था। यह एक ऐसी शिक्षा व्यवस्था की कल्पना थी जो रटने की प्रवृत्ति, कठोर ढाँचों और भाषाई ऊँच-नीच से परे हो—समावेशी, सर्वांगीण और भविष्य के लिए तैयार। पाँच वर्षों में ठएढ का असर केवल नीतियों तक नहीं, बल्कि कक्षाओं तक स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। अब प्राथमिक कक्षाओं में खेल आधारित शिक्षण, रटने की पद्धति की जगह ले चुका है; बच्चे अपनी मातृभाषा में सहजता से पढ़ रहे हैं; छठी कक्षा के विद्यार्थी व्यावसायिक प्रयोगशालाओं में हाथों-हाथ कौशल सीख रहे हैं। अनुसंधान संस्थानों में भारत का पारंपरिक ज्ञान आधुनिक विज्ञान के साथ संवाद कर रहा है। ठएढ की सोच रळएट क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और वैश्विक मंचों पर भारतीय संस्थानों की उपस्थिति में भी झलकती है। निपुण भारत मिशन ने बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को कक्षा 2 तक सुनिश्चित किया है। अरएफ2024 और परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 जैसी रिपोर्टों में यह प्रगति परिलक्षित होती है—आज की कक्षाएं जिज्ञासा और समझ का केंद्र बन चुकी हैं। विद्या प्रवेश और बालवाटिका जैसी पहलें अब प्रारंभिक बाल्यावस्था की देखभाल और शिक्षा को व्यवस्थित रूप से एकीकृत कर रही हैं। 22 भारतीय भाषाओं में जादुई पिटारा और ई-जादुई पिटारा, नई पीढ़ी की पाठ्यपुस्तकों के साथ, शिक्षा को रुचिकर बना रहे हैं। ठकरलठळलअ प्रशिक्षण के माध्यम से 14 लाख से अधिक शिक्षक प्रशिक्षित हो चुके हैं और उरूडरलअ जैसे प्लेटफॉर्म शिक्षण सामग्री को देशभर में सुलभ बना रहे हैं। ठएढ ने यह स्पष्ट किया कि भाषा कोई बाधा नहीं, बल्कि सशक्तिकरण का माध्यम है। 117 भाषाओं में प्राइमर विकसित किए गए हैं और भारतीय सांकेतिक भाषा को एक विषय के रूप में शामिल किया गया है। भारतीय भाषा पुस्तक योजना और राष्ट्रीय डिजिटल भंडार जैसी योजनाएं भाषाई और सांस्कृतिक ज्ञान को लोकतांत्रिक बना रही हैं। और कक्षा 1 से 8 की नई किताबें अब जारी हो चुकी हैं। प्रेरणा (ढफएफठअ) एक सेतु कार्यक्रम है जो छात्रों को नई पाठ्यचर्या में सहजता से ढालने के लिए मार्गदर्शन करता है, ताकि वे अभिभूत न हों, बल्कि हर चरण में सहयोग प्राप्त करें। समग्र शिक्षा और पीएम पोषण जैसी योजनाओं ने लगभग सार्वभौमिक नामांकन को संभव बनाया है। ठएढ का प्रभाव वंचित समूहों तक भी पहुँचा है। 5,138 से अधिक कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में 7.12 लाख से अधिक वंचित समुदायों की बालिकाएं नामांकित हैं। धर्ती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 692 और ढश्ळऋ छात्रों के लिए 490 से अधिक छात्रावास स्वीकृत किए गए हैं। प्रशस्त कार्यक्रम के माध्यम से दिव्यांगता की पहचान कर शिक्षा व्यवस्था को और अधिक समावेशी व सशक्त बनाया गया है। ठएढ 2020 के परिवर्तन का एक प्रमुख स्तंभ हैं 14,500 पीएम-श्री स्कूल, जो आधुनिक, समावेशी और पर्यावरण के अनुकूल हैं। ये विद्यालय ठएढ के विजन के अनुरूप आदर्श मॉडल स्कूल बन रहे हैं, जो बुनियादी ढाँचे और शिक्षण पद्धति दोनों को पुनर्परिभाषित कर रहे हैं। विद्यांजलि प्लेटफॉर्म ने 8.2 लाख स्कूलों को 5.3 लाख से अधिक और 2,000 उरफपार्टनर्स से जोड़ा है, जिससे 1.7 करोड़ छात्रों को सीधा लाभ मिला है। उच्च शिक्षा में कुल नामांकन 3.42 करोड़ से बढ़कर 4.46 करोड़ हो गया है—30.5% की बढ़ोत्तरी। इनमें लगभग 48% छात्राएं हैं। महिला ढँऊनामांकन 0.48 लाख से बढ़कर 1.12 लाख हो गया है। रउ, रळ, डइउ और अल्पसंख्यक छात्रों का बढ़ता नामांकन उच्च शिक्षा में समावेशिता का ऐतिहासिक संकेत है। महिला ॠफलगातार छह वर्षों से पुरुषों से अधिक रहा है। मल्टीपल एंट्री-एग्जिट, और ठं३ङ्कल्लं' जैसे नवाचारों ने शिक्षा को विकल्पों से भरपूर और छात्र-केंद्रित बनाया है। 21.12 करोड़ अढअअफक्ळ्र उपलब्ध कराई गई हैं। 153 विश्वविद्यालयों में मल्टीपल एंट्री और 74 में एग्जिट विकल्प उपलब्ध हैं—अब सीखना क्रमबद्ध नहीं, बल्कि मॉड्यूलर है। ठएढ के अनुसंधान और नवाचार पर जोर ने भारत के को 81वें स्थान से 39वें तक पहुंचाया है। 400 से अधिक उच्च शिक्षा संस्थानों में 18,000 से अधिक स्टार्टअप इनक्यूबेट किए गए हैं। अनुसंधान 2.0, और 6,000 करोड़ की वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन योजना शोध को विकेंद्रीकृत और सुलभ बना रही हैं।जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर 5.3 करोड़ से अधिक नामांकन हो चुके हैं। और चैनलों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण सामग्री देश के हर कोने में उपलब्ध हो रही है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, शुक्रवार, 01 अगस्त, 2025



## संक्षिप्त खबरें

### उप्र में वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत

अमेठी। उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में बृहस्पतिवार को एक भारी वाहन की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि 28 वर्षीय गौरव सिंह मोटरसाइकिल से कहीं जा रहा था कि इसी दौरान रास्ते में अमेठी-प्रतापगढ़ मार्ग के मिश्रौली के पास सामने से आ रहे एक भारी वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। प्रभारी निरीक्षक थाना अमेठी रवि सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि चालक फरार है और उसकी तलाश की जा रही है।

### बिजनौर में जीएसटी विभाग की छापेमारीः दो फर्मों में अनियमितता उजागर, विधिक कार्रवाई की तैयारी

प्रात: किरण अवनीश त्यागी

बिजनौर, जनपद बिजनौर में जीएसटी विभाग ने जनता दर्शन के दौरान प्राप्त एक गंभीर शिकायत पर संज्ञान लेते हुए दो फर्मों पर छापेमारी कर जांच की, जिसमें अनियमितताएं सामने आई हैं। यह कार्रवाई जिलाधिकारी बिजनौर के निर्देश पर की गई। उपायुक्त (विषेश अनुसंधान शाखा) राज्य कर, बिजनौर के अनुसार खालिद, तालिब, आबिद पुत्र ताहिर आदि के खिलाफ जनता दर्शन के समय प्राप्त शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई। संयुक्त आयुक्त (वि० अनु० शा०) श्रीमती प्रीति शर्मा के निर्देशन में गंज रोड स्थित नेशनल वुड प्रोडक्ट्स और सुपर बोर्ड इंडस्ट्रीज नामक दो फर्मों में छापा मारा गया। जांच के दौरान नेशनल वुड प्रोडक्ट्स नामक फर्म पूरी तरह से बंद पाई गई, जिसका पंजीकरण पूर्व से ही रद्द हो चुका था। दूसरी ओर, सुपर बोर्ड इंडस्ट्रीज में किसी प्रकार की निर्माण गतिविधि नहीं हो रही थी, फिर भी फैक्ट्री स्थल पर प्लाईवुड का स्टॉक मिला और उसकी बिक्री होते देखी गई। जीएसटी टीम द्वारा जब स्टॉक का मिलान अभिलेखों से किया गया तो प्रथम दृष्टया व्यापारी स्टॉक का पूरा विवरण प्रस्तुत नहीं कर सका। इससे स्पष्ट हुआ कि फर्म में कर संबंधी अनियमितताएं हैं। अधिकारियों ने बताया कि नियमानुसार आगे विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस छापेमारी अभियान में उपायुक्त (वि० अनु० शा०) पुष्पेश, सहायक आयुक्त प्रवीण वर्मा, राज्य कर अधिकारी भूषण और संदीप कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।

### कंटेनर ने बस में टक्कर मारी, बाल-बाल बचे यात्री

लखनऊ। मलिहाबाद के मुजासा अण्डर पास पर गुरुवार को दुबग्गा डिपो की सिटी बस में पीछे से आ रहे कंटेनर ने टक्कर मार दी। टक्कर से बस का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कुछ सवारियों को मामूली चोट आई। मलिहाबाद पुलिस ड्राइवर को हिरासत में लेकर कंटेनर को कब्जे में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक दुबग्गा डिपो की बस गुरुवार दोपहर में मलिहाबाद से दुबग्गा की तरफ आ रही थी। बस करीब दो बजे मुजासा अण्डर पास पर पहुंची ही थी तभी पीछे से आ रहे कंटेनर ने बस में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कुछ सवारियां आगे वाली सीट से टकराकर चोटिल हो गई।

### जयंती पर याद किए गए गोस्वामी तुलसीदास

लखनऊ,। केएमसी भाषा विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग की ओर से गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर संगोष्ठी आयोजित कर उन्हें याद किया गया। मुख्य अतिथि कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ला रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी विभाग की प्रभारी डॉ. जहां आर. जैदी व संचालन डॉ. योगेंद्र कुमार सिंह ने किया। डॉ. अंशुल पांडेय ने बताया कि किशोरों और पारिवारिक जीवन में तुलसी का बहुत महत्व है। इस दौरान विधि विभागाध्यक्ष डॉ. पीयूष त्रिवेदी, डॉ. राजकुमार सिंह, डॉ. विपिन कुमार सिंह, छात्र अविष्कार यादव ने अपने विचार रखे।

### अप्रेंटिस मेले में 58 अभ्यर्थी चयनित

लखनऊ,। अलीगंज स्थित आईटीआई में गुरुवार को आयोजित अप्रेन्टिसशिप मेले में कम्पनियों ने 58 प्रशिक्षार्थियों का चयन किया। मेले में शामिल टाटा मोटर्स लखनऊ, वीई कामर्शियल व्हीकल लिमिटेड, इंडिया पेस्टीसाइड प्रा.लि. एवं एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कम्पनियां चयनित अभ्यर्थियों को 9675 से 18 हजार रुपये प्रतिमाह तक का स्टाइपेंड एवं अन्य सुविधाएं देंगी। अप्रेंटिस मेले में शामिल 105 अभ्यर्थी में से 81 अभ्यर्थी पात्र पाए गए। साक्षात्कार के बाद 58 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

# मालेगांव ब्लास्ट केस पर धर्मगुरुओं का रिएक्शनः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि जिन स्कूलों में 50 से अधिक बच्चे हैं उनका दूसरे स्कूलों में मर्जर नहीं होगा। एनआईए कोर्ट मुम्बई ने मालेगांव बम धमाका मामले में सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। कोर्ट के इस फैसले का यूपी के धर्मगुरुओं ने स्वागत किया है। गोस्वामी तुलसीदास के जयंती समारोह में शामिल होने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को चित्रकूट पहुंचे। बेसिक शिक्षा मंत्री ने किया स्पष्ट, 50 से अधिक बच्चों वाले विद्यालयों का नहीं किया जाएगा विलय संदीप सिंह ने कहा कि प्रदेश में अब ऐसे स्कूलों का भी विलय नहीं होगा जहां 50 से ज्यादा बच्चे हैं। इसके साथ ही एक किमी से ज्यादा दूरी वाले स्कूलों को भी मर्ज नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेसिक शिक्षा परिषद के 50 से कम नामांकन वाले दस हजार से अधिक विद्यालयों का विलय हो चुका है। भगवा को आतंकवाद कहने वालों के मुंह पर लगा तालाह्ण, मालेगांव बम धमाके के फैसले पर धर्मगुरुओं की प्रतिक्रिया एनआईए की स्पेशल कोर्ट ने मुम्बई से करीब 200 किलोमीटर दूर मालेगांव कस्बे में 29 सितंबर 2008 को मस्जिद के पास खड़ी बाइक में बंधा विस्फोटक के फटने से छह लोगों की मौत और सौ से अधिक के घायल होने के प्रकरण में आरोपितों पर करीब 17 वर्ष बाद फैसला दिया तुलसी जयंती समारोह में शामिल होने चित्रकूट पहुंचे मुख्यमंत्री योगी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोस्वामी तुलसीदास जयंती समारोह में भाग लेने राजापुर पहुंचे। उन्होंने तुलसी कुटीर और मानस मंदिर में पूजा की रामचरितमानस के दर्शन किए और संतों से बातचीत की। उन्होंने बुंदेलखंड और चित्रकूट में हुए परिवर्तनों पर प्रकाश डाला और कोल भील जनजाति के विकास के लिए सरकार की योजनाओं की सफलता का उल्लेख किया। डिंपल के अपमान पर दोहरी उलझन में फंसी अखिलेश यादव की पार्टी, भाजपा के हमलों से बढ़ रही है चुनौती मैनपुरी सांसद डिंपल यादव पर मुस्लिम मौलाना की टिप्पणी से समाजवादी पार्टी मुश्किल में है। मुस्लिम वोट बैंक को नाराज न करने और महिला सम्मान के मुद्दे को बचाने की चुनौती है। भाजपा अखिलेश यादव की चुप्पी पर सवाल उठा रही है और सपा को घेर रही है। सपा अब इस मुश्किल से निकलने का रास्ता तलाश रही है। बरेली में दंपती से लूट, विरोध करने पर महिला की कर दी हत्या बरेली में बुधवार रात वजीरगंज जा रहे एक दंपती को बदमाशों ने रोककर जेवर और नकदी लूट ली। महिला के विरोध करने पर बदमाशों ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। बदायूं के वजीरगंज निवासी ओम शरण मौर्य ने बताया कि कंथरी गांव के पास बदमाशों ने उन्हें लूटा और पत्नी पर हमला कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ट्रंप के टैरिफ से कानपुर के एक्सपोर्टर परेशान कानपुर से 25% निर्यात अमेरिका को होता है जिस पर ट्रंप के टैरिफ का असर पड़ेगा। भारत पर 25% टैरिफ लगने से निर्यातकों को नए बाजार तलाशने होंगे। चर्म उत्पादों का निर्यात सबसे ज्यादा प्रभावित होगा जिससे श्रमिक आधारित उद्योगों पर असर पड़ेगा। सरकार को निर्यातकों को सब्सिडी देनी चाहिए ताकि वे टैरिफ के प्रभाव को कम कर सकें।

# खराब उपकरण लगाकर 11 करोड़ ठगे

● मुंबई की फर्म और सीईओ पर मुकदमा पीड़ित को माफिया डान की धमकी दी




लखनऊ,। गोमतीनगर विशालखंड में रहने वाले व्यवसायी अमित गोयल से मुंबई की कंपनी और उसके सीईओ ने 11.06 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। आरोप है कि महिंगवा में बायो सीएनजी प्लांट लगाने के लिए अमित ने कंपनी से सौदा तय किया था। प्लांट में कंपनी द्वारा खराब उपकरण और कलपुर्जे लगाकर रकम ऐंठी गई। विरोध पर सीईओ ने मुंबई के माफिया डॉन के नाम पर धमकी दी। इस संबंध में अमित ने सीईओ समेत 11 लोगों के खिलाफ महिंगवा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर महिंगवा रामकुमार गुप्ता ने बताया कि अमित गोयल कारोबारी हैं। उन्होंने तहरीर देकर बताया कि वह बीबीपुर में बायो गैस व बायो सीएनजी प्लांट लगवाना चाह रहे थे। इस संबंध में मुंबई के सचिन अग्रवाल से एक साल पहले उनकी बातचीत हुई थी। उन्होंने बताया था कि उनकी श्रीजी प्रोसेसिंग इंजीनियरिंग वर्क्स लिमिटेट प्लांट के नाम से फर्म है। उनकी कंपनी बायो प्लांट लगवाने का काम करती है। उनके साथ ही पिता जीडी अग्रवाल फर्म कंपनी के सीईओ हैं। सौदा तय हो गया। कई मदों में 11,06,92,000 रुपये कंपनी और सचिन द्वारा बताए गए अन्य खातों में ट्रांसफर किए गए। कंपनी से एग्रीमेंट हो गया था। 30 नवंबर 2024 को काम पूरा होना था। प्लांट पर जाकर देखा गया तो उसमें खराब उपकरण और जंग लगे कलपुर्जे लगे थे। विरोध कर रुपये वापस करने को कहा गया। इस पर वह सचिन और उनकी कंपनी से जुड़े लोग धमकाने लगे। मुंबई के एक माफिया डान से संबध की बात कहकर धमकाया। कोर्ट के आदेश पर कंपनी के सीईओ सचिन अग्रवाल, सुदीप अग्रवाल, सागर अग्रवाल, डीसी अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, अरणी मुखापाध्याय, किरन घंटा, शिवम बागमारे, कोटेश्वर राव समेत 11 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

## बरेली में दंपति पर हमला, पत्नी की मौत

प्रात: किरण संवाददाता

बरेली। बरेली जिले के ग्रामीण क्षेत्र में बदमाशों ने मां पूर्णागिरि के दर्शन करके लौट रहे एक दंपति पर हमला किया जिसमें महिला की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार रात बदायूं निवासी ओम शरण अपनी पत्नी अमरवती (35) के साथ पूर्णागिरि माता के दर्शन करने गए थे। उन्होंने बताया कि देर रात करीब साढ़े 11 बजे वजीरगंज मार्ग पर कंठरी मंदिर के पास तीन-चार हथियारबंद बदमाशों ने उनकी मोटरसाइकिल को रोक लिया और तमंचे से आतंकित करके उनकी पत्नी से जेवर देने को कहा। मना करने पर बदमाशों ने मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि ओम शरण का कहना है कि जब उसने अपनी पत्नी को बचाने की कोशिश की तो उसे भी पीटा गया। इसी बीच, एक बदमाश ने धारदार हथियार से उनकी पत्नी के सिर पर हमला कर दिया जिससे वह लहूलुहान होकर गिर गई। उसके बाद बदमाश उनके कानों के कुंडल, मंगलसूत्र और नकदी लूटकर भाग गये। आर्य के मुताबिक ओम शरण ने बताया कि बदमाशों के जाते ही उसने अपने एक रिश्तेदार और फिर पुलिस को फोन करके घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से ओम शरण और उनकी पत्नी अमरवती को आंवला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## एसएसबी उपनिरीक्षक ने की गोली मारकर आत्महत्या

प्रात: किरण संवाददाता



श्रावस्ती। श्रावस्ती जिले में भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के एक उपनिरीक्षक ने बुधवार को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। श्रावस्ती के पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने बृहस्पतिवार को बताया, ह्यह्णएसएसबी में उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह (57) बुधवार को अपनी बैरक में मौजूद थे। तभी बैरक से बारी बारी से दो गोलियां चलने की आवाज सुनाई दी। साथी जवान बैरक में पहुंचे तो वह बिस्तर पर लहूलुहान हालत में पड़े थे। चौरसिया ने बताया कि उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में स्थित धारचूला क्षेत्र के जयपुर गांव के मूल निवासी सिंह के सीने पर गोली लगी थी। सिंह को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी तैनाती श्रावस्ती जनपद के नेपाल सीमावर्ती भरथा रोशनगढ़ सीमा चौकी पर थी। चौरसिया ने बताया कि मृतक एसएसबी जवान के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आरंभिक जांच में परिजनों से मालूम हुआ कि नरेंद्र सिंह किसी पारिवारिक मसले को लेकर तनाव में रहते थे। उन्होंने बताया कि आरंभिक जांच के अनुसार पहली गोली चलने पर नहीं लगी तो उन्होंने दूसरी गोली चलाई, जो उनके सीने में लग गयी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। आरंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार सीने में गोली लगने से मृत्यु हुई है। चौरसिया ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजन शव लेकर उत्तराखंड चले गये हैं।

## बालिका से दुष्कर्म और उसकी हत्या के दोषी को आजीवन कारावास



फिरोजाबा। फिरोजाबाद जिले की एक अदालत ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले के एक आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि नारखी थाना क्षेत्र के एक गांव में 18 जून 2025 को हाथरस से अपनी नानी के घर आई आठ साल की एक लड़की को पड़ोस में रहने वाला कौशल बहला-फुसला कर अपने घर ले गया था, जहां पर उसकी दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव को ईंटों के नीचे दबा दिया था। उन्होंने बताया कि खोजबीन करने के बाद पुलिस ने शव बरामद कर आरोपी कौशल, उसके पिता अर्जुन, मां राधा एवं भाई मनीष के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। विशेष फास्ट ट्रैक अदालत के न्यायाधीश मुमताज अली ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद बुधवार को आरोपी कौशल को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और एक लाख 40 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनायी। प्रसाद में बताया कि अदालत ने कौशल के पिता अर्जुन सिंह, मां राधा एवं भाई मनीष को सात-सात साल की सजा एवं 20-20 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई।

## पुलिस से मुठभेड़ के बाद हत्या मामले के दो आरोपी गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता



मेरठ। मेरठ जिले के मवाना क्षेत्र में हत्या के मामले में वांछित दो इनामी आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राकेश कुमार मिश्रा ने बृहस्पतिवार को बताया कि 15 जुलाई को मवाना क्षेत्र के शिवनगर जुड्डी मोहल्ले में सुनील (37) नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर चार आरोपियों की पहचान की गई थी। उनमें से सुहैल उर्फ डेविल और बल्लू उर्फ जिया मेहंदी पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। उन्होंने बताया कि बुधवार रात करीब 10 बजकर 45 मिनट पर मवाना से फलावदा जाने वाले मार्ग पर निलोहा कट के पास जांच कर रही पुलिस टीम ने एक मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों को संदेह के आधार पर रोकने का प्रयास किया, मगर उन लोगों ने रुकने के बजाय पुलिस पर गोलियां चलाईं। उन्होंने बताया कि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी और उन्हें पकड़ लिया गया। मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से दो तमंचे (.315 और .32 बोर), कारतूस और एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पूछताछ में दोनों ने शिवनगर हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। उनके दो अन्य फरार साथियों की तलाश जारी है।

### पुलिस अधिकारी की पत्नी की संदिग्ध हालात में मौत

लखनऊ,पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी की पत्नी लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाई गईं। अपर पुलिस उपायुक्त (मध्य) ममता रानी चौधरी ने बृहस्पतिवार को बताया कि मृतका की पहचान नितेश सिंह (30) के रूप में हुई है। वह वर्तमान में सीबी-सीआईडी में तैनात अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश प्रताप सिंह की पत्नी थीं। उन्होंने बताया, ह्यघटना बुधवार दोपहर की है। घटना के समय महिला के पति घर पर मौजूद नहीं थे। चौधरी ने बताया कि मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने नितेश सिंह को छत के हुक से लगे फांसी के फंदे से लटकता पाया। उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है, लेकिन पुलिस अधिकारियों ने संकेत दिया है कि नितेश सिंह कथित तौर पर स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित थीं।

## प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी बीएचयू के 29वें कुलपति नियुक्त

**वेवफार्म शेपिंग और एमआइएमओ सिस्टम में किया है महत्वपूर्ण शोध, अनुभवी शिक्षाविद् और प्रशासक**

प्रात: किरण संवाददाता

वाराणसी,। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) का नया कुलपति नियुक्त किया है। प्रो. चतुर्वेदी आईआईटी कानपुर में प्रोफेसर हैं और वे बीएचयू के 29वें कुलपति होंगे। उनकी नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए या 70 वर्ष की आयु पूरी होने तक (जो भी पहले हो) प्रभावी होगी। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में प्रो अजीत कुमार चतुर्वेदी को नया कुलपति नियुक्त करने के संबंध में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय से बीएचयू के रजिस्ट्रार को संबोधित एक आधिकारिक पत्र जारी कर दिया गया है। प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी एक अनुभवी शिक्षाविद् और प्रशासक हैं। वे पूर्व में आईआईटी रुड़की के निदेशक रह चुके हैं, साथ ही आईआईटी कानपुर में डीन और उप निदेशक के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। उनके शैक्षणिक योगदान विशेष रूप से वेवफार्म शेपिंग, सीक्वेंस डिजाइन और एमआइएमओ सिस्टम के क्षेत्र में उल्लेखनीय रहे हैं। बीएचयू से है पुराना नाता प्रो. चतुर्वेदी वर्ष 1994 से 1996 के दौरान आईआईटी बीएचयू के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग में प्रोफेसर रहे चुके हैं। इस पूर्व अनुभव का लाभ उन्हें बीएचयू के कुलपति के रूप में अपने कार्यकाल में निश्चित रूप से मिलेगा। प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी ने वर्ष 1995 में पीएचडी, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, आईआईटी कानपुर, वर्ष 1988 में एम टेक, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, आइआइटी कानपुर, 1986 में बी टेक, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, आईआईटी कानपुर से कयिा है। प्रोफेसर चतुर्वेदी को आईएनएसए टीचर्स अवार्ड, आईआईटी कानपुर का विशिष्ट शिक्षक पुरस्कार और सिंगापुर के नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी का टैन चिन तुआन फैलोशिप प्राप्त हुआ है। वे टेलीकॉम स्टैंडर्ड्स डेवलपमेंट सोसाइटी ऑफ इंडिया के संस्थापक सदस्य भी हैं।

## प्रधानमंत्री पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोपी गिरफ्तार



प्रात: किरण संवाददाता

बलरामपुर। उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले के पचपेड़वा क्षेत्र में पुलिस ने प्रधानमंत्री और एक समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बृहस्पतिवार को बताया कि पचपेड़वा थाने में मिथिलेश कुमार के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के बाद उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और एक समुदाय विशेष पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मिथिलेश कुमार एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चैनल चलाता है और खुद को पत्रकार बताता है। बहरहाल, मामले की जांच की जा रही है।

## स्कूलों के विलय से समाप्त नहीं होगा शिक्षकों का एक भी पद : मंत्री

लखनऊ,। उत्तर प्रदेश में सरकारी प्राथमिक स्कूलों के आवश्यकतानुसार मर्जर (विलय) को लेकर हो रही आलोचनाओं के बीच बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस प्रक्रिया से शिक्षकों का एक भी पद समाप्त नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही मंत्री ने यह भी कहा कि छात्र-छात्राओं को स्कूल आने-जाने में परेशानी होने पर 50 से कम विद्यार्थियों वाले स्कूलों का भी विलय नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर छात्र-शिक्षक अनुपात को बनाये रखने के लिये नये शिक्षकों की नियुक्तियां भी की जाएंगी। सिंह ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, स्कूलों के मर्जर का निर्णय छात्रों के हित के लिए है। पिछले दिनों इस तरह की बातें हुईं कि सरकार कुछ स्कूलों को बंद करने जा रही है। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित सभी एक लाख 32 हजार 886 परिषदीय विद्यालय पूर्ण रूप से अभी संचालित रहेंगे। उन्होंने कहा, इन सभी विद्यालयों का यूडाइस (यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इनफार्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन) कोड है। जो विद्यालय मर्ज किए गए हैं, अगर बच्चों को कहीं पर असुविधा हो रही है तो इसके सख्त निर्देश दिए गए हैं कि उन सभी विद्यालयों को वापस अलग-अलग कर दिया जाये। उन्होंने कहा, एक किलोमीटर से अधिक की दूरी या फिर वहां की भौगोलिक कोई भी परिस्थिति उत्पन्न होती है, जहां बच्चों को आने-जाने में परेशानी हो सकती है, ऐसे में अगर हम वहां कम छात्रों का विद्यालय चला रहे हैं तो वह विद्यालय ही चलता रहेगाह्व सिंह ने कहा, आने वाले एक सप्ताह में स्कूलों के विलय का काम पूरा कर लिया जाएगा। मंत्री ने मर्जर के बाद शिक्षकों के पदों को समाप्त किये जाने की अटकलों को गलत बताते हुए कहा, पिछले दिनों कुछ ऐसी भी जानकारियां सुनने को मिली कि शिक्षकों के पदों को समाप्त किया जाएगा, तो मैं यह बताना चाहता हूं कि शिक्षकों का एक भी पद समाप्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, जितने पद स्वीकृत हैं उन पदों पर जो व्यवस्था पहले से चलती आ रही है वह चलती रहेगी। प्रधानाध्यापकों के पद भी समाप्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने एक सवाल पर कहा, सरकार ने कभी भी नहीं कहा कि हमने नई भर्ती पर कोई रोक लगाई है। हम छात्र-शिक्षक अनुपात की बात करते हैं। हम अपने मानक को पूर्ण करेंगे। अगर यह मानक पूरा नहीं है तो हम नए शिक्षकों की नियुक्ति भी करेंगे। सिंह ने बताया कि विलय करने के बाद खाली हुए स्कूल भवनों का इस्तेमाल ह्यबाल वाटिकाओं के लिये किया जाएगा। प्राथमिक स्कूलों में छह साल की उम्र में ही बच्चे का दाखिला पहली कक्षा में करने का नियम पूरे देश में लागू है। ऐसे में बच्ची की प्री प्राइमरी शिक्षा की जरूरत को देखते हुए बाल वाटिकाएं खोली जाएंगी। सिंह ने स्कूलों के विलय की प्रक्रिया पर सवाल उठा रही समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा, ह्यवर्ष 2017 से पहले प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव था। इस वजह से दलित परिवार के अभिभावक भी परिषदीय और सरकारी स्कूलों में अपने बच्चों को भेजने से कतराते थे। मंत्री ने आंकड़ा देते हुए बताया, इस वर्ष भी 27 लाख 53 हजार 394 नये बच्चों का शिक्षण सत्र 2025-26 में नामांकन कराया गया है। हमारी सरकार हर वह कार्य कर रही है जो बच्चों को बेहतर शिक्षा की दिशा में लेकर जाने के लिए उनके भविष्य को बेहतर बनाने के लिए सहायक होगा।

## मेरठ में स्कूल वैन और ट्रक की टक्कर में 10 वर्षीय छात्रा की मौत, छात्राएं घायल



मेरठ,। उत्तर प्रदेश के मेरठ में बृहस्पतिवार सुबह स्कूली छात्राओं से भरी वैन की ट्रक से टक्कर होने के चलते 10 वर्षीय एक छात्रा की मौत हो गई जबकि पांच अन्य छात्राएं घायल हो गईं। पुलिस के अनुसार, हादसा सरधना रोड पर स्थित नगलाताशी मोड़ के पास हुआ जब बुलंदशहर का निवासी मारुति वैन चालक शाहनवाज बच्चों को लेकर आर्मी पब्लिक स्कूल ले जा रहा था। पुलिस ने बताया कि वैन जैसे ही डिवाइडर से गुजर कर सरधना रोड पर पहुंची, तभी सामने से आ रहे गत्ते से लदे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हादसे में जान गंवाने वाली छात्रा की पहचान कंकरखेड़ा के गणपति विहार की निवासी आर्या सिरोही (10) के रूप में हुई है। वह पांचवीं कक्षा की छात्र थी। कंकरखेड़ा थाने के प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि घटना में घायल छात्राओं को प्राथमिक उपचार के बाद उनके परिजन आर्मी अस्पताल ले गए। पुलिस के अनुसार, घटना के बाद वैन चालक और ट्रक चालक घटनास्थल से फरार हो गए, दोनों वाहन जब्त कर लिए गए हैं और फरार चालकों की तलाश जारी है।

## लखनऊ हिन्दी अधिवेशन के अध्यक्ष चुने गए थे प्रेमचंद

लखनऊ,। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की ओर से गोस्वामी तुलसीदास और मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए। गोस्वामी तुलसीदास कृत ग्रंथों पर आधारित प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने उनकी कृतियों की स्वरबद्ध प्रस्तुति दी। जयशंकर प्रसाद सभागार में प्रेमचंद्र के जीवन व साहित्य रचनाओं पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता के साथ संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्य वक्ता क्राइस्ट चर्च पीजी कॉलेज कानपुर के अवधेश मिश्र ने बताया कि मुंशी प्रेमचंद 1936 में लखनऊ में हुए हिन्दी अधिवेशन में अध्यक्ष चुने गये। उन्होंने बताया की हमें साहित्य सौंदर्य के उदाहरण बदलने होंगे, सन 1936 के दौर में मुंशी प्रेमचंद साहित्य का मॉडल बदल चुके थे। सीबी गुप्ता बीएसएस पीजी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सुधा बाजपेयी ने प्रेमचंद के कृतियों में बड़े घर की बेटी, नमक का दरोगा, उपदेश, परीक्षा आदि सुविख्यात कहानियों के पर चर्चा की। साहित्यकार डॉ. सीमा वर्मा ने मुंशी प्रेमचद के कृतित्व, व्यक्तित्व एवं जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला। स्वरबद्ध प्रस्तुति में विकास जीते कार्यक्रम संयोजिका डॉ. रुचि खरे ने बताया कि तुलसीदास की कृतियों को स्वरबद्ध प्रस्तुति प्रतियोगिता में बीपीए प्रथम सेमेस्टर के विकास कुशवाहा विजेता रहे। बीपीए तृतीय सेमेस्टर के राम जी सिंह को दूसरा और एमपीए तृतीय सेमेस्टर की प्रियंका सिंह को तीसरा स्थान मिला। मुंशी प्रेमचंद के जीवन व साहित्य रचनाओं पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में बीपीए तृतीय सेमेस्टर की आंचल वर्मा पहले, बीपीए प्रथम सेमेस्टर के दिव्यांशु पाल को दूसरे और देव मोहन मिश्रा तीसरे स्थान पर रहे।

## तकनीकी खराबी के कारण तीन घंटे तक लिफ्ट में फंसे रहे 10 लोग

लखनऊ,। राजधानी लखनऊ के एक रेस्टोरेंट की लिफ्ट में तकनीकी खराबी के कारण नौ कर्मचारियों समेत 10 लोग करीब तीन घंटे तक फंसे रहे। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि राजधानी के इंदिरानगर थाना क्षेत्र स्थित एक रेस्टोरेंट में मंगलवार/बुधवार की दरम्यानी रात को कुछ लोग दूसरी मंजिल से लिफ्ट में सवार हुए। बेसमेंट में पहुंचने के बाद लिफ्ट का दरवाजा नहीं खुला। दरवाजा खोलने की शुरूआती कोशिशों के बाद कर्मचारियों ने आपातकालीन सेवा हेल्पलाइन पर फोन किया। मुख्य दमकल अधिकारी (सीएफओ) अंकुश मित्तल ने बताया कि बचाव उपकरणों से लैस एक दमकल गाड़ी मौके पर भेजी गई। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद बुधवार तड़के करीब तीन बजे दमकल टीम दरवाजा खोलने में कामयाब रही और लिफ्ट में फंसे नौ रेस्टोरेंट कर्मियों समेत 10 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस मामले में अभी तक कोई पुलिस कार्रवाई नहीं की गई है।

# कर्मठ अधिकारी की छवि वाले एसपी गोयल की भी यूपी को विकास की राह पर ले जाने में अहम भूमिका

प्रात : किरण संवाददाता



लखनऊ : उत्तर प्रदेश के 56वें मुख्य सचिव का कार्यभार संभालने वाले वरिष्ठ आईएएस अधिकारी शशि प्रकाश (एसपी) गोयल को केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के साथ ही योगी आदित्यनाथ सरकार के साथ करने का अच्छा अनुभव है। योगी आदित्यनाथ के प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ की शपथ लेने के बाद से ही केंद्र सरकार की सेवा से लौटे एपी गोयल बीते आठ वर्ष से अधिक के समय से प्रमुख सचिव और अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री के पद पर तैनात रहे। एसपी गोयल ने को मुख्य सचिव के पद का कार्यभार संभाला। मुख्य सचिव राज्य के प्रशासनिक ढांचे का शीर्ष पद होता है। यह सचिवालय का कार्यकारी प्रमुख होता है। मुख्य सचिव को मुख्यमंत्री का प्रधान सलाहकार माना जाता है। इसके साथ ही राज्य की नीतियों और योजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी मुख्य सचिव पर होती है। एपी गोयल आठ वर्ष से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ साए की तरह है। अपर मुख्य सचिव पंचम तल (मुख्यमंत्री ऑफिस) की कमान संभाल रहे हैं। प्रदेश के एक-एक जिले पर उनकी गहरी पकड़ के साथ उत्तर प्रदेश और दिल्ली की ब्यूरोक्रेसी के साथ राजनीतिक में भी उनकी गहरी पकड़ मानी जाती है। गोयल का वर्ष 2024 में ही केंद्र सरकार में प्रतिनियुक्ति का रास्ता साफ हो गया था, लेकिन उन्हें मुख्य सचिव का पद सौंपने के कारण यूपी में रोका गया। लखनऊ में वर्ष 1967 जन्में एपी गोयल एपी गोयल 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। लखनऊ में वर्ष 1967 जन्में एपी गोयल को आईएएस अफसर के रूप में पहली नियुक्ति यूपी के इटावा जिले में मिली। वह असिस्टेंट मजिस्ट्रेट इटावा बने। इसके बाद अलीगढ़, बहराइच व मेरठ में मुख्य विकास अधिकारी रहे। गोयल इस बाद मथुरा, इटावा, प्रयागराज व देवरिया जिले के जिलाधिकारी भी रहे। बसपा सरकार की सरकार में वह कैबिनेट सेक्रेटरी रहे शशांक शेखर सिंह स्टाफ अफसर थे और अखिलेश यादव सरकार में सचिव नियोजन और कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग रहे। सीनियर आइएएस अफसर एसपी गोयल उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव, मनोज कुमार सिंह से लिया चार्ज नरेन्द्र मोदी सरकार में संयुक्त सचिव रहे केंद्र में नरेन्द्र मोदी सरकार की सरकार बनने के बाद वह मानव संसाधन एवं उच्च शिक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव रहे। वर्ष 2017 में जब उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो उनको मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रमुख मुख्य सचिव बनाया गया। तब से वह इस पद पर कायम हैं। शशि प्रकाश गोयल की प्रदेश के प्रशासन और जिलों पर गहरी पकड़ मानी जाती है। योगी आदित्यनाथ ने बनाया रिकॉर्ड, वह के लगातार सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री बने शैक्षणिक पृष्ठभूमि एसपी गोयल का पूरा नाम शशि प्रकाश गोयल है। लखनऊ के रहने वाले एसपी गोयल का जन्म 1967 में हुआ था। उन्होंने बीएससी (ऑनर्स), एमसीए, ईएमआईबी (आईआईएफटी) किया है।

# गाजियाबाद: भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त घरों के बेसमेंट में घुसा पानी, विद्युत आपूर्ति भी ठप

प्रात : किरण संवाददाता





गाजियाबाद। गाजियाबाद में बुधवार रात से ही रही बारिश का सिलसिला गुरुवार सुबह तक जारी रहा। बरसात ने शहर की व्यवस्था को पूरी तरह से हिला कर रख दिया। शहर के कई इलाकों में भारी जलभराव की स्थिति बन गई है, जिससे न सिर्फ यातायात प्रभावित हुआ है, बल्कि बिजली आपूर्ति भी बुरी तरह ठप हो गई है। सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र सिद्धार्थ विहार रहा, जहां प्रतीक ग्रैंड सिटी सोसाइटी के बेसमेंट में फिर से पानी भर गया। रात के समय हुई तेज बारिश के कारण प्रतीक ग्रैंड सिटी के बेसमेंट-2 में सीवर और बारिश का गंदा पानी भर गया, जिससे कई लग्जरी गाड़ियां आधी से ज्यादा पानी में डूब गईं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, सुबह 4 बजे से सोसाइटी की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित है। हैरानी की बात यह है कि अधिकतर रेज़िडेंट्स को बेसमेंट में पानी भरने की कोई सूचना तक नहीं दी गई, जिससे उन्हें समय पर अपनी गाड़ियां हटाने का मौका भी नहीं मिला। नाराज लोगों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है। पिछले चार वर्षों से हर मानसून में इसी तरह की स्थिति उत्पन्न होती है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। निवासियों ने सोसाइटी मेंटेनेंस और प्रोजेक्ट डेवलपर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि एक-एक करोड़ रुपये की कीमत वाले फ्लैट्स और महंगी पार्किंग लेने के बावजूद उन्हें हर बार इस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। साथ ही, बेसमेंट में जलभराव को लेकर कोई समय रहते अलर्ट या चेतावनी भी नहीं दी जाती। सिर्फ प्रतीक ग्रैंड सिटी ही नहीं, बल्कि गौशाला अंडरपास, क्रॉसिंग रिपब्लिक और लोनी क्षेत्र में भी जलभराव की स्थिति गंभीर बनी हुई है। कई सड़कों पर दो से तीन फीट तक पानी जमा हो गया है, जिससे आमजन का निकलना मुश्किल हो गया है। हाईवे किनारे सर्विस लेन तक पानी में डूबी नजर आई। कुछ इलाकों में तो गाड़ियां पूरी तरह जलमग्न हो गई हैं। बिजली आपूर्ति भी लगातार बाधित हो रही है। जलभराव के चलते कई इलाकों में बिजली विभाग ने एहतियातन बिजली सप्लाई बंद कर दी है, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। इससे लोगों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी।

## संक्षिप्त खबरें

### मकान की खिड़की तोड़कर घर में घुसे चोरों ने समेटा लाखों का माल

अमरोहा। मकान की खिड़की तोड़कर घर में घुसे चोरों ने लाखों रुपये का सामान समेट लिया। घटना बुधवार को दिन में किसी समय की बताई जा रही है। देर शाम परिवार लौटा तो घटना की जानकारी हुई। तहरीर पुलिस को दी गई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर उर्फ भूतखदेड़ी निवासी बेगराम सिंह उनकी पत्नी मुन्नी व बेटी को साथ लेकर घर का ताला लगाकर बुधवार को आम का बाग तोड़ने के लिए गए थे। चोरों ने सूने घर का फायदा उठाते हुए खिड़की तोड़ी व अंदर घुस गए। कमरे का ताला तोड़कर अलमारी में रखे एक लाख 22 हजार रुपये नकद, सोने के तीन व चांदी के पांच आभूषण चोरी करके ले गए। देर शाम बेगराम घर वापस लौटा तो खिड़की टूटी देख घटना की जानकारी हुई। घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा देख उसने शोर मचाया तो लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की। लोगों का कहना है कि शहर में चोरी की वारदातें बढ़ती जा रही हैं। दिन में भी चोर वारदातों को अंजाम देने लगे हैं। लोगों ने पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े किए। वहीं प्रभारी निरीक्षक ने मामले में जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

### हत्या में नामजद दो आरोपी गिरफ्तार

दादरी, । भोगपुर गांव में गोली मारकर दोस्त की हत्या करने के मामले में पुलिस ने दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार को बरामद कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि भोगपुर गांव निवासी बब्बल ग्रेटर नोएडा कंपनी से ड्यूटी कर अपने गांव में घर पर जा रहा था। विवेक ने अपने घर के पास बब्बल को रोक लिया। जब तक वह कुछ समझ पाता उसकी कनपटी पर गोली मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई थी। घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस की चार टीमें गठित की गईं। पुलिस ने नामजद आरोपी अभिषेक व बिजेंद्र को नंगला नैनसुख गांव को जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार को बरामद किया है। मुख्य आरोपी समेत फरार दोनों की तलाश में पुलिस जुटी है।

### तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा और वाहन को मारी टक्कर घायल

नोएडा, । सेक्टर-28 स्थित डीपीएस के पास बृहस्पतिवार सुबह तेज रफ्तार एक्सयूवी 700 कार चालक ने ई-रिक्शा और एक अन्य कार में टक्कर मार दी। इसके बाद सड़क पर बने मंदिर से टकराते हुए कार पलट गई। हादसे में कार चालक और रिक्शा चालक घायल हो गए। दोनों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के कारण सड़क पर कुछ देर के लिए जाम लग गया। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार व रिक्शे के हटवा दिया। हादसे में सड़क पर अस्थाई पूजा स्थल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस का कहना है कि सड़क पर अस्थाई पूजा स्थल के पास ई रिक्शा खड़ा था। तभी तेज रफ्तार कार सवार ने पहले ई रिक्शा फिर दूसरी कार में टक्कर मार दी।

# तेज रफ्तार डंपर ने स्कूली बच्चों को मारी टक्कर ग्रामीणों ने किया विरोध, छह डंपर सीज



प्रात : किरण अवनीश त्यागी

बिजनौर। थाना कोतवाली शहर क्षेत्र के ग्राम कंभोर में बुधवार सुबह उस समय अफरातफरी मच गई जब तेज रफ्तार एक डंपर ने स्कूल जा रहे तीन बच्चों को टक्कर मार दी। इस हादसे में तीनों छात्र-छात्राएं घायल हो गए। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कई डंपरों को मौके पर रोक लिया और पुलिस व प्रशासन को सूचना दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव कंभोर निवासी कनक, राधिका और अभय कुमार स्कूटी से स्कूल जा रहे थे। जैसे ही वे गांव से बाहर मुख्य मार्ग पर पहुंचे, सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में तीनों बच्चे घायल हो गए। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने मिट्टी से लदे कई डंपरों को रास्ते में ही रोक लिया। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार सार्थक चावला और पुलिस टीम ने स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने घायल बच्चों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया और ग्रामीणों की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए मौके से छह डंपरों को सीज कर लिया। नायब तहसीलदार सार्थक चावला ने बताया कि डंपरों की वैधता, फिटनेस, परमिट एवं चालकों के दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने के बाद जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल सभी डंपरों की चाबियां व कागजात प्रशासन के कब्जे में हैं। घटना के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि स्कूली समय में भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया जाए, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# कृषि योजनाओं का सघन निरीक्षण

## योजनाएं अब जमीन पर उतरती दिखीं संयुक्त कृषि निदेशक ने खेतों, गोदामों और दुकानों का किया व्यापक दौरा, पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश

प्रात : किरण अवनीश त्यागी



बिजनौर, मुरादाबाद मंडल के संयुक्त कृषि निदेशक श्री जीवन प्रकाश द्वारा आज जनपद बिजनौर में कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा एवं स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि योजनाएं सिर्फ फाइलों में नहीं, खेतों में भी नजर आनी चाहिए। यह समीक्षा बैठक कृषि विभाग कार्यालय में आयोजित हुई, जिसमें उप कृषि निदेशक डॉ. घनश्याम वर्मा, जिला कृषि अधिकारी/भूमि संरक्षण अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया सहित विभागीय अधिकारी, तकनीकी सहायक व क्षेत्रीय कार्मिक मौजूद रहे।

### मुख्य निरीक्षण स्थलों और निदेशों का विवरण

राजकीय बीज प्रक्षेत्र पृथ्वीपुर का निरीक्षण संयुक्त निदेशक ने खेतों में चल रही कृषि गतिविधियों का जायजा लिया। प्रक्षेत्र अधीक्षक को फसलों की निराई-गुड़ाई, समुचित देखभाल और परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए, ताकि इसे एक आदर्श प्रदर्शन खेत के रूप में विकसित किया जा सके। थोक खाद विक्रेता प्रतिष्ठान का औचक निरीक्षण चांदपुर जनपद के प्रतिष्ठित खाद विक्रेता मैसर्स जुगल किशोर रामरक्षपाल के प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया। संयुक्त निदेशक ने निर्देशित किया कि समस्त उर्वरकों का वितरण केवल POS मशीन के माध्यम से किया जाए। प्रत्येक बिक्री पर कैश मेमो / रसीद देना अनिवार्य हो। ओवर रेटिंग या अनुचित टैगिंग जैसी गतिविधियों को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। WDC योजना अंतर्गत तालाब जीर्णोद्धार कार्य ग्राम पीपलसाना जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु भूमि संरक्षण इकाई द्वारा कराए गए तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का अवलोकन किया गया। उन्होंने इसे वर्षा जल संचयन की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल बताया। राजकीय बीज भंडार, नूरपुर झ श्री अन्न (मिलेट्स) अभियान निरीक्षण के दौरान रागी, बाजरा, शावा जैसे पोषक अनाज की मुफ्त मिनी किट्स का वितरण किया गया। लाभार्थियों में श्री अर्जुन सिंह, श्री कल्लू सिंह व श्री सकित कुमार शामिल रहे। किसानों से इन फसलों की समयबद्ध बुवाई के लिए अपील की गई।

### प्रदर्शन प्लॉटों का निरीक्षण ICDP व आत्मा योजना

ग्राम ठेरी में किसान श्री श्याम सिंह के एक हेक्टेयर धान प्रदर्शन प्लॉट का अवलोकन किया गया। आत्मा योजना के अंतर्गत ग्राम गोहावर में श्रीमती विमला देवी के फार्म स्कूल में भी एक हेक्टेयर धान प्लॉट की समीक्षा की गई। इस निरीक्षण दौरे में जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया, बीज भंडार प्रभारी, क्षेत्रीय एटीएम/बीटीएम एवं तकनीकी सहायकगण उपस्थित रहे। निरीक्षण के अंत में संयुक्त निदेशक ने कहा कि इस तरह के स्थलीय निरीक्षण विभागीय कार्यशैली में पारदर्शिता, जवाबदेही और क्रियान्वयन में गुणवत्ता लाने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

# संग्रह मौर्य आईआरएसई बने मुरादाबाद मंडल के नए मंडल रेल प्रबंधक, संभाला चार्ज

प्रात : किरण संवाददाता, नादिर त्यागी



मुरादाबाद। रेल मण्डल मुरादाबाद के नए मण्डल रेल प्रबंधक के रूप में 30 जुलाई बुधवार को संग्रह मौर्य (आई.आर.एस.ई) ने पदभार ग्रहण करते हुए कार्य भार संभाल लिया है। निवर्तमान मंडल रेल प्रबंधक राज कुमार सिंह ने संग्रह मौर्य को मंडल के नए मंडल रेल प्रबंधक का पदभार सौंपा। नए मंडल रेल प्रबंधक संग्रह मौर्य, भारतीय रेलवे इंजीनियर्स सेवा (आई.आर.एस.ई.) बैच 1996 बैच के ग्रुप ए अधिकारी हैं। श्री मौर्य आईआईटी दिल्ली से स्ट्रक्चर्स में एम.टेक, दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से सिविल इंजीनियरिंग में बी.ई. हैं। मण्डल प्रबंधक संग्रह मौर्य / मंडल रेल प्रबंधक / मुरादाबाद मंडल का पदभार ग्रहण करने से पूर्व, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (निर्माण) में मुख्य अभियंता / निर्माण / मणिपुर परियोजना / मालीगांव / गुवाहाटी और मुख्य अभियंता / निर्माण /डिजाइन / मालीगांव / गुवाहाटी रहे। इससे पूर्व श्री मौर्य इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड से जुड़े थे, जोकि जम्मू और कश्मीर में उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (वरइफ्छ) परियोजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रतिष्ठित उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (वरइफ्छ) परियोजना कश्मीर घाटी को शेष भारत के रेल नेटवर्क से जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण रेलवे लाइन है, जिसमें सुरंगों, पुलों और दुर्गम हिमालयी भूभाग में निर्माण जैसी जटिल इंजीनियरिंग चुनौतियाँ शामिल हैं श्री मौर्य उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक पर कार्य करते हुए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। श्री मौर्य ने दिल्ली मंडल / उत्तर रेलवे में वरिष्ठ मंडल अभियंता (तृतीय) के पद पर रहते हुए संरक्षा एवं रेलपथ के विकास कार्य में अपना योगदान दिया है। संग्रह मौर्य ने मंडल रेल प्रबंधक / मुरादाबाद मंडल का पदभार ग्रहण करने के उपरान्त मंडल के सभी वरिष्ठ शाखा अधिकारियों के साथ मंडल में चल रहे विकास कार्यों पर समीक्षा बैठक की। मण्डल के सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने मंडल रेल प्रबन्धक श्री संग्रह मौर्य के पदभार ग्रहण करने पर अपनी शुभकामनाएं दीं। आपको बताते चलें कि नए मण्डल रेल प्रबंधक संग्रह मौर्य इससे पूर्व भी रेलवे के अनेक महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए विभाग को अपनी सराहनीय सेवाएं दे चुके हैं। और अब भी उसी ऊर्जा से अपने कर्तव्य की नई पारी खेलने के लिये पूरी तरह से दृढ़ संकल्प हैं।

# दिल्ली की इलेक्ट्रिक वाहन रैली में ग्रीन मोबिलिटी एंबेसडर के रूप में शामिल होंगे मांगेराम चौहान

## पर्यावरण संरक्षण और हरित क्रांति अभियान में नई दिशा देगी यह रैली: मांगेराम चौहान

प्रात : किरण संवाददाता नादिर त्यागी




दिल्ली/मुरादाबाद। दिल्ली में 9 सितम्बर को इंडिया गेट पर होने जा रही भारत की सबसे लंबी इलेक्ट्रिक वाहन रैली मे ग्रीन मोबालिटी एंबेसडर के रूप में मांगेराम चौहान शामिल होंगे। देश में हरित ऊर्जा और सतत विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम के रूप में आयोजित हो रही भारत महा ईवी रैली 2025 की शुरूआत इस वर्ष 9 सितंबर को भव्य रूप से इंडिया गेट दिल्ली से होगी। यह रैली देश की सबसे लंबी ई.वी. ( इलेक्ट्रिकल व्हीकल ) यात्रा होगी, जो सौ दिनों में इक्कीस हजार किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करते हुए अठ्ठाईस राज्यों और 9 केंद्र शासित प्रदेशों से होकर गुजरेगी। इस प्रेरणादायक रैली में ग्रीन मोबालिटी एंबेसडर के रूप में मांगे राम चौहान, आवास उपआयुक्त, बरेली (उत्तर प्रदेश), शामिल होंगे। एक पर्यावरणविद् और हरित आंदोलन के सक्रिय प्रवर्तक के रूप में श्री चौहान की भूमिका इस अभियान को नई दिशा देने वाली होगी। रैली का उद्देश्य देश में ईवी तकनीक को बढ़ावा देना, हरित परिवहन के प्रति जागरूकता फैलाना और एक करोड़ से अधिक वृक्षारोपण के लक्ष्य को पूरा करना है। इस ऐतिहासिक अभियान में दस हजार से अधिक प्रतिभागी, एक हजार से अधिक स्वयं सेवक, सौ से अधिक एनजीओ तथा पांच सौ से अधिक विश्वविद्यालय एवं दो हजार पांच सौ से ज्यादा संस्थानों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। इस रैली का आयोजन इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिकल व्हीकल एसोसिएशन द्वारा( आई.एफ.ई.वि.ए.) द्वारा किया जा रहा है, जिसमें आई.सी.ए.टी और ए.आर.ए.आई. जैसे अग्रणी संगठन भी सहयोग कर रहे हैं। मांगे राम चौहान की उपस्थिति न केवल रैली की गरिमा को बढ़ाएगी,बल्कि उनके प्रेरणादायक विचार युवाओं में पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदारी और हरित भविष्य की ओर अग्रसर होने की भावना को भी प्रोत्साहित करेंगे। डॉ राजीव मिश्रा अध्यक्ष इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल एसोसिएशन द्वारा चौहान को पर्यावरण संरक्षण के इस कार्य में ग्रीन एंबेसडर नियुक्त किया गया है। मांगेराम चौहान ने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहन रैली हरित ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण अभियान को नई दिशा देगी और हमारी युवा पीढ़ी को हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने तथा पर्यावरण संरक्षण अभियान की ओर प्रेरित करेगी।

# महंगी सब्जियों ने बिगाड़ा रसोई का बजट टमाटर ने लगाया महंगाई का शतक

प्रात : किरण संवाददाता



अमरोहा। जिले में एक बार फिर सब्जी आम आदमी का बजट बिगाड़ रही है। प्याज, हरी मिर्च और टमाटर के दाम आसमान छूने लगे हैं। बाजारों में टमाटर 100 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। मटर, प्याज, शिमला मिर्च, हरी मिर्च, तुरई, लौकी, भिंडी, अरबी जैसी सब्जियों के दाम भी नई ऊंचाइयों पर हैं। बताया जा रहा है कि बारिश और बाढ़ की वजह से भारी मात्रा में फसल खराब होने से अचानक सब्जियों के दाम बढ़े हैं। सब्जियों की कीमतों में आए इस उछाल ने गृहिणियों को निराश कर दिया है। बढ़ती महंगाई के बीच रसोई का बजट बिगड़ गया है। इस समय बाजार में टमाटर 80 से 100 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। आलू 25 से 35 रुपये प्रति किलो तक बेचा जा रहा है। वहीं, मटर, प्याज, शिमला मिर्च, हरी मिर्च सहित गर्मियों के दिनों की अन्य सब्जियों के दाम भी नई ऊंचाइयों पर हैं। बताया जा रहा है कि अमरोहा व आसपास क्षेत्रों में टमाटर की फसल खत्म हो गई है। देश के कई राज्यों में बारिश और बाढ़ की वजह से भारी मात्रा में फसल खराब होने से अचानक सब्जियों के दाम बढ़े हैं। सब्जियों की कीमतों में आए इस उछाल ने गृहिणियों को निराश कर दिया है। अमरोहा में सब्जियों की बिक्री करने वाले राजू सैनी ने बताया कि इस समय टमाटर की कीमत 100 रुपये प्रति किलो तक है। वहीं, मंडी में 60 से 70 रुपये प्रति किलो टमाटर बिक रहा है। लगभग एक सप्ताह से टमाटर की कीमतें बढ़ी हैं। महीनेभर पहले ही टमाटर 30 से 40 रुपये प्रति किलो बिक रहा था। दरअसल, इस साल मानसून में बारिश ज्यादा दिन तक होने की वजह से फसल को नुकसान पहुंचाया है। हरी सब्जियां खेत में खराब हुई हैं, यही वजह है कि त्योहारों का सीजन शुरू होने के बाद से ही सब्जियों के दाम में उछाल आया है। इस समय टमाटर ही नहीं बल्कि अन्य सभी सब्जियों के दाम भी बढ़ गया गए हैं। सब्जी विक्रेताओं के अनुसार भिंडी, पालक, हरी मिर्च, लौकी जैसी सब्जियों के दाम भी काफी बढ़ गए हैं। इनसेट : सब्जियों के नाम दाम (प्रतिकिलो) टमाटर 100 रुपये प्याज 50 रुपये हरी मिर्च 150 रुपये पालक 80 रुपये हरी धनिया 200 रुपये मटर 250 रुपये शिमला मिर्च 150 रुपये फ्रेंच बीन्स 150 रुपये अदरक 150 रुपये फूलगोभी 100 रुपये अरबी 80 रुपये है।

# गांव के मुख्य मार्ग पर जलभराव के विरोध में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

रहरा। ब्लॉक क्षेत्र के गांव मलकपुर के मुख्य मार्ग पर जलभराव के विरोध में ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। रास्ते से कई गांवों के लोग गुजरते हैं। जलभराव से निजात दिलवाने की मांग ग्रामीण कई बार कर चुके हैं लेकिन अभी तक भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। ब्लॉक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव मलकपुर के मुख्य रास्ते पर जलभराव की समस्या से लोग परेशान हैं। रास्ते से होकर मरौरा, जीवपुर मुस्तकम, खाजेपुर, मुवारिजपुर, हरि बाबा बांध धाम तक के लोग गुजरते हैं। जलभराव की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्कूली बच्चों को भी दिक्कत हो रही है। ग्रामीण रास्ता ठीक करने की मांग कई बार कर चुके हैं लेकिन अभी तक भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। इसके विरोध में गुरुवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर रास्ते की मरम्मत जल्द करवाने की मांग की। इस दौरान प्रेमशंकर, जगवीर, अजय, अजयपाल, सेवाराम,नरेश, राकेश आदि मौजूद रहे।

# अफवाहों के बीच पुलिस ने लोगों से किया संवाद, ड्रोन को लेकर किया जागरुक

हसनपुर। ड्रोन को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच सीओ दीप कुमार पंत और कोतवाली प्रभारी दिनेश कुमार शर्मा ने मंगरौला व शाहपुर कला गांव में लोगों के बीच पहुंचकर उन्हें जागरुक किया। उन्होंने लोगों से बातचीत की और उन्हें ड्रोन से संबंधित जानकारी दी। साथ ही ड्रोन से जुड़ी किसी भी भ्रामक सूचना, संदिग्ध गतिविधि के बारे में तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की। उन्होंने बताया कि विभिन्न थाना क्षेत्रों में रात के समय ड्रोन जैसी रोशनी दिखाई देने की सूचनाएं मिल रही हैं। कई बार खिलौना हेलिकॉप्टर या हवाई जहाज की रोशनी को भी ड्रोन समझ लिया जाता है। इस प्रकार की गलतफहमी से अफवाहें फैलती हैं और लोगों में अनावश्यक भय पैदा होता है। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए रात में गश्त बढ़ा दी है। नियमों के अनुसार 250 ग्राम से अधिक वजन वाले सभी ड्रोन का पंजीकरण अनिवार्य है। अनाधिकृत रूप से ड्रोन उड़ाने या बिना अनुमति इसका संचालन करने पर एक लाख रुपये तक का जुमार्ना और दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है। खिलौना हेलीकॉप्टर या ड्रोन आमतौर पर 250 ग्राम से कम वजन के होते हैं। इनकी उड़ान क्षमता सीमित होती है। ये बच्चों के खिलौने जैसे चमकदार रंगों या एवं ईडी लाइट वाले होते हैं। इनकी रिमोट कंट्रोल की रेंज 50 से 100 मीटर तक होती है। ये ड्रोन ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म या स्थानीय बाजार में आसानी से मिल जाते हैं। पंजीकृत या प्रोफेशनल ड्रोन बड़े आकार के होते हैं। इनकी उड़ान क्षमता 20 मिनट से अधिक होती है। इनके पंखों पर स्थिर एवं ई डी सिग्नल लाइट्स लगी होती हैं। इनमें कैमरा और रिकॉर्डिंग उपकरण लगे होते हैं। ये अधिक ऊंचाई पर उड़ सकते हैं और जीपीएस तकनीक का प्रयोग करते हैं।

# 15 सेमी बढ़ा तिगरी गंगा का जलस्तर पानी से घिरे खादर क्षेत्र के कई गांव

अमरोहा/बिजनौर। बैराज से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। जिसके चलते तिगरी गंगा के जलस्तर में उतार चढ़ाव से खादर क्षेत्र के ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को तिगरी गंगा का जलस्तर 15 सेमी बढ़कर 199.95 सेमी पहुंच गया। वहीं खादर क्षेत्र के कई गांव पानी से घिर गए हैं। हालांकि पानी गांवों से अभी काफी दूर है। खेतों में पानी भरा हुआ है। तिगरी गंगा का जलस्तर बुधवार को 199.80 सेमी पर पहुंच गया। गुरुवार को 15 सेमी जलस्तर बढ़ने पर खादर क्षेत्र में एक बार फिर से बाढ़ के हालात बन गए। गुरुवार को तिगरी गंगा का जलस्तर 199.95 सेमी दर्ज किया गया। खादर क्षेत्र के शीशोवाली, दारानगर, ढाकोवाली समेत कई गांवों के आसपास बाढ़ के हालात बन गए। टूटे अस्थायी बांध की वजह से पानी गांवों की तरफ जा रहा है। जिसके चलते गांव पानी से घिरे हुए हैं। खेतों में लोग ट्यूब के सहारे ही जा पा रहे हैं। गांव ओसीता जगदेपुर के आसपास कई खेतों में पानी भरा है। किसानों को फसलों के नष्ट होने का अंदेशा बना है। किसानों को अपनी फसल की चिंता सता रही है। जेई बाढ़ खंड सुभाष कुमार ने बताया कि जलस्तर में लगातार उतार चढ़ाव आ रहा है। गुरुवार को अचानक से जलस्तर में 15 सेमी की बढ़ोत्तरी हुई है।



# नई फिल्म के लिए सनी देओल ने मिलाया फरहान अख्तर से हाथ, निभाएंगे बड़ा किरदार

सनी देओल ने हाल ही में गदर 2 और जाट जैसी बेहतरीन फिल्मों में कम किया है। इन फिल्मों की कामयाबी के बाद वह काफी मशहूर हुए हैं। अब वह लगातार कई फिल्में साइन कर रहे हैं। फिलहाल सनी देओल के पास लाहौर 1947, रामायण और बॉर्डर 2 जैसी बड़ी फिल्में हैं। खबर है कि सनी देओल ने फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के प्रोडक्शन हाउस एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ एक नई फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह प्रोजेक्ट एक एक्शन थ्रिलर है।

## सनी देओल और फरहान अख्तर एक साथ काम करेंगे


पिंकविला के मुताबिक सनी देओल पहली बार एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ काम करने जा रहे हैं। बताया जाता है कि दोनों के बीच कुछ वक्त से बातचीत चल रही है। वे एक बड़े बजट की एक्शन थ्रिलर फिल्म पर साथ काम करने के लिए तैयार हैं। सनी देओल को स्क्रिप्ट पसंद आई है। वह फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के साथ इस फिल्म में काम करने को लेकर तैयार हैं।

## फिल्म में सनी देओल का बड़ा किरदार होगा

रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म में सनी देओल ऐसी भूमिका में होंगे जिसे दर्शक देखना पसंद करते हैं। एक्सेल भी यह सुनिश्चित करने की पूरी कोशिश कर रहा है कि सनी देओल के साथ उनकी पहली फिल्म ऐसी हो जिससे सिनेमा देखने वाले दर्शकों को यह एक उपहार की तरह लगे।

## बालाजी निर्देशन में डेब्यू करेंगे

यह भी कहा जा रहा है कि तमिल फिल्मों में सहायक निर्देशक के रूप में काम कर चुके बालाजी इस प्रोजेक्ट से निर्देशन में कदम रखेंगे। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो निर्माता इस साल दिसंबर में फिल्म की शूटिंग शुरू करने की योजना बना रहे हैं।





# अहान पांडे पर क्या कहकर ट्रोल हो गईं खुशी कपूर

**बॉलीवुड फिल्म सैयारा इन दिनों हर जगह छाई हुई है। फिल्म की सक्सेस की गूंज हर ओर सुनाई दे रही है। फिल्म के हीरो अहान पांडे और एक्ट्रेस अनीत पड्डा की भी जमकर तारीफ हो रही है। इसी बीच श्रीदेवी की छोटी बेटी और अभिनेत्री खुशी कपूर ने अपने एक पुराने इंटरव्यू में अहान पांडे को लेकर कुछ ऐसा कहा कि अब उन्हें काफी ट्रोल किया जा रहा है।**



## खुशी कपूर की ख्वाहिश बनी मुसीबत

दरअसल, साल 2019 में खुशी कपूर ने एक टॉक शो के दौरान खुलकर ये कहा था कि अगर उन्हें किसी स्टारकिड के साथ डेब्यू करना हो, तो वो अहान पांडे को चुनेंगी। नेहा धूपिया के टॉक शो में खुशी से ये सवाल किया गया था कि आर्यन खान, मीजान जाफरी और अहान पांडे में से वो किसे अपना डेब्यू को-स्टार चुनेंगी। खुशी ने बिना झिझक अहान का नाम लिया था। अब जब अहान ने अपने अभिनय से लोगों को प्रभावित कर दिया है और फिल्म सुपरहिट साबित हो चुकी है, तो ट्रोलर्स ने खुशी को आड़े हाथों ले लिया है। यानी खुशी की यही ख्वाहिश अब उनके लिए मुसीबत बन चुकी है।

जैसे ही खुशी का ये पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वैसे ही कई तरह के मीम्स की बाढ़ आ गई। एक यूजर ने लिखा, भगवान का शुक्र है कि खुशी फिल्म में नहीं थीं, नहीं तो ये भी एक और फ्लॉप होती। वहीं एक दूसरे यूजर ने कहा, खुशी को देख अहान भी फिल्म साइन करने से मना कर देते। कुछ यूजर्स ने अनीत पड्डा को ही फिल्म के लिए परफेक्ट बताते हुए कहा कि उन्हीं की वजह से फिल्म हिट हो गई।

बता दें अहान पांडे और अनीत पड्डा की रोमांटिक ड्रामा 'सैयारा' ने अपनी रिलीज के कुछ ही हफ्तों में 250 करोड़ रुपये की कमाई करके फिल्मी गलियारों में तहलका मचा दिया है। मोहित सूरी द्वारा निर्देशित और यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म को ना सिर्फ क्रिटिक्स की सराहना मिली है बल्कि दर्शकों ने भी इसे दिल से स्वीकारा है। खास बात यह रही कि दोनों मुख्य कलाकारों ने इसी फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया और पहली ही फिल्म में उन्होंने जबरदस्त छाप छोड़ी।

## आर्यन खान भी हैं तैयार

इसी बीच खबर है कि शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान भी जल्द ही डिजिटल स्पेस में बतौर निर्देशक कदम रखने जा रहे हैं। उनकी सीरीज 'द बास्टर्ड्स ऑफ बॉलीवुड जल्द ही नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी और इंडस्ट्री के अंदरूनी किस्सों पर आधारित होगी।



# मेकअप और परफ्यूम मेरे लिए एक तरह से इमोशनल एक्सप्रेशन हैं

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने बताया कि वह ज्यादातर समय नेचुरल और हल्का मेकअप पसंद करती हैं, लेकिन जब वह किसी खास मौके पर जाती हैं, तो ग्लैम मेकअप करना पसंद करती हैं। समाचार एजेंसी आईएएनएस ने जब रश्मिका से पूछा, क्या वे बिना मेकअप रहना पसंद करती हैं या फिर फुल मेकअप लुक पसंद है? इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, ज्यादातर मैं क्लियर स्किन या फिर लिप और चीक्स पर टिंट लगाकर रहती हूं। मैं चाहती हूं कि मेरी स्किन क्लियर रहे। मेकअप मेरे लिए एक इमोशनल एक्सप्रेशन की तरह है, जैसे परफ्यूम है। अभिनेत्री ने बताया कि वह नेचुरल और ग्लैम दोनों रहना पसंद करती हैं। सिकंदर फेम अभिनेत्री ने कहा, कभी-कभी मुझे नेचुरल रहना अच्छा लगता है, तो कभी-कभी ग्लैमरस दिखना। मुझे लगता है कि दोनों ही रूपों की अपनी एक खूबसूरती है। अभिनेत्री अपने परफ्यूम के बारे में बात करते हुए कहती हैं, सच कहूं तो डियर डायरी की हर खुशबू मुझे मेरे एक अलग पहलू की तरह महसूस कराती है, लेकिन यह एक ऐसी खुशबू है जो मुझे मुश्किल दिनों में भी, पूरी तरह से और ईमानदारी से, अपने असली रूप में रहने की याद दिलाती है। उन्होंने कहा, मुझे हमेशा से कुछ-कुछ फूलों जैसी खुशबू पसंद रही है जिसमें थोड़ा-सा वनीला और हल्की-सी ताजगी महसूस होती हो। मुझे वो खुशबुएं बहुत पसंद हैं जो आपके मन को गहराई से छू जाएं।

रश्मिका मंदाना आखिरी बार एक्शन क्राइम ड्रामा फिल्म कुबेरा में नजर आई थीं, जिसे शेखर कम्मुला ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म में उनके साथ नागार्जुन अक्किनेनी, धनुष, जिम सरभ और दिलीप ताहिल जैसे स्टार्स भी शामिल थे। अब रश्मिका अपनी अपकमिंग फिल्म थामा में नजर आएंगी, जिसमें उनके साथ आयुष्मान खुराना मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म एक रोमांचक प्रेम कहानी है, जो खून-खराबे से भरे माहौल में बनी है। इसमें एक इतिहासकार की कहानी दिखाई गई है। इस फिल्म का निर्देशन मुनिया फेम आदित्य सर्पोतदार कर रहे हैं। यह रश्मिका और आयुष्मान की आदित्य के साथ पहली फिल्म है। वहीं, इसे दिनेश विजन और अमर कौशिक मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। इसकी कहानी निरेन भट्ट, सुरेश मैथ्यू और अरुण फुलारा ने मिलकर लिखी है। इस फिल्म में परेश रावल और नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी भी अहम किरदार में नजर आएंगे।

# बिग बॉस 19 का हिस्सा नहीं बनेंगी मल्लिका शेरावत

टेलीविजन का पॉपुलर रियलिटी शो बिग बॉस अपने 19वें सीजन के साथ जल्द शुरू होने वाला है। शो का नया लोगो चैनल की तरफ से जारी कर दिया गया है। इसी बीच खबरें थीं कि बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत इस साल शो का हिस्सा बनेंगी, हालांकि एक्ट्रेस ने खुद इन अफवाहों पर विराम लगा दिया है। एक्ट्रेस ने बिग बॉस 19 में जाने की अफवाहों के बीच अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से लिखा है, सारी अफवाहों को खत्म कर रही हूं। मैं बिग बॉस में नहीं जा रही हूं और न कभी जाऊंगी। मल्लिका शेरावत से पहले सलमान खान की जय हो को-स्टार डेजी शाह ने भी सोशल मीडिया के जरिए बताया था कि वो बिग बॉस का हिस्सा नहीं बन रही हैं। बिग बॉस के खबरी पेज की मानें तो इस सीजन के लिए अनिरुद्ध आचार्या और कथावाचक जया कुमारी को भी अप्रोच किया गया था, लेकिन दोनों ने ही शो ठुकरा दिया है। फ्लाइंग बीस्ट नाम से मशहूर गौरव तनेजा ने भी बताया है कि उन्होंने शो का ऑफर रिजेक्ट किया है।

## ये सेलेब्स बन सकते हैं बिग बॉस 19 का हिस्सा

इस साल इन्फ्लूएंसर फैसल शेख उर्फ मिस्टर फैसू का शो में आना लगभग कन्फर्म है। मेकर्स की उनसे लगातार बातचीत जारी है। इससे पहले फैजू खतरों के खिलाड़ी में नजर आ चुके हैं। उनके अलावा खतरों के खिलाड़ी 4 में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस नियती फतनामी को भी शो ऑफर हुआ है। सलमान ने पूरी की प्रोमो की शूटिंग बताते चलें कि बिग बॉस 19 का प्रोमो शूट हो चुका है। इसे जल्द ही रिलीज किया जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, इस सीजन के लिए सलमान खान ने 120-150 करोड़ रुपए फीस ली है। बिग बॉस 19 का प्रीमियर 30 अगस्त को होगा।



# अनुभवी कलाकारों की तुलना में इंफ्लुएंसर्स को ज्यादा मौके मिलते हैं

अभिनेत्री समृद्धि शुक्ला इन दिनों लोकप्रिय टीवी सीरियल ये रिश्ता क्या कहलाता है में अपने किरदार को लेकर सुर्खियों में हैं। अभिनेत्री ने डिजिटल क्रिएटर्स के बढ़ते प्रभाव के बारे में अपनी राय रखी। अभिनेत्री ने अकहा कि आज के मनोरंजन जगत में इंफ्लुएंसर्स को अनुभवी कलाकारों की तुलना में ज्यादा मौके मिलते हैं। अभिनेत्री ने बताया, इंफ्लुएंसर्स को मौके तो मिलते हैं, लेकिन वह इसे कितने अच्छे से उपयोग करते हैं, यह तो उनके काम से ही पता चलता है। अगर कोई इंफ्लुएंसर अभिनय में अच्छा है, तो ये अच्छी बात है लेकिन अगर आपका अभिनय उतना अच्छा नहीं है, तो शायद आपको फिर से सोचना चाहिए। यह एक बदलाव है जो मैं देख रही हूं। आज के दौर में दर्शक किस तरह के कंटेंट की ओर आकर्षित होते हैं, इस पर बात करते हुए अभिनेत्री ने बताया कि टीवी पर हम ऐसा अभिनय करते हैं जिससे दर्शक अपने आपको जोड़ पाएं। उन्होंने कहा, आजकल जो शो अच्छे चल रहे हैं, उनके किरदार काफी जाने पहचाने से लगते हैं। अगर ऐसी कहानी है जिसके किरदार उस पर परफेक्ट नहीं बैठ रहे हैं, भले ही वे मुख्य किरदार ही क्यों न हों, उनमें खामियां दिखने ही लगती हैं। समृद्धि ने यह भी बताया कि वह एक अभिनेत्री के रूप में नए-नए किरदारों में खुद को ढलते देखना चाहती हैं। वो हर जॉनर में खुद को साबित करना चाहती हैं। उन्हें थ्रिलर फिल्में देखना पसंद है, लेकिन रोमांटिक कॉमेडी उनकी पसंद है। फिर भी, वह भविष्य में रोम-कॉम किरदार निभाना चाहेंगी। उन्होंने कहा, मुझे थ्रिलर बहुत पसंद है और मैं ओटीटी पर थ्रिलर करना चाहूंगी। लेकिन मैं रोम-कॉम भी करना चाहूंगी, क्योंकि मुझे कॉमेडी करना बहुत अच्छा लगता है। समृद्धि शुक्ला वर्तमान में लोकप्रिय टीवी शो ये रिश्ता क्या कहलाता है में अभिरा पोद्दार की भूमिका निभा रही हैं। टीवी शो ये रिश्ता क्या कहलाता है लंबे समय से चलता आ रहा है। इस सीरियल का निर्माण राजन शाही के प्रोडक्शन हाउस डायरेक्टर कुट प्रोडक्शंस के तहत हो रहा है। इस सीरियल में रोहित पुरोहित और समृद्धि शुक्ला मुख्य भूमिका में हैं।





# फिर से लिखी जा रही है कार्तिक आर्यन और श्रीलीला की मूवी स्क्रिप्ट

मोहित सूरी के डायरेक्शन में बनी यशराज फिल्म्स द्वारा निर्मित सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त तहलका मचा रखा है। पहले दिन से ही अहान पांडे और अनीत पड्डा की ये फिल्म रेकॉर्ड पर रेकॉर्ड बनाए जा रही है। इसी के साथ अब कार्तिक आर्यन और श्रीलीला की अपकमिंग फिल्म को लेकर चर्चा तेज होने लगी है, जिसके स्क्रिप्ट चेंज होने से लेकर प्रॉजेक्ट में देरी की भी बात सामने आई है। अब डायरेक्टर अनुराग बासु ने खुद इसपर खुलकर बातें की हैं। दिलचस्प बात यह है कि मोहित ने ये पहले ही बताया था कि सैयारा का कॉन्सेप्ट बॉलीवुड की आशिकी की स्क्रिप्ट की तरह था लेकिन बाद में इसे एक इंडिपेंडेंट फिल्म के रूप में तैयार किया गया। अब चर्चा हो रही है आशिकी फ्रैंचाइज़ी की अगली फिल्म आशिकी 3 (हालांकि, फिल्म का नाम अभी फाइनल नहीं है) की जिसका निर्देशन अनुराग बसु ने किया है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन और श्रीलीला लीड रोल में हैं।

## हम दोनों का लीड रोल एक रॉकस्टार है

सैयारा की सफलता के बाद हाल ही में कार्तिक आर्यन की इस अपकमिंग फिल्म की स्क्रिप्ट में बदलाव के कारण अपकमिंग फिल्म में देरी की अफवाहें फैलीं। हालांकि, अनुराग बासु ने अब इन अटकलों पर साफ-साफ बातें की हैं। उन्होंने कहा, मोहित और मैं काफी करीब हैं। मैं उनकी फिल्म की सफलता से खुश हूं। हमारी फिल्मों में बस यही समानता है कि हम दोनों का लीड रोल एक रॉकस्टार है, बाकी कहानियां दोनों की बहुत अलग हैं।

उन्होंने फिल्म के सीन रीशूट या रीराइटिंग के दावों को खारिज किया और कहा, मेरी फिल्म में लड़की को डिमेंशिया या कोई और बीमारी नहीं है। मुझे सैयारा में अल्जाइमर वाले पहलू के बारे में पता था, इसलिए मेरी कहानी में इसे दोहराने की कोई ज़रूरत नहीं है।

उनकी इस फिल्म की करीब 40% शूटिंग पूरी हो चुकी अनुराग ने ये भी बताया कि उनकी इस फिल्म की करीब 40% शूटिंग पूरी हो चुकी है। उन्होंने आगे कहा, अगस्त और सितंबर में, हम एक और शेड्यूल की योजना बना रहे हैं जिसमें कार्तिक क्लीन शेव दिखाई देंगे। फिलहाल, वो अपनी दूसरी फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं, जिसके लिए एक अलग लुक की जरूरत है। कंन्टिन्यूटी ही एकमात्र चुनौती है। एक बार वह इसे पूरा कर लेंगे तो हम अगले फेज़ की तैयारी शुरू कर देंगे।

# फिर सिनेमाघरों में लगेगी विद्या बालन की 20 साल पुरानी फिल्म, परम सुंदरी से होगा टकराव

फिल्म परम सुंदरी को सन ऑफ सरदार 2 के साथ बॉक्स ऑफिस भिड़ंत से बचाने के लिए मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट आगे बढ़ाई। अब यह फिल्म अगस्त में रिलीज होगी। मगर, इसके लिए अब विद्या बालन की 20 साल पुरानी फिल्म चुनौती बन सकती है। जी हां, विद्या बालन और सैफ अली खान अभिनीत परिणीता री-रिलीज होने जा रही है। फिल्म सिनेमाघरों में उसी दिन दस्तक देगी, जिस दिन परम सुंदरी रिलीज हो रही है।

## अगस्त में इस दिन होगी दोबारा रिलीज

फिल्म परिणीता साल 2005 में रिलीज हुई। इसी के जरिए विद्या बालन ने बॉलीवुड में डेब्यू किया। करीब 20 साल बाद फिल्म फिर सिनेमाघरों में सजेगी। यह म्यूजिकल रोमांटिक फिल्म 29 अगस्त, 2025 को री-रिलीज हो रही है। यह फिल्म सिर्फ एक हफ्ते के लिए थिएटर्स में लगेगी। आज बुधवार को पीवीआर सिनेमा के सोशल मीडिया पोस्ट से यह जानकारी शेयर की गई है।

## क्या परम सुंदरी को मिलेगी टक्कर?

29 अगस्त को ही जान्हवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा अभिनीत परम सुंदरी भी थिएटर्स में रिलीज हो रही है। पहले यह फिल्म 25 जुलाई को रिलीज होने वाली थी। मगर, कथित तौर पर सन ऑफ सरदार 2 से बॉक्स ऑफिस क्लैश से बचने के लिए इसकी रिलीज डेट आगे बढ़ाई गई। मगर, अब इसके साथ परिणीता रिलीज होने वाली है।






## आशापुरी गोल्ड का 34 प्रतिशत ईबीआइटीडीए और 22 प्रतिशत पीएटी उछाल!

**मुंबई, एजेंसी।** आशापुरी गोल्ड ऑर्नामेंट लिमिटेड (बीएसई – 542579), जो भारत की प्रमुख बी2बी ज्वेलरी निर्माण कंपनियों में से एक है, ने वित्त वर्ष 2025–26 की पहली तिमाही के लिए अपना अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम जारी किया है। कंपनी ने इस तिमाही में 34 प्रतिशत की ईबीआइटीडीए (ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की आय) वृद्धि और 22 प्रतिशत की शुद्ध लाभ वृद्धि दर्ज की है, जो इसके मजबूत संचालन और निरंतर विकास को दर्शाता है। आशापुरी गोल्ड ऑर्नामेंट लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक जितेन्द्र कुमार सोनी ने कहा, हम एफवय26 की पहली तिमाही के प्रदर्शन से संतुष्ट हैं, जो हमारे बी2बी मॉडल की निरंतर मजबूती और अनुशासित कार्यान्वयन को दर्शाता है। ईबीआइटीडीए में 34 प्रतिशत की वर्ष–दर–वर्ष वृद्धि और मार्जिन में बेहतर सुधार हमारी संचालन क्षमता और ज्वेलरी रिटेलर्स के बीच हमारे ब्रांड की बढ़ती पसंद को दर्शाता है।जेम एंड ज्वेलरी शो 2025 में प्राप्त ?11 करोड़ का ऑर्डर हमारे मजबूत ग्राहक संबंधों और डिज़ाइन क्षमताओं का प्रमाण है।

## ईको रीसाइक्लिंग का शुद्ध लाभ 8 करोड़ 268 प्रतिशत की छलांग

**मुंबई, एजेंसी।** भारत की अग्रणी और पेशेवर ई–वेस्ट प्रबंधन कंपनी इको रीसाइक्लिंग लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025–26 की पहली तिमाही के लिए अपने अप्रमाणित वित्तीय परिणाम प्रकाशित किए हैं। इको रीसाइक्लिंग लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर बी.के. सोनी ने कहा– हम इस तिमाही में हुई निरंतर प्रगति से संतुष्ट हैं, जो हमारी रणनीति और क्रियान्वयन की मजबूती को दर्शाती है। हाल ही में हमारे 40,000 वर्ग फुट के अत्याधुनिक संयंत्र की शुरुआत, जिसमें एक समर्पित लिथियम–आयन बैटरी रीसाइक्लिंग लाइन शामिल है, ने हमारी प्रोसेसिंग क्षमताओं को काफी बढ़ाया है और हमें ई–वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2022 के तहत बढ़ती अनुपालन आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बनाया है। खास बात यह है कि ये सभी निवेश पूरी तरह से आंतरिक संसाधनों के माध्यम से वित्तपोषित किए गए हैं, जिससे हमारी जीरो–डेट स्थिति और वित्तीय अनुशासन की पुष्टि होती है।

## सेबी और एनएसई की पहल से ठगी से बच सकेंगे निवेशक

**भोपाल।** सिक्योरिटीज़ एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने सेबी वर्सेस स्केम नामक एक राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य निवेशकों को वित्तीय संबंधित ठगी के विभिन्न तरीकों और उनसे बचने के उपायों की जानकारी देना है। यह पहल सेबी द्वारा खुदरा निवेशकों को ठगों से सुरक्षित रखने के प्रयास को दर्शाती है। इस अभियान के तहत, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने सेबी के मार्गदर्शन में एक व्यापक निवेशक सुरक्षा मुहिम शुरू की है। यह अभियान ऐसे समय में शुरू हुआ है, जब वित्त संबंधी डिजिटल फ्रॉड्स तेजी से बढ़ रहे हैं। अब ठग पहले से कहीं ज्यादा चालाक और भ्रामक तरीकों का इस्तेमाल करके निवेशकों को निशाना बना रहे हैं। फर्जी ट्रेडिंग ऐप्स और डीपफेक वीडियो से लेकर बिना पंजीकरण वाले निवेश सलाहकारों और सोशल मीडिया पर भ्रामक स्टॉक टिप्स तक, ठग तकनीक का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं और निवेशकों के भरोसे को गहरी चोट पहुँचा रहे हैं। कई लोग ऐसी योजनाओं के झाँसे में आ जाते हैं, जो गारंटीड या असामान्य रूप से ऊँचा रिटर्न देने का दावा करती हैं।

### व्यापार वार्ता में भारत को अपनानी होगी चतुराई

# राजन बोले– कृषि व डेयरी पर समझौते में सतर्कता जरूरी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत को अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत करते समय बहुत सावधान और चतुराई से काम लेने की जरूरत है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने शुक्रवार को यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि व्यापार समझौते में सबसे ज्यादा ध्यान कृषि क्षेत्र में देने की है, जिसे विकसीत देशों द्वारा भारी सब्सिडी दी जाती है।

**भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6 से 7 प्रतिशत के दायरे में स्थिर** – पीटीआई को दिए साक्षात्कार में राजन ने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6 से 7 प्रतिशत के दायरे में स्थिर हो गई है। वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं कारण इस पर कुछ असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि जहां व्यापार वार्ता अधिक कठिन है, वह कृषि जैसे क्षेत्र हैं, जहां प्रत्येक देश अपने उत्पादकों को सब्सिडी देते हैं। हमारे उत्पादक अपेक्षाकृत छोटे हो सकते हैं, उनकी सब्सिडी कुछ कम हो सकती है। ऐसे में अगर कृषि उत्पादों का बिना नियंत्रण के आयात होता है तो हमारे किसानों के लिए यह मुश्किलें पैदा कर सकता है।

**विकसीत देशों से निवेश बढ़ाने की जरूरत**– राजन ने कहा कि उदाहरण के तौर पर, क्या हम विकसित देशों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को प्रोत्साहित कर सकते हैं ताकि कुछ क्षेत्रों में मूल्यवर्धन बढ़ाया जा सके। जैसे कि डेयरी क्षेत्र में जिससे दूध, मिल्क पाउडर, पनीर आदि जैसे उत्पादों में सुधार हो और हमारे दुग्ध उत्पादकों को लाभ हो सके।

**ट्रंप का प्रस्ताव**– इस सप्ताह के शुरुआत में भारतीय टीम प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए पांचवें दौर की वार्ता के लिए वाशिंगटन में थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौता अमेरिका द्वारा इंडोनेशिया के साथ किए गए समझौते की तर्ज पर होगा। कृषि क्षेत्र में पहुंच प्रदान करना सरकार के लिए एक राजनीतिक मुद्दा साबित हो रहा है।

**भारत अपना रहा कड़ा रुख**– पूर्व गवर्नर ने कहा कि क्या ऐसी चीजें हैं जो हम कर सकते हैं, बजाय इसके कि हम यह कहें कि हम अन्य देशों से भारत में अधिक दूध आयात करें। कृषि और डेयरी उत्पादों पर शुल्क में रियायत की अमेरिकी मांग पर भारत ने अपना रुख कड़ा कर लिया है। डेयरी क्षेत्र में मुक्त व्यापार समझौते में भारत ने अब तक अपने किसी भी व्यापारिक साझेदार को कोई शुल्क रियायत नहीं दी है।

## रियल एस्टेट डेवलपर्स के सहयोग से इंटेरियो ने रेडी-टू-फर्निश समाधानों के साथ घर खरीदने की प्रक्रिया को बनाया आसान

**मुंबई, एजेंसी।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप का अग्रणी होम और ऑफिस फर्नीचर ब्रांड इंटेरियो ने मुंबई, पुणे, बेंगलुरु, दिल्ली एनसीआर और हैदराबाद सहित प्रमुख शहरों में प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर्स के साथ मिलकर अपनी रेडी–टू–फर्निश फ्लैट समाधान पहल शुरू की है। इस पहल का उद्देश्य पूरी तरह से सुसज्जित सैंपल फ्लैट्स की पेशकश करके घर खरीदने के अनुभव में क्रांति लाना है, जो फर्नीचर को इंटीरियर के साथ सहजता से एकीकृत करते हुए अनुकूलन, किफायती मूल्य और तकनीक–सक्षम सुविधा प्रदान करते हैं। इस क्षेत्र में पहली बार कदम रखने वाले ब्रांड के रूप में, इंटेरियो न केवल घर खरीदारों के बीच अपनी ब्रांड पहचान मजबूत बना रहा है, बल्कि अपने रिटेल व्यवसाय के लिए एक स्थायी और टिकाऊ विकास इंजन भी तैयार कर रहा है। इंटेरियो को उम्मीद है कि यह पेशकश अगले पांच वर्षों में उसके कुल कारोबार का 10 प्रतिशत तक का योगदान देगी, जो ब्रांड की विकास यात्रा में इसकी रणनीतिक महत्व को दर्शाता है। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, इंटेरियो के बिजनेस हेड और कार्यकारी उपाध्यक्ष, स्वप्निल नागरकर ने कहा, यह पहल आधुनिक भारतीय घर खरीदार को बेहतर मूल्य प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आज के घर मालिक ऐसे स्थान चाहते हैं जो उनकी बदलती जीवन शैली को दर्शाते हों, जहां कार्यक्षमता स्टाइल के साथ मेल खाती हो, और प्रौद्योगिकी आरामदायक स्थिति बढ़ाती हो।

# टाटा समेत इन शेयरों में भारी गिरावट

### ट्रंप टैरिफ से पड़ेगा असर, निवेशकों में हड़कंप




**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुक्रवार से देश में घरेलू निर्यात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद गुरुवार को भारतीय ऑटो और ऑटो सहायक कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई। इस बीच, टाटा ग्रुप की दिग्गज कंपनी टाटा मोटर्स के शेयर भी आज गुरुवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित 25 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ के दबाव में निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। इससे शेयर में गिरावट आई। टाटा मोटर्स के शेयर गुरुवार, 31 जुलाई को बीएसई पर 2.4 प्रतिशत गिरकर 652.05 रुपये के निचले स्तर पर आ गए। टाटा मोटर्स के शेयरों की चर्चा एक और वजह से हो रही है। दरअसल, कंपनी ने बीते दिनों अपने वैश्विक वाणिज्यिक वाहन (सीवी) कारोबार को सुव्यवस्थित और विस्तारित करने के लिए नीदरलैंड में एक नई पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के गठन की घोषणा की।

## बिरला कॉर्पोरेशन का जून तिमाही का शुद्ध लाभ 264 प्रतिशत बढ़ा

**कोलकाता, एजेंसी।** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने जून तिमाही में 2,486 करोड़ रुपये का कंसोलिडेटेड राजस्व दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है, और 120 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हासिल किया, जो वर्ष–दर–वर्ष 264 प्रतिशत अधिक है। पहली तिमाही के दौरान बिक्री में 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है।कंपनी का कंसोलिडेटेड एबिटिडा पिछले वर्ष की इसी अवधि के 275 करोड़ रुपये से 38 प्रतिशत बढ़कर 379 करोड़ रुपये हो गया। एबिटिडा में यह वृद्धि सीमेंट की बिक्री में सुधार, कम ऑपरेशनल लागत और जूट इंडस्ट्री में सुधार का परिणाम है।

# गोल्ड की बढ़ती कीमतों के बीच अधिकांश भारतीयों ने होम लॉकर को अपनाया

### गोदरेज सर्वेक्षण में खुलासा

- 83 प्रतिशत भारतीय क़ीमती सामानों को सुरक्षित रखने को प्राथमिकता देते हैं, जो रोज़मर्रा की सुरक्षा आदतों में बदलाव का संकेत है

**मुंबई एजेंसी।** गोदरेज एंटरप्राइज़ेस ग्रुप के सिक्योरिटी सॉल्यूशंस बिजनेस द्वारा कराए गए हैप्पीनेस सर्वे के निष्कर्ष सामने आए हैं, जिनसे पता चला कि 83 प्रतिशत प्रतिभागियों ने व्यक्तिगत सामानों को सुरक्षित करने को अधिक महत्व दिया है। जिम्मेदारी की यह बढञती भावना इस बात का संकेत है कि सुरक्षा की धारणा अब सिर्फ सतर्कता तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि यह जागरूक और सक्रिय तैयारी में बदल रही है। चूंकि सोने में निवेश अब भी लोगों के लिए एक पसंदीदा विकल्प बना हुआ है, यह बदलाव उनकी भावनात्मक और वित्तीय सुरक्षा, दोनों की गहरी समझ को दर्शाता है।

दिलचस्प बात यह है कि 51 प्रतिशत से अधिक उत्तरदाताओं ने विश्वसनीय होम लॉकर्स को प्राथमिकता दी और उनके इस निर्णय में सोना एक प्रमुख कारक था। जैसे-जैसे परिवार अपनी सबसे महत्वपूर्ण चीज़ों को सुरक्षित करना चाहते हैं, होम लॉकर्स की मांग मजबूत हुई है।

### शॉप्सी ने पूरे किए 4 साल, 450 मिलियन से ज़्यादा डाउनलोड और अब भारत के छोटे शहरों तक बनाई पहुंच

# 11.5 मिलियन नये शॉपर्स के साथ उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की

- छोटे शहरों के साथ ही भागलपुर, मेदिनीपुर, डुंडा और राजनगर जैसे दूरदराज के इलाकों में मांग में बढ़ोतरी

**बेंगलुरु, एजेंसी।** फ्लिपकार्ट का तेजी से बढ़ता हाइपर-वैल्यू प्लेटफॉर्म शॉप्सी अपनी चौथी वर्षगांठ मना रहा है। इस मौके पर शॉप्सी ने 'भारत को किंग/क्वीन साइज जिंदगी' देने के अपने मिशन को और मजबूत किया है, ताकि ग्राहकों को कम खर्च में सबसे ज़्यादा फायदा मिल सके। अब तक 450 मिलियन से ज्यादा ऐप डाउनलोड का आंकड़ा पार कर चुका शॉप्सी देश के चारों कोनों में 19,000+ पिन कोड तक डिलीवरी कर रहा है, जिसमें मेट्रो शहरों से लेकर छोटे-छोटे कस्बों तक पहुंच शामिल हैं।

इस साल ही शॉप्सी से 1.15 करोड़ नए खरीदार जुड़े, जिनमें से कई ने पहली बार ऑनलाइन शॉपिंग की। जैसे–जैसे इसकी पहुंच और गहराई, टियर 4 कस्बों और दूरदराज़ के ज़िलों — जैसे भागलपुर, मेदिनीपुर, डुंडा और राजनगर — से मांग में तेज़ बढ़ोतरी देखने को मिली। यह दर्शाता है कि लोग अब शॉप्सी की किफायती कीमतों, इस्तेमाल में आसानी और 300 रुपये से कम की खास रेंज पर भरोसा कर रहे हैं।

शॉप्सी के बिज़नेस हेड, कपिल थिरानी ने कहा, पिछले चार सालों में शॉप्सी देश भर के समझदार खरीदारों के लिए एक पसंदीदा ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म बन गया है। हमारा लक्ष्य हमेशा अच्छी क्वॉलिटी के विविध प्रोडक्ट्स देना, खरीदारी को आसान बनाना और ग्राहकों को स्थानीय अनुभव देना रहा है, खासकर उन छोटे शहरों और कस्बों में जो भारत की असली ताकत हैं। शॉप्सी के प्रोडक्ट्स इन इलाकों की अलग–अलग पसंद और जरूरतों को ध्यान में रखकर चुने जाते हैं। हमने ऐसा प्लेटफॉर्म बनाया है जो बड़े पैमाने पर काम करता है और लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ता है। इस खास मौके पर हम हर भारतीय घर तक भरोसेमंद, आसान और किफायती ऑनलाइन शॉपिंग पहुंचाने के अपने मिशन को और मजबूत करने का वादा करते हैं।

**पूरे भारत में पहुंच- बड़े से लेकर छोटे शहरों तक**– शुरुआत से अब तक, शॉप्सी ने अपनी पहुंच को दोगुने से भी अधिक बढ़ाया है और देश के हर कोने तक सामान पहुंचाया है। चाहे सीतामढ़ी में साड़ी हो या मोकोकचुंग में मिक्सर — यह प्लेटफॉर्म भारत के सबसे अंदरूनी इलाकों तक रोजमर्रा की खरीदारी को आसान बना रहा है।

### 6400 रुपये के पार जा सकता है राधाकिशन दमानी का शेयर

# करीब 50 प्रतिशत की आ सकती है तेजी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज निवेशक राधाकिशन दमानी के मालिकाना हक वाली कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स के शेयरों में तूफानी तेजी देखने को मिल सकती है। विदेशी ब्रोकरेज हाउस सीएलएसए ने एवेन्यू सुपरमार्ट्स की रेटिंग को अपग्रेड करके हाई कन्विक्शन आउटपरफॉर्म कर दिया है। एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड, हाइपरमार्केट चेन डीमार्ट चलाती है। एवेन्यू सुपरमार्ट्स के शेयर बुधवार को 4285.15 रुपये पर बंद हुए थे। कंपनी के शेयर गुरुवार को बीएसई में शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी के साथ 4334.60 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं।

**सीएलएसए ने कहा, 6408 रुपये तक जा सकते हैं कंपनी के शेयर**– विदेशी ब्रोकरेज हाउस सीएलएसए ने एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड के शेयरों का टारगेट प्राइस बढ़ाकर 6408 रुपये कर दिया है। यानी, राधाकिशन दमानी की इस कंपनी के शेयर मौजूदा लेवल से करीब 50 पर्सेंट उछल सकते हैं। एवेन्यू सुपरमार्ट्स के शेयर फिलहाल अपने 52 हफ्ते के हाई लेवल 5484 रुपये से 22 पर्सेंट टूट चुके हैं। सीएलएसए ने अपने एक नोट में लिखा है कि सेल्स ग्रोथ को रफ्तार देने के लिए कंपनी ने स्टोर जोड़ने पर फोकस बढ़ाया है। कंपनी अपने विस्तार में तेजी लाने की तैयारी में है।

### 5 साल में 110 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ गए हैं कंपनी के शेयर

दमानी की कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड के शेयर पिछले पांच साल में 110 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। कंपनी के शेयर 31 जुलाई 2020 को 2063.50 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 31 जुलाई 2025 को बीएसई में 4334.60 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। अगर पिछले एक साल की बात करें तो कंपनी के शेयरों में करीब 12 पर्सेंट की गिरावट देखने को मिली है। पिछले छह महीने में कंपनी के शेयर 18 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। एवेन्यू सुपरमार्ट्स के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 5484 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 3337.10 रुपये है। एवेन्यू सुपरमार्ट्स का आईपीओ 8 मार्च 2017 को खुला था। आईपीओ में कंपनी के शेयर का दाम 299 रुपये था।

# इफको के नए एमडी बने केजे पटेल, यूएस अवस्थी हुए रिटायर दिलीप संघाणी ने किया ऐलान




**नईदिल्ली, एजेंसी।** विश्व की नंबर वन सहकारी उर्वरक संगठन इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव (इफको) ने अपने तकनीकी निदेशक केजे पटेल को संगठन का नया प्रबंध निदेशक (एमडी) बनाया है। इफको के 32 साल एमडी और सीईओ रहे उदय शंकर अवस्थी उर्फ यूएस अवस्थी 31 जुलाई को रिटायर हो रहे हैं। इफको मुख्यालय में संगठन के चेयरमैन दिलीप संघाणी ने केजे पटेल को एमडी बनाने की घोषणा की। केजे पटेल ने गुजरात में राजकोट स्थित सौराष्ट्र विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। पटेल ने इफको में तकनीकी निदेशक पद बनने से पहले संगठन के कलोल और पारादीप यूनिट में लंबे समय तक काम किया है। रिटायर हो रहे एमडी यूएस अवस्थी केमिकल इंजीनियर थे, जबकि नए एमडी केजे पटेल एक मैकेनिकल इंजीनियर हैं। उन्हें नाइट्रोजन और फॉस्फेटिक फर्टिलाइजर प्लांट के रखरखाव का 32 वर्षों का लंबा अनुभव है और इन मसलों पर वो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में रिसर्च आर्टिकल भी लिखते रहते हैं। केजे पटेल इफको के पारादीप प्लांट के प्रमुख भी रहे हैं जो देश में कम्प्लेक्स फर्टिलाइजर का सबसे बड़ा प्लांट है। इफको के चेयरमैन दिलीप संघाणी ने संगठन के दिल्ली मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में केजे पटेल को एमडी बनाने की घोषणा करते हुए कहा कि इफको बोर्ड को भरोसा है कि पटेल आने वाले समय में इनोवेशन और वैल्यू क्रिएशन के नए युग की शुरुआत करेंगे। संघाणी ने कहा कि पटेल किसानों और सहकारी संगठनों की भलाई के लिए इफको के काम को आगे बढ़ाएंगे।

# लगातार 15वीं बार...

## भारतीय टीम ने बनाया शर्मनाक वर्ल्ड रिकॉर्ड

● द ओवल में भी भारतीय टीम ने गंवाया टॉस ● भारत की रही खराब शुरुआत 38 रन के अंदर 2 विकेट गिरे



**ओवल (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार टॉस गंवाने का शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। भारतीय टीम ने 31 जनवरी 2025 से 31 जुलाई 2025 के बीच लगातार 15 टॉस गंवाए हैं। इस शर्मनाक रिकॉर्ड ने वेस्टइंडीज के 26 साल पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। वहीं, गिल लगातार पांच टॉस हार गए हैं। भारत की शुरुआत खराब रही उसके राहुल और जायसवाल के विकेट 38 रन पर गिर गए थे। कैरेबियन टीम ने 2 फरवरी 1999 से 21 अप्रैल 1999 के बीच लगातार 12 मैच में टॉस गंवाए थे। भारतीय टीम ने पांच मैच की सीरीज में सभी पांचों टॉस गंवाए। यह 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में किसी टीम द्वारा सभी पांच टॉस हारने का 14वां उदाहरण है।

### लगातार सातवीं बार ओवल में हुआ ऐसा

1953 में इंग्लैंड ने एशेज के दौरान जीत दर्ज की थी। घरेलू मैदान पर खेली गई सीरीज में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को मात दी थी। एक दिलचस्प आंकड़ा यह भी है कि लगातार सात टेस्ट मैचों में टॉस जीतने वाली टीमों ने ओवल में पहले गेंदबाजी करने का विकल्प चुना है। आज भी इंग्लैंज ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

### रोहित शर्मा के नाम दर्ज है वर्ल्ड रिकॉर्ड

गौरतलब हो कि भारतीय युवा टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने पांचों के पांचों टॉस गंवाए हैं। इस दौरे पर वह एक भी टॉस नहीं जीत पाए। हालांकि, रोहित शर्मा ने टेस्ट मैच में लगातार 13 बार टॉस गंवाने का एक अनचाहा विश्व रिकॉर्ड बनाया है। अगर गिल ऐसे ही चलते रहे तो वह रोहित को पीछे छोड़ देंगे। बता दें कि भारतीय टीम ने जो लगातार 15 मैच में टॉस हारे हैं, उसमें रोहित शर्मा की कप्तानी में 8 और सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में 2 बार टॉस हारे हैं। वहीं, टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की कप्तानी में भारत ने पांचों टॉस हारे हैं।

# पाकिस्तान वेटरन लीग डब्ल्यूसीएल के फाइनल में पहुंचा

## भारत ने सेमीफाइनल खेलने से मना कर दिया था, चौथे नंबर पर रही इंडियन टीम

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** रिटायर्ड क्रिकेटर्स के टूर्नामेंट वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूटीसी) में पाकिस्तान फाइनल में पहुंच गया है। डब्ल्यूटीसी ने यह जानकारी दी। भारत ने पाकिस्तान के साथ सेमीफाइनल मैच खेलने से मना कर दिया था। यह मुकाबला 31 जुलाई को बर्मिंघम में खेला जाना था। इससे पहले भारतीय प्लेयर्स ने पाकिस्तान के साथ 20 जुलाई को होने वाला ग्रुप मैच भी नहीं खेला था। तब मैच रद्द करके दोनों टीमों में अंक बांट दिए गए थे। लेकिन अब पाकिस्तानी टीम अपने ग्रुप में टॉप पर होने और चार जीत के साथ नौ अंक हासिल करने के कारण फाइनल में पहुंच गई है। वहीं, भारत छह टीमों वाले इस टूर्नामेंट में चौथे नंबर पर रहा। टीम को एक मैच में जीत और तीन में हार मिली, जबकि एक मैच बेनतीजा रहा। पाकिस्तान का मुकाबला दूसरे सेमीफाइनल के विजेता (ऑस्ट्रेलिया या साउथ अफ्रीका) से होगा।



**स्पॉन्सर कंपनी ने भी सेमीफाइनल से हटने का ऐलान किया था** – लीग की स्पॉन्सर कंपनी ईजमाई ट्रिप ने भी बुधवार को ही सेमीफाइनल मैच से हटने का ऐलान किया था। कंपनी के को-फाउंडर निशांत पिट्टी ने X पोस्ट में लिखा था- हम डब्ल्यूटीसी में भारत के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हैं। हालांकि, पाकिस्तान के खिलाफ आगामी सेमीफाइनल कोई साधारण मैच नहीं है। आतंकवाद और क्रिकेट साथ-साथ नहीं चल सकता। ईजमाई ट्रिप भारत के साथ खड़ा है। हम ऐसे किसी भी आयोजन का समर्थन नहीं कर सकते जो आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देश के साथ संबंधों को सामान्य बनाने का प्रयास करता हो। कुछ चीजें खेल से भी बड़ी होती हैं। देश पहले, व्यापार बाद में।

**एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मैच का विरोध हो रहा** – 26 जुलाई को एशिया कप 2025 का शेड्यूल जारी होने के बाद से ही भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर सोशल मीडिया पर विरोध हो रहा है। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में के बाद से ही लोग कह रहे हैं कि जिस देश से आतंकवाद आता है, उससे नहीं खेलना चाहिए। इस पर बीसीसीआई (बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया) ने अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। एशिया कप में भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा गया है। दोनों के बीच 14 सितंबर को मैच खेला जाना है। इसके अलावा भारतीय महिला टीम 6 अक्टूबर को कोलंबो में आईसीसी महिला विश्वकप में पाकिस्तान के साथ मैच खेलेगी।

### यह है भारतीय टीम

युवराज सिंह (कप्तान), शिखर धवन, रॉबिन उथप्पा (विकेटकीपर), अंबाती रायडू, गुरकीरत सिंह मान, सुरेश रैना, यूसुफ पठान, इरफान पठान, स्टुअर्ट बिन्नी, विनय कुमार, हरभजन सिंह, पीयूष चावला, सिद्दार्थ कौल, अभिमन्यु मिथुन और वरुण आरोन।

### डब्ल्यूसीएल प्राइवेट लीग, इसे अजय देवगन की कंपनी करा रही

डब्ल्यूसीएल टी-20 क्रिकेट लीग है। इसमें दुनिया भर के रिटायर्ड प्लेयर्स हिस्सा ले रहे हैं। इसमें 6 टीमें इंडिया, पाकिस्तान, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज हैं। लीग का आयोजन बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन और इंग्लिश क्रिकेट बोर्ड करा रहे हैं।

ई-स्पोर्ट्स विश्व कप 2025

# क्वार्टर फाइनल में भारत के निहाल सरीन का मुकाबला नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन से

**रियाद,सऊदी अरब (एजेंसी)।** शतरंज को पहली बार ई-स्पोर्ट्स विश्व कप 2025 का हिस्सा बनाया गया है और पहले ही संस्करण में भारत के दो युवा खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा है। भारत के ग्रांडमास्टर निहाल सरीन (टीम एस8यूएल) ने लगातार बेहतरीन दो मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है, जहाँ अब उनका सामना विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के ग्रांडमास्टर मैग्नस कार्लसन (टीम लिक्विड) से होगा। निहाल सरीन ने पहले नीदरलैंड्स के ग्रांडमास्टर अनीश गिरी (टीम सीक्रेट) को 2-0 से हराया और फिर फ्रांस के ग्रांडमास्टर मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव (टीम विटालिटी) को 1.5-0.5 से पराजित किया। निहाल ने इन दोनों मुकाबलों में एक भी बाजी नहीं गंवाई।



भारत के ही एक और शीर्ष खिलाड़ी, ग्रांडमास्टर अर्जुन एरिगैसी (टीम जेन.जी) अब क्वार्टर फाइनल में रूस के ग्रांडमास्टर इयान नेपोमिनियाची (टीम ऑरोरा गेमिंग) से टकराएंगे।

# हरियाणा के पैरा खिलाड़ियों को मिला 31.72 करोड़ का नकद इनाम

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री और पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष आरती सिंह राव ने बताया कि प्रदेश सरकार ने चौथे पैरा एशियन गेम्स 2022 में भाग लेने वाले प्रदेश के 17 खिलाड़ियों को कुल 31.72 करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार दिया है। मंत्री राव ने बताया कि स्वर्ण पदक विजेता प्रणव सूरमा, रमन शर्मा, सुमित (एथलेटिक्स) और तरुण ढिल्लो (पैरा बैडमिंटन) को 3-3 करोड़ रुपए रुपये दिए गए हैं। नितेश कुमार को पैरा बैडमिंटन में स्वर्ण और रजत पदक जीतने के लिए 4.5 रुपए करोड़ मिले हैं।

# चेस वर्ल्ड कप विजेता दिव्या देशमुख का नागपुर में हुआ भव्य स्वागत

## परिवार और कोच को दिया जीत का श्रेय; फाइनल में कोनेरू हम्पी को हराया था

**नागपुर (एजेंसी)।** जॉर्जिया के बटुमी में खत्म हुई चेस वर्ल्ड कप में जीतने वाली 19 साल की दिव्या देशमुख का नागपुर पहुंचने पर स्वागत किया गया। बुधवार को जब वे अपने गृहनगर नागपुर लौटीं, तो हवाई अड्डे पर उनके रिश्तेदारों और प्रशंसकों ने उनका भव्य स्वागत किया।दिव्या ने इस टूर्नामेंट में भारत की अनुभवी खिलाड़ी कोनेरू हम्पी को टाई-ब्रेकर में हराकर यह खिताब अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों के बीच दो क्लासिकल गेम ड्रॉ रहे थे, जिसके बाद टाई-ब्रेकर में दिव्या ने जीत हासिल की। इस जीत ने दिव्या को ग्रैंडमास्टर (जीएम) का खिताब दिलाया, साथ ही उन्हें कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह और 50,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 42 लाख रुपये) की पुरस्कार राशि भी मिली। दिव्या ने टूर्नामेंट में अंडरडॉग के रूप में हिस्सा लिया था और उनका लक्ष्य केवल जीएम-नॉर्म हासिल करना था, लेकिन उन्होंने सभी को चौंकाते हुए खिताब अपने नाम कर लिया।मुंबई एयर पोर्ट पहुंचने पर भारतीय चेस फेडरेशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों ने स्वागत किया।



### 2 से 16 सितंबर तक उज्बेकिस्तान में होने वाले ग्रैंड स्विस में हिस्सा लेंगी

विश्व कप की जीत के बाद दिव्या अब कुछ समय आराम करना चाहती हैं। इसके बाद वे उज्बेकिस्तान के समरकंद में 2 से 16 सितंबर तक होने वाले ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। उन्होंने कहा कि इस महीने मैं थोड़ा आराम करूंगी और अगले महीने ग्रैंड स्विस में खेलूंगी ।दिव्या की इस उपलब्धि ने न केवल नागपुर बल्कि पूरे देश को गर्व से भर दिया है। उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें शतरंज की दुनिया में एक नया सितारा बना दिया है।

**दिव्या अपनी मां के साथ नागपुर एयरपोर्ट पर पहुंची** – दिव्या अपनी मां के साथ बटुमी से मुंबई होते हुए नागपुर पहुंचीं। हवाई अड्डे पर उनके प्रशंसक और रिश्तेदार पहले से ही उनके स्वागत के लिए मौजूद थे। दिव्या ने स्वागत पर खुशी जताते हुए कहा कि मुझे बहुत खुशी हो रही है कि इतने सारे लोग मेरा स्वागत करने आए हैं। शतरंज को इतना सम्मान मिल रहा है, यह मेरे लिए गर्व की बात है।

**परिवार और कोच को दिया जीत का श्रेय** – दिव्या ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने परिवार और अपने पहले कोच राहुल जोशी को दिया, जिनका 2020 में 40 साल की उम्र में निधन हो गया था। उन्होंने कहा कि मेरे माता-पिता ने मेरे करियर में सबसे बड़ा योगदान दिया है। उनके बिना मैं यहां तक नहीं पहुंच पाती। मेरी बहन आर्या देशमुख, मेरे दादा-दादी, और मेरे पहले कोच राहुल जोशी सर का भी बहुत बड़ा हाथ है।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए अंडर-19 भारतीय टीम घोषित

## वैभव सूर्यवंशी को भी फिर से मिली जगह; सीरीज में 3 वनडे और 2 टेस्ट मैच खेलेंगे



**नईदिल्ली (एचेंसी)।** 14 साल के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए इंडिया अंडर-19 टीम में शामिल किया गया है। भारत और ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के बीच 21 सितंबर से शुरू होने वाली इस सीरीज में 3 वनडे और 2 टेस्ट मैच खेले जाएंगे।

**इंग्लैंड दौरे पर भी मिली थी वैभव को जगह** – वैभव इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत में टेस्ट सीरीज खेल चुके हैं और इंग्लैंड दौरे पर भी शानदार प्रदर्शन किया था। इंग्लैंड में उन्होंने 5 वनडे मैचों में 355 रन बनाए, जिसमें एक शतक शामिल था। वैभव ने 52 गेंदों में शतक बनाकर रिकॉर्ड भी अपने नाम किया था।

- **कप्तान**– आयुष म्हात्रे
- **उप-कप्तान**– विहान मल्होत्रा
- **खिलाड़ी** – वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, नमन पुष्पक, हेनिल पटेल, डी दीपेश, किशन कुमार, अनमोलजीत सिंह, खिलन पटेल, उधव मोहन, अमन चौहान। स्टैंडबाय खिलाड़ी- युधजीत गुहा, लक्ष्मण, बी.के. किशोर, अलंकृत रापोल, अर्नव बुग्गा।

**21 सितंबर को खेला जाएगा पहला वनडे** – इंडिया अंडर 19 बनाम ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम के बीच पहला वनडे मैच रविवार (21 सितंबर) को खेला जाएगा। सीरीज का दूसरा वनडे बुधवार (24 सितंबर) को होगा जबकि तीसरा वनडे मैच 26 सितंबर को खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमें 2 टेस्ट मैचों की सीरीज में टकराएंगी। सीरीज का पहला चार दिनी टेस्ट मैच 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक खेला जाएगा। जबकि दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच 7 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक खेला जाएगा। तीनों वनडे नॉर्थेम्प्टनशॉयर में खेला जाएगा जबकि पहला टेस्ट भी इसी वेन्यू पर खेला जाएगा वहीं दूसरा टेस्ट मैक्के में आयोजित होगा।

# टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा बार 'डक' पर आउट होने वाले खिलाड़ी यह हैं?

### रोहित शर्मा भी 12 बार डक पर आउट हो चुके हैं

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट को आमतौर पर तेज़ रफ्तार और रोमांचक बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है। हर गेंद पर छक्का या चौका देखने की चाहत होती है लेकिन जहां रन बनाने की होड़ लगी रहती है वहीं कुछ बल्लेबाज ऐसे भी होते हैं जो बार-बार बिना खाता खोले पवेलियन लौटते हैं। क्रिकेट की भाषा में इसे 'डक' कहा जाता है यानी बिना रन बनाए आउट होना। यह किसी भी बल्लेबाज के लिए सबसे निराशाजनक अनुभव होता है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे उन खिलाड़ियों के बारे में जो टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार 'डक' पर आउट होने का अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके हैं। आश्चर्य की बात यह है कि इस सूची में कुछ बड़े और मशहूर नाम भी शामिल हैं।

**रवांडा के बल्लेबाज टॉप पर: केविन इराकोजे का रिकॉर्ड शर्मनाक** – इस लिस्ट में सबसे ऊपर नाम है रवांडा के बल्लेबाज केविन इराकोजे का। इराकोजे ने अब तक 75 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 56 पारियां खेली हैं लेकिन इस दौरान वह 13 बार 'डक' पर आउट हुए हैं। उनकी बल्लेबाजी औसत महज 10.17 की रही है जो दर्शाता है कि वे बल्लेबाजी में संघर्ष कर रहे हैं। उनका यह रिकॉर्ड अब तक का सबसे खराब माना जा सकता है।



**रवांडा के ही दो और खिलाड़ी टॉप 3 में** – रवांडा जैसे छोटे क्रिकेटिंग देश के लिए यह काफी चौंकाने वाली बात है कि सबसे ज्यादा बार 'डक' पर आउट होने वाले खिलाड़ियों की सूची में टॉप 3 में उसके तीन खिलाड़ी शामिल हैं। इन खिलाड़ियों में जैप्पी बिमेन्यिमाना और मार्टिन अकायेजु भी शामिल हैं, जिन्होंने क्रमशः 91 मैचों में 327 रन और 95 मैचों में 590 रन बनाए हैं, लेकिन दोनों ही 13-13 बार बिना रन बनाए आउट हुए हैं। इन आंकड़ों से यह साफ जाहिर होता है कि अनुभव की कमी और बल्लेबाजी तकनीक में खामियों के चलते वे लगातार असफल होते रहे हैं। रवांडा के खिलाड़ियों का इस सूची में शीर्ष स्थान पर होना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके संघर्ष को दर्शाता है, और यह भी बताता है कि छोटे देशों के खिलाड़ियों को अभी लंबे सफर की जरूरत है ताकि वे प्रतिस्पर्धी स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

# ओलिंपिक 2028 से बाहर हो सकते हैं पाकिस्तान-न्यूजीलैंड

## आईसीसी की क्षेत्रीय योग्यता प्रणाली बनी बाधा; 128 साल बाद ओलिंपिक में क्रिकेट की वापसी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** 2023 में खेले गए एशियन गेम्स में क्रिकेट को तीसरी बार जगह मिली थी। इससे पहले इसे 2010 और 2014 में शामिल किया था। 2023 में खेले गए एशियन गेम्स में भारतीय क्रिकेट टीम ने गोल्ड जीता लॉस एंजिल्स ओलिंपिक 2028 में पूर्व टी-20 वर्ल्ड चैंपियन पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की पुरुष टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो सकती हैं। इसका मुख्य कारण इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) द्वारा ओलिंपिक क्वालिफिकेशन के लिए निर्धारित क्षेत्रीय योग्यता प्रणाली है। 128 साल बाद 2028 ओलिंपिक में क्रिकेट की वापसी हो रही है, जिसमें मेंस और विमेंस टीमें टी-20 फॉर्मेट में हिस्सा लेंगी। इसमें 6-6 टीमें हिस्सा लेंगी।



**एशिया, ओशिनिया, यूरोप और अफ्रीका से टॉप-टॉप टीमें होंगी क्वालिफाई** – ब्रिटिश अखबार द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, ICC ने ओलिंपिक के लिए क्षेत्रीय योग्यता प्रणाली लागू करने का फैसला किया है। इसके तहत एशिया, ओशिनिया, यूरोप, और अफ्रीका की टॉप रैंक वाली टीमें क्वालिफाई करेंगी। मेजबान देश होने के नाते अमेरिका (अमेरिका क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए) को भी सीधा प्रवेश मिलेगा।

इस प्रणाली से वेस्टइंडीज की टीमें भी प्रभावित हो सकती हैं, क्योंकि कैरेबियाई देशों को अमेरिका के साथ एक ही क्षेत्र में रखा गया है। वर्तमान टी-20 रैंकिंग के आधार पर, भारत (एशिया), ऑस्ट्रेलिया (ओशिनिया), ग्रेट ब्रिटेन (यूरोप), और साउथ अफ्रीका (अफ्रीका) क्वालिफाई करेंगे। अमेरिका मेजबान के रूप में हिस्सा लेगा।

हालांकि, न्यूजीलैंड (वर्तमान में टी-20 रैंकिंग में चौथे स्थान पर) को ओशिनिया क्षेत्र से ऑस्ट्रेलिया (दूसरे स्थान पर) के सामने क्वालिफाई करने का मौका नहीं मिलेगा। इसी तरह, पाकिस्तान (आठवें स्थान पर) और श्रीलंका (सातवें स्थान पर) को एशिया क्षेत्र से भारत के सामने जगह नहीं मिलेगी।

### पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की नाराजगी

रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड आईसीसी के इस फैसले से नाखुश हैं। हालांकि, इस प्रस्ताव को अभी आईसीसी बोर्ड की औपचारिक मंजूरी मिलनी बाकी है, लेकिन इसे बदलने की संभावना कम है। पाकिस्तान ने 2021 में टी-20 वर्ल्ड कप अपने नाम किया था।

### मेजबान अमेरिका की चुनौतियां

हैरानी की बात है कि मेजबान होने के बावजूद अमेरिका की भागीदारी भी अनिश्चित है। ओलिंपिक चार्टर के नियमों के अनुसार, अमेरिका को टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए यूएस ओलिंपिक और पैरालिंपिक समिति (एसओपीसी) से राष्ट्रीय शासी निकाय (एनजीबी) की मान्यता प्राप्त करनी होगी। यदि अमेरिका यह मान्यता हासिल करने में विफल रहता है, तो उसे टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ सकता है। गौरतलब है कि अमेरिका ने 2024 टी-20 वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सुपर-8 में जगह बनाई थी और ग्रुप स्टेज में पाकिस्तान को हराया था।

### महिला टूर्नामेंट का क्वालिफिकेशन

विमेंस टी-20 टूर्नामेंट के लिए क्वालिफिकेशन अगले साल होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के आधार पर तय होगा। इस तरह, मेंस और विमेंस टूर्नामेंट के लिए अलग-अलग क्वालिफिकेशन प्रक्रियाएं अपनाई जाएंगी।

### ओलिंपिक में क्रिकेट केवल एक बार खेला गया

1900 के पेरिस ओलिंपिक में क्रिकेट इवेंट की है। तब ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस की टीमों ने इसमें हिस्सा लिया था। ओलिंपिक में क्रिकेट केवल एक बार शामिल हुआ था। ओलिंपिक में 128 साल बाद क्रिकेट की वापसी होगी। इससे पहले क्रिकेट 1900 के पेरिस ओलिंपिक में शामिल हुआ था। तब ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस की टीमों ने इसमें हिस्सा लिया था। ग्रेट ब्रिटेन ने गोल्ड और फ्रांस ने सिल्वर मेडल जीता था। दोनों टीमों के बीच केवल एक ही मैच खेला गया था और इसी मैच को फाइनल घोषित कर दिया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वास्थ्य के लिए खतरा है, कबूतरों को दाना डाला तो हो सकती है जेल, हाईकोर्ट का पुलिस को सख्त निर्देश



**मुंबई, एजेंसी।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि कबूतरों के झुंड को दाना डालना सार्वजनिक परेशानी उत्पन्न करने वाला कृत्य है और इससे लोगों के स्वास्थ्य को भी खतरा है। अदालत ने साथ ही मुंबई नगर निगम को ऐसी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति जी.एस. कुलकर्णी और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की पीठ ने पशु प्रेमियों के एक समूह द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि यह मुद्दा जनस्वास्थ्य से जुड़ा है और सभी उम्र के लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर व संभावित खतरा है। अदालत ने इस महीने की शुरुआत में बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) को महानगर में किसी भी पुराने 'कबूतरखाने' (कबूतरों को दाना डालने के स्थान) को गिराने से रोक दिया था लेकिन कहा था कि वह इन पक्षियों के लिए दाना डालने की अनुमति नहीं दे सकती। अदालत ने बुधवार को कहा कि अनुमति न मिलने के बावजूद लोग इन 'कबूतरखानों' में कबूतरों को दाना डालना जारी रखे हुए हैं। पीठ ने कहा, यह स्थिति अब कानून की घोर अवहेलना की उभरती स्थिति से और भी जटिल हो गई है क्योंकि हमारे पहले के आदेश में कबूतरों को दाना डालने व उनके जमावड़े का समर्थन करने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था तथा अब नगर निगम के अधिकारियों को इस संबंध में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने से रोका जा रहा है। उच्च न्यायालय ने इसके बाद बीएमसी को निर्देशों की अवहेलना कर कबूतरों को दाना डालने वालों को दंडित करने का निर्देश दिया।

### अमीरों को विदेश में काउंसलर बनाने के नाम पर ऐंठी रकम, एसटीएफ को फर्जी राजदूत के लैपटॉप से मिले सुराग

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद में अवैध दूतावास चलाने वाला हर्षवर्धन जैन विदेश में काउंसलर बनाने के नाम पर धनाढ्य लोगों से मोटी रकम वसूल रहा था। यूपी एसटीएफ को हर्षवर्धन के लैपटॉप और मोबाइल में इससे संबंधित सुराग मिले हैं। सूत्रों के मुताबिक, उसके पास से देश के दर्जनभर लोगों के दस्तावेज मिले हैं, जो विदेश में काउंसलर बनने की प्रक्रिया में थे। एसटीएफ की नोएडा यूनिट ने 22 जुलाई की रात गाजियाबाद के कविनगर में अवैध रूप से चल रहे दूतावास का भंडाफोड़ करते हुए फर्जी राजदूत हर्षवर्धन जैन को गिरफ्तार किया था। हर्षवर्धन खुद को वेस्ट आर्कटिका, सर्बोगा, पॉलविया और लोडोनिया आदि स्यवंभू देशों का काउंसलर और कॉन्सुल एंबेसडर (वाणिज्य दूत) बताता था।छापेमारी में अवैध दूतावास से डिप्लोमेटिक नंबर प्लेट लगी चार गाड़ियां, 44 लाख 70 हजार की नगदी, कई देशों की मुद्रा, विदेश मंत्रालय की मुहर लगे फर्जी दस्तावेज,अवैध देशों के 12 पासपोर्ट, फर्जी देशों और कंपनियों की 34 मुहर आदि बरामद हुई थीं। इसके अलवा एसटीएफ ने एक लैपटॉप और मोबाइल फोन भी बरामद किया था। लैपटॉप और मोबाइल खंगाले तो चौंकाने वाली बातें सामने आईं। सूत्रों के मुताबिक लैपटॉप और मोबाइल फोन में ऐसे तमाम सुबूत मिले हैं, जिनसे पता चलता है कि दिल्ली, पंजाब, चंडीगढ़, दक्षिण भारत और एनसीआर के 10 से अधिक लोगों के दस्तावेज विदेश के काउंसलर बनने की प्रक्रिया में थे। हर्षवर्धन धनाढ्य लोगों को विदेश में काउंसलर बनवाने के नाम पर मोटी रकम वसूल रहा था। बताया जा रहा है कि हर्षवर्धन पुलिस और एसटीएफ का जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। सख्ती बरतने पर वह तबीयत खराब होने का नाटक कर रहा है। सूत्र बताते हैं कि एसटीएफ की टीम दस्तावेज बरामद करने के लिए आरोपी को कई स्थानों पर ले गई, लेकिन वहां ज्यादा कुछ बरामद नहीं हो सका। हर्षवर्धन की गिरफ्तारी के बाद से उसके रिश्तेदार और जानकार चौकन्ने हो गए हैं और सबूतों के साथ भागे हुए हैं। इसके अलावा एसटीएफ इंटरपोल के जरिए हर्षवर्धन का विदेशों में अपराध का रिकॉर्ड जानने में जुटी है।

# हिमाचल प्रदेश में फिर फटा बादल, शिमला जिले में बाढ़ जैसे हालात



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में मानसून का प्रकोप लगातार जारी है और छह अगस्त तक कई जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। आज कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों में भी भारी वर्षा का येलो अलर्ट है। गुरुवार सुबह तक कांगड़ा जिला मुख्यालय धर्मशाला में सबसे ज्यादा 54 मिमी बारिश दर्ज की गई। मुरारी देवी में 52 मिमी, कोठी में 49 मिमी, गोहर में 40 मिमी, सराहन में 34 मिमी और सुंदरनगर में 30 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक भारी बारिश और भूस्खलन से प्रदेश भर में एक नेशनल हाईवे और 301 सड़कों पर आवाजाही पूरी तरह से बाधित है। 436 बिजली के ट्रांसफार्मर और 254 पेयजल योजनाएं भी ठप हो गई हैं। अकेले मंडी जिले में सबसे ज्यादा 193 सड़कें, एक नेशनल हाईवे (एनएच-21, मंडी-कोटली बनाला ओट के पास), 81 ट्रांसफार्मर और 58 पेयजल योजनाएं बंद पड़ी हैं। कुल्लू जिले में 47 सड़कें और 134 ट्रांसफार्मर खराब हुए हैं। चंबा में 142 ट्रांसफार्मर और 62 पेयजल योजनाओं पर असर पड़ा है, जबकि कांगड़ा जिले में 134 पेयजल योजनाएं बंद हैं।

**मनाली में ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ा, खतरा बरकरार:** मनाली और आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही तेज बारिश से ब्यास नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। नेहरू कुंड के पास नदी का पानी पुल की नींव की ओर मुड़ गया है, जिससे बड़ा खतरा बन गया है। हालात का जायजा लेने के लिए मनाली विधायक भुवनेश्वर गौड़, एसडीएम मनाली, डीएसपी मनाली और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। पानी को दूसरी दिशा में मोड़ने के लिए मशीनें लगाई गई हैं। बाहंग के पास भी नदी का जलस्तर बढ़ने से कुछ घरों पर खतरा मंडरा रहा है। हालांकि फिलहाल किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और नदी-नालों से दूर रहने की अपील की है। शिमला जिले के रामपुर उपमंडल की कूट पंचायत के धनपल कंडा में बादल फटने से भारी तबाही मची है। तेज बारिश और मलबे के कारण ग्रामीणों की फसलें बर्बाद हो गईं और कई सेब के पौधे नष्ट हो गए। कूट गांव को जोड़ने वाला एक बड़ा पुल और तीन छोटे पुल तेज बहाव में बह गए हैं। भूक्षरण से पंचायत मुख्यालय का वाहन मार्ग भी कट गया है, जिससे यह क्षेत्र पूरी तरह अलग-थलग पड़ गया है। हालांकि, कूट में वाहन योग्य मुख्य पुल सुरक्षित है। खिऊंचा गांव में भू-स्खलन से बिजली के दो खंभे बह गए, जिससे गांव में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। कूट पंचायत प्रधान रत्न डोगरा ने बताया कि 29 जुलाई की आधी रात को यह घटना घटी। राहत की बात यह है कि इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। एसडीएम रामपुर हर्ष अमरेंद्र सिंह ने कहा कि नुकसान का आकलन करने के लिए राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची है।

किन्नौर जिले में दूसरे दिन भी किन्नर कैलाश यात्रा को नाले में जलस्तर बढ़ने के कारण रोक दिया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मौजूदा मानसून सीजन में 20 जून से अब तक हिमाचल प्रदेश में बारिश, भूस्खलन और बाढ़ से अब तक 170 लोगों की मौत हो चुकी है, 278 लोग घायल हुए हैं और 36 लोग लापता हैं। सबसे ज्यादा 35 मौतें मंडी में हुई हैं, जहां 27 लोग लापता भी हैं।

## गुजरात एटीएस ने किए कई बड़े दावे : शमा परवीन अंसारी 10 हजार लोगों में घोल रही थी 'जिहाद का जहर'



**अहमदाबाद, एजेंसी।** शमा परवीन अंसारी गजवा-ए-हिंद का मंसूबा पाले बैठी थी और करीब 10 हजार लोगों में जिहाद का जहर खोलने में जुटी हुई थी। बेंगलुरु से गिरफ्तार की गई झारखंड की लड़की को लेकर गुजरात एटीएस ने कई बड़े दावे किए हैं। अलकायदा के ऑनलाइन मॉड्यूल का खुलासा करते हुए एटीएस ने शमा परवीन को गिरफ्तार किया है इसे एक बड़ी कामयाबी के तौर पर देखा जा रहा है। वह अलकायदा इंडियन सबकॉन्टिनेंटऔर पाकिस्तान का मोहरा बन चुकी थी।

प्रतिबंधित आतंकी संगठन अलकायदा इंडियन सबकॉन्टिनेंट के विचारों को फैलाने के आरोप में शमा को मंगलवार को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया जहां वह अपने छोटे भाई के साथ रह रही थी। बुधवार को उसे ट्रांजिट रिमांड पर गुजरात लाया गया। एटीएस के अधिकारियों मुताबिक, अंसारी भारत सरकार के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह और जिहाद के लिए लोगों को उकसा रही थी और इसके लिए वह डिजिटल प्लैटफॉर्म्स का सहारा ले रही थी। वह नफरती संदेशों को फैलाकर धार्मिक उन्माद और हिंसा भड़काना चाहती थी।

एटीएस की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में बताया गया है कि अंसारी दो फेसबुक पेज और एक इंस्टाग्राम अकाउंट को संभालती थी, जिनके सामूहिक रूप से 10000 यूजर थे। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक शमा इनके जरिए ,त्त्रुदृर और अन्य कट्टरपंथी प्रचारकों के विचारों को साझा करती थी। इनमें अलकायदा इंडियन सबकॉन्टिनेंट नेता मौलाना असीम उमर, मर चुके अलकायदा विचारक अनवर अल-अवलाकी और लाहौर के लाल मस्जिद के मौलाना अब्दुल अजीज के भाषणों के वीडियो शेयर किए जाते थे। इनमें गजवा-ए-हिंद, काफिरों पर हमले और भारत सरकार के खिलाफ नफरती संदेश होते थे। जांचकर्ताओं ने यह भी पाया कि अंसारी पाकिस्तान में कुछ लोगों के साथ फोन और ईमेल के जरिए संपर्क में थी। इसी महीने एटीएस की ओर से चलाए गए एक ऑपरेशन के बाद शमा की भूमिका सामने आई। 23 जुलाई को एटीएस ने दिल्ली, नोएडा, अहमदाबाद और गुजरात से चार लोगों को गिरफ्तार किया था, जिन पर जिहादी प्रोपेगेंडा वीडियो को साझा करने का आरोप है।

एटीएस ने कहा कि इन वीडियो में भारतीय मुस्लिम युवाओं को देश के लोकतंत्र को खारिज करके सशस्त्र विद्रोह करके शरिया कानून लागू करने के लिए उकसाया जाता था।

दिल्ली से फइक की गिरफ्तारी के बाद निशाने पर आई शमा

गिरफ्तार किए गए इन चार लोगों में दिल्ली निवासी मोहम्मद फइक भी था, जिसने जिहाद और भारत में आतंकी हमलों के लिए उकसाने वाले वीडियो शेयर किए थे। जांच में पता चला कि उसने दो फेसबुक और एक इंस्टाग्राम हैंडल से ये वीडियो लिए थे। जांचकर्ताओं के मुताबिक इन दोनों पेज को शमा परवीन अंसारी चला रही थी। इसके बाद गुजरात एटीएस ने केंद्रीय जांच एजेंसियों और कर्नाटक पुलिस के सहयोग से परवीन को बेंगलुरु से गिरफ्तार कर लिया। एटीएस अब शमा से पूछताछ करके यह पता लगाने की कोशिश करेगी कि वह किन-किन लोगों के संपर्क में थी और ऑनलाइन जिहाद का पूरा नेटवर्क किस तरह चल रहा था।

## नियम तोड़कर फैसला लिया, टीसीएस मुकदमेबाजी में फंसी, 12 हजार की छटनी पर केस दायर




**बेंगलुरु, एजेंसी।** शानदार सैलरी के साथ सुरक्षित रोजगार के लिए जानी जाने वाली कंपनी टीसीएस की ओर से छटनी के ऐलान ने दुनिया को हैरान किया है। आईटी सेक्टर की भारत ही नहीं दुनिया की इस दिग्गज ने 12 हजार कर्मचारियों को हटाने का ऐलान किया है। कंपनी का कहना है कि फ्यूचर रेडी होने, नई तरह की डिमांड के लिहाज से खुद को तैयार करने और नई तकनीक से सामंजस्य बिठाने के लिए कंपनी ने ऐसा फैसला लिया है। लेकिन इससे आईटी कर्मचारियों में नाराजगी है। यही नहीं कर्नाटक स्टेट आईटी एंप्लॉयीज यूनियन ने इस मामले में एक केस भी दायर कर दिया है।

आईटी यूनियन ने लेबर कमिश्नर के पास मामला दायर किया है। यूनियन का कहना है कि टीसीएस ने नियमों का उल्लंघन करते हुए छटनी का फैसला लिया है। इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट्स ऐक्ट, 1947 के तहत कंपनी पर नियमों का उल्लंघन करते हुए छटनी करने का आरोप लगाया गया है। टीसीएस का कहना है कि फाइनेंशियल ईयर 2026 में वह अपनी वर्कफोर्स में 2 फीसदी की कमी करेगी। इसका अर्थ हुआ कि 12 हजार लोगों की नौकरी चली जाएगी। इस फैसले के खिलाफ कर्नाटक आईटी यूनियन के प्रतिनिधियों ने अडिशनल लेबर कमिश्नर जी. मंजूनाथ से मुलाकात की और कर्मचारियों की संस्याओं से अवगत कराया है। उन्होंने शिकायत दी है।

इन कर्मचारियों ने इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट्स ऐक्ट का हवाला देते हुए कहा कि किसी कंपनी में यदि 100 से ज्यादा कर्मचारी होते हैं तो वहां छटनी के लिए सरकार से पहले अप्रूवल लेना जरूरी होता है। इसके लिए ऐक्ट में कुछ नियम तय किए गए हैं। यूनियन का कहना है कि टीसीएस मैनेजमेंट ने इन नियमों का उल्लंघन किया है। यूनियन की मांग है कि उन अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही शुरू की जाए, जिन्होंने यह फैसला लिया है। यूनियन ने कहा है कि लेबर डिपार्टमेंट को इस मामले में तत्काल न्याय करना चाहिए ताकि इस छटनी से प्रभावित लोगों से न्याय हो सके। इस बीच श्रम विभाग के सूत्रों का कहना है कि जल्दी ही टीसीएस के मैनेजमेंट के साथ मीटिंग की जाएगी। इसमें चर्चा की जाएगी कि आखिर इस तरह लेऑफ का फैसला क्यों लिया गया। अभी तारीख तय नहीं है, लेकिन कर्नाटक के श्रम मंत्री ने साफ किया है कि जल्दी ही मीटिंग होगी। वहीं यूनियन का कहना है कि यदि नियमों का उल्लंघन करके इस तरह से छटनी हो गई तो फिर भविष्य के लिए यह खतरनाक ट्रेंड स्थापित हो जाएगा।

## रूस ने ट्रंप के अल्टीमेटम को दिखाया ठेंगा: यूक्रेन में सीधे नागरिकों पर बरसीं मिसाइलें, 6 मरे व 52 घायल



**मास्को , एजेंसी।** रूस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अल्टीमेटम को ठेंगा दिखाते हुए यूक्रेन की राजधानी पर रात में मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया जिसमें छह साल के बच्चे सहित कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। यूक्रेनी अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कीव सिटी सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने कहा कि हमलों में कम से कम 52 अन्य लोग घायल हुए हैं तथा यह संख्या बढ़ने की आशंका है। तकाचेंको ने बताया कि इस हमले से नौ मंजिला आवासीय इमारत का एक बड़ा हिस्सा ढह गया।उन्होंने बताया कि बचाव दल मलबे में फंसे लोगों को बचाने के लिए घटनास्थल पर मौजूद हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया मंच टेलीग्राम पर लिखा, मिसाइल हमला। सीधे एक रिहायशी इमारत पर। लोग मलबे के नीचे हैं। सभी सेवाएं घटनास्थल पर हैं। घटनास्थल की तस्वीरों में आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त इमारत से धुंए का गुबार निकलता हुआ तथा जमीन पर मलबा बिखरा हुआ दिखाई दे रहा है। तकाचेंको ने बताया कि कीव में कम से कम 27 स्थानों पर हमला हुआ, जिसमें सबसे अधिक नुकसान सोलोमिंस्क्यी और स्वियातोशिनस्क्यी जिलों में हुआ।

## 16 साल से कम उम्र के बच्चे नहीं देख पाएंगे यूट्यूब, ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने लिया फैसला

**सिडनी , एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने घोषणा की है कि यूट्यूब उन इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म में शामिल होगा, जिन्हें दिसंबर से यह सुनिश्चित करना होगा कि यूजर्स की उम्र कम से कम 16 वर्ष हो।

यूट्यूब को पिछले साल नवंबर में एक अपवाद के रूप में सूचीबद्ध किया गया था, जब संसद ने दुनिया का पहला ऐसा कानून पारित किया था जो 16 साल से कम उम्र के बच्चों को फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, टिकटॉक और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंधित कर देंगे।

आयु प्रतिबंध 10 दिसंबर से प्रभावी होंगे और कम उम्र के यूजर्स को बाहर करने के लिए जिम्मेदार कदम उठाने में विफल रहने पर प्लेटफॉर्म पर पांच करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर तक का जुर्माना लगाया जाएगा। ये कदम अभी तक परिभाषित नहीं किए गए हैं।

प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि बच्चों पर ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों का नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है और इंटरनेट मीडिया को उनकी सामाजिक जिम्मेदारी की याद दिलाता हूं। वह चाहते हैं कि ऑस्ट्रेलियाई माता-पिता जानें कि हम उनके साथ हैं।

यूट्यूब का कहना है कि इसे 13 से 15 वर्ष के लगभग तीन-चौथाई ऑस्ट्रेलियाई उपयोग करते हैं और इसे इंटरनेट मीडिया के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि इसकी मुख्य गतिविधि वीडियो होस्ट करना है। यूट्यूब के एक प्रवक्ता ने कहा, यूट्यूब एक वीडियो शेयरिंग प्लेटफॉर्म है जिसमें मुफ्त, उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री की लाइब्रेरी है। यह इंटरनेट मीडिया नहीं है।

## विमान में टर्बुलेंस से यात्री घायल, अमेरिका में डेल्टा विमान की करानी पड़ी इमरजेंसी लैंडिंग

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में डेल्टा एयरलाइंस के एक यात्री विमान की गंभीर टर्बुलेंस के बाद इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। डेल्टा एयरलाइंस के अनुसार, साल्ट लेक सिटी से एम्स्टर्डम जा रही एक उड़ान बुधवार रात गंभीर टर्बुलेंस की चपेट में आ गई, जिससे यात्री घायल हो गए। इसके बाद विमान को मिनियापोलिस-सेंट पॉल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर मोड़कर उसकी इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।

एयरलाइन ने कहा कि मेडिकल स्टाफ ने उड़ान का निरीक्षण किया और 25 यात्रियों को जांच और उपचार के लिए स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया। उड़ान के दौरान होने वाली टर्बुलेंस से गंभीर चोटें आनीं दुर्लभ हैं, लेकिन वैज्ञानिकों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण जेट स्ट्रीम में परिवर्तन होने के कारण ऐसे मामले अधिक आम हो सकते हैं। मई 2024 में सिंगापुर एयरलाइंस की एक उड़ान में ऐसी ही एक गंभीर परेशानी आने से आने से एक व्यक्ति की मौत हो ग थी ई, जो कई दशकों में किसी प्रमुख एयरलाइन में टर्बुलेंस के कारण किसी यात्री की मौत का पहला मामला था।

## कनाडा का ऐतिहासिक फैसला: गाजा युद्ध के बीच फिलीस्तीन को मान्यता का ऐलान



**टोरंटो , एजेंसी।** गाजा में इजराइल के भीषण हमलों और हजारों फिलीस्तीनियों की मौत के बीच कनाडा ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने बुधवार को घोषणा की कि उनकी सरकार फिलीस्तीन को स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता देगी। कार्नी ने कहा कि यह मान्यता संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र में सितंबर 2025 में दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कनाडा हमेशा चाहता था कि इजराइल और फिलीस्तीन के बीच आपसी बातचीत से दो-राष्ट्र समाधान निकले, लेकिन अब यह तरीका संभव नहीं लग रहा है। कनाडा से पहले इसी महीने ब्रिटेन और फ्रांस ने भी फिलीस्तीन को मान्यता देने का ऐलान किया है। इन तीनों देशों का मानना है कि इससे गाजा में हिंसा और वेस्ट बैंक में अवैध बस्तियों को रोका जा सकेगा और शांति के प्रयासों को मजबूती मिलेगी।

प्रधानमंत्री कार्नी ने कहा कि यह मान्यता कुछ शर्तों पर आधारित होगी। इसमें फिलीस्तीनी प्रशासन और राष्ट्रपति महमूद अब्बास द्वारा जरूरी सुधार करना, 2026 में आम चुनाव कराना और हामास को भविष्य में किसी भी तरह की भूमिका से बाहर रखना शामिल है। उन्होंने साफ किया कि हामास को किसी भी सूरत में भविष्य में फिलीस्तीन की सरकार या चुनाव में शामिल नहीं होने दिया जाएगा। कई जानकार मानते हैं कि इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सवाल उठ सकते हैं, लेकिन कनाडा का कहना है कि आतंक और हिंसा को समर्थन नहीं दिया जा सकता। कार्नी ने कहा, दो-राष्ट्र समाधान को जिंदा रखना जरूरी है। हमें हर उस इंसान के साथ खड़ा होना होगा जो आतंक और हिंसा के बजाय शांति चाहता है। दूसरी तरफ अमेरिका ने कनाडा, ब्रिटेन और फ्रांस के इस फैसले का खुलकर विरोध किया है। अमेरिका, जो इजराइल का सबसे बड़ा सहयोगी है, का कहना है कि फिलीस्तीन को मान्यता देना दरअसल हामास को इनाम देना है । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के ऐलान पर भी तंज कसते हुए कहा, उनके कहने से कुछ नहीं बदलने वाला। उन्होंने ब्रिटेन के कदम पर भी कहा कि यह फैसला सही नहीं है और यह मुद्दा हाल ही में ब्रिटिश प्रधानमंत्री किअर स्टार्मर से हुई बैठक में भी नहीं उठा था।ट्रंप ने कहा, *अगर आप ऐसा करते हैं तो आप आंतकी हमास को इनाम दे रहे हैं। मैं इस सोच के खिलाफ हूं। गौरतलब है कि इजराइल ने अक्टूबर 2023 में हमास के हमले के जवाब में गाजा पर बड़ा सैन्य अभियान शुरू किया था। इसमें अब तक 60 हजार से ज्यादा फिलीस्तीनी मारे जा चुके हैं और पूरा गाजा पट्टी बर्बाद हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र और कई मानवाधिकार समूहों ने इजराइल पर नरसंहार के आरोप लगाए हैं।

कनाडा ने पिछले साल इजराइल को नए हथियार निर्यात पर रोक लगाने का ऐलान किया था। लेकिन हाल ही में सामने आई एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि कनाडा से अभी भी हथियार इजराइल भेजे जा रहे हैं। इसके बाद कनाडा सरकार पर झूठ बोलने के आरोप लगे हैं।कनाडा की मुस्लिम काउंसिल ने प्रधानमंत्री कार्नी के इस फैसले का स्वागत किया है, लेकिन उन्होंने कहा कि सिर्फ फिलीस्तीन को मान्यता देना काफी नहीं है। उन्होंने मांग की कि इजराइल पर और सख्त प्रतिबंध लगाए जाएं और सभी हथियार सौदों को तुरंत रद्द किया जाए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129